

नवरात्रि का 9वां दिन
मां सिद्धिदात्री

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 67 मूल्य 3.00 ₹

## मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को दी दशहरा की शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने प्रदेश के सुख और समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के जीवन का प्रत्येक क्षण हमें एक आदर्श जीवन जीने की सीख देता है। श्री बघेल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। दशहरा पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने की हिम्मत और साहस देता है, हमें विश्वास दिलाता है कि सत्य के मार्ग में कितनी भी परेशानियां और कठिनाईयां क्यों न हो, विजय सदा सत्य की होती है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आज पूरे विश्व के समक्ष कोरोना संकट की चुनौती है, इस संकट पर विजय पाने के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में कोरोना से बचाव की गाइड लाइन का स्वयं पालन करने और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की जरूरत है। मास्क लगाने, फिजिकल डिस्टेंटिंग और साबुन या सेनेटाइजर से बार-बार हाथ धोने जैसे उपायों से ही कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रहा जा सकता है और इस महामारी पर विजय प्राप्त की जा सकेगी।

# पंजाब, राजस्थान में दुष्कर्म पीड़िता के साथ नहीं होने दूंगा अन्याय : राहुल

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में जिस तरह से दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्याय हुआ है और घटना को नकारा गया है,पंजाब और राजस्थान मे वह स्थिति नहीं आने दी जाएगी। श्री गांधी ने शनिवार को ट्वीट किया, ÷पंजाब और राजस्थान सरकार उत्तर प्रदेश की तरह बलात्कार की घटना को नकार नहीं रही है और ना ही पीड़ित परिवार को धमकाया जा रहा है और ना ही न्याय के दरवाजों को बंद किया जा रहा है। यदि ऐसा होता है तो मैं वहां जाऊंगा और पीड़िता के लिए न्याय की लड़ाई लड़ूंगा।÷



इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता एवं महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी पंजाब के होशियारपुर में दुष्कर्म की घटना को लेकर राजनीति कर रही है और केंद्र में उसकी सरकार के तीन तीन वरिष्ठ मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस में घटना की निंदा कर चुनावी लाभ अर्जित करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा किवित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को प्रेस कांफ्रेंस में आज देश की आर्थिक स्थिति को लेकर बात करनी चाहिए थी लेकिन उन्होंने पंजाब के होशियारपुर में दुष्कर्म की घटना का मामला उठाया और इस घटना को राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया। इसी तरह से केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर तथा डॉ़ हर्षवर्धन ने भी प्रेस कांफ्रेंस में देश की स्थिति पर सरकार का नजरिया रखने की बजाय इस घटना का जिक्र किया ➤शेष पेज 8 पर

## होशियारपुर दुष्कर्म की घटना पर कांग्रेस की चुप्पी दुखद : सीतारमण



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने पंजाब के होशियारपुर में छह साल की एक बच्ची से दुष्कर्म की घटना की निंदा करते हुए कहा है कि इस घटना को लेकर कांग्रेस पार्टी की चुप्पी दुखद है। भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'होशियारपुर में बिहार के प्रवासी खेतिहर मजदूर की छह साल की बेटी के साथ दुष्कर्म करके उसे मार डाला गया और लाश को जलाने की कोशिश की गई। इस शर्मनाक घटना पर कांग्रेस की चुप्पी दुखद है।दुष्कर्म जैसी घटनाओं को राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा हम सबकी प्राथमिकता है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि 'मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहती हूं कि जहां कांग्रेस की सरकार नहीं होती है।

## चीन की सेना का भ्रम तोड़ा आईटीबीपी ने : किशन रेड्डी

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने प्रतिकूल परिस्थितियों में सीमाओं की रक्षा में मुस्तैदी से डटी भारत तिब्बत सीमा पुलिस की सराहना करते हुए आज चीन का नाम लिये बिना कहा कि बल के जवानों ने दुनिया की सबसे ताकतवर सेनाओं में से एक होने का दम भरने वाली सेना का भ्रम तोड़ दिया है।

श्री रेड्डी ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 58 वर्ष पूरे होने पर बल के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बल के हिमवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। हाल के महीनों में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बल के जवानों के साहसिक कारनामों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा , दुनिया की कुछ सेनाओं को अपनी ताकत पर भम्र था कि वे सबसे ताकतवर सेनाएं है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में आईटीबीपी ने उनका भ्रम तोड़ दिया। उनके शौर्य और साहस पर देश को गर्व है।

## जीएसटी रिटर्न भरने की अंतिम तिथि बढ़ी

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने वित्त वर्ष 2018-19 के लिए जीएसटीआर-9, जीएसटीआर-9ए और जीएसटीआर- 9सी के तहत जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि दो महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर 2020 कर दी है। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने शनिवार को इस बाबत ट्वीट करके जानकारी दी । बोर्ड ने कहा कि पहले ये रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर थी लेकिन कोरोना के कारण उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर अब इस तिथि को बढ़ाकर 31 दिसंबर 2020 किया जा रहा है। बोर्ड ने बताया कि सरकार के पास वित्त वर्ष 2018-19 के लिए जीएसटी रिटर्न भरने की तारीख को बढ़ाने के संबंध में कई सिफारिशें आ रहीं थीं। कोरोना संक्रमण के कारण लगाये गये लॉकडाउन और अन्य प्रतिबंधों के कारण व्यापार का सामान्य संचालन शुरू नहीं हुआ है।




**रायपुर।** महामाया मंदिर में अष्टमी हवन के बाद दर्शन के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़। शारदीय नवरात्रि के चलते राजधानी में कई जगहों पर कन्याभोज का आयोजन किया गया।

## राजद का घोषणा पत्र जारी, 10 लाख नौकरी और नई औद्योगिक नीति का वादा

वार्ता पटना
www.dailypioneer.com

बिहार की मुख्य विपक्षी राष्टीय जनता दल (राजद) नेता एवं महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के दावेदार तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज कहा कि उनकी सरकार बनने पर दस लाख सरकारी नौकरी के साथ ही रोजगार सृजन के लिए नई औद्योगिक नीति बनाई जाएगी। विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता श्री यादव ने महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए रवाना होने से पूर्व यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्टीय प्रवक्ता मनोज झा के साथ ही अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का 'प्रथम प्रतिज्ञा प्रथम प्यार, सुखी समृद्ध सर्वोत्तम बिहार' के नाम का घोषणा पत्र जारी किया। उन्होंने कहा कि यह पार्टी का घोषणा पत्र नहीं बल्कि राजद का संकल्प है। श्री यादव ने कहा कि बिहार को खुशहाल और समृद्ध बनाएंगे। प्रदेश का हर गांव स्मार्ट बनेगा। उन्होंने कहा कि संविदा व्यवस्था को समाप्त कर सभी कर्मचारियों को स्थाई किया जाएगा तथा समान काम के बदले समान वेतन दिया जाएगा।



# लॉकडाउन में पुलिस ने सट्टा-जुआ के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर करोड़ों रुपए जब्त किए

## रिकार्ड रकम की जब्ती से पुलिस भी हैरान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना संकटकाल में छाई मंदी ने जहां हर एक शख्स को मायूस किया, वहीं फड़बाजों के धंधे से सरकारी तिजोरी जरूर भरने लगी है। सटोरियों और जुआरियों के पकड़े जाने से रिकार्ड रकम की जब्ती से पुलिस भी हैरान है। रायपुर में पिछले कुछ महीने के अंदर पकड़े गए जुआरियों और सटोरियों का हिसाब ही कुछ ऐसा है, जिसमें पुलिस ने 1 करोड़ रुपये से ज्यादा की जब्ती बनाई है।

जिले में 748 जुआरी पकड़े गए हैं, जिनके पास से ही 80 लाख रुपये से ज्यादा की बरामदगी बताई गई है। इधर 101 सटोरियों के पकड़े जाने पर इनके पास से भी 20 लाख रुपये से ज्यादा की रकम मिली है। फड़बाजों के अड्डे में तलाशी के दौरान बड़ी-बड़ी रकम की बरामदगी बहुत चौंकाने वाली रही है। कोरोना की वजह से बाजार में मंदी देखे जाने के बाद फड़बाजों के पास मोटी रकम मिली है। पुलिस की जब्ती कार्रवाई के बाद रकम कोर्ट की ट्रेजरी में जमा कराई गई है। छह से आठ महीने के भीतर जुआ-सट्टा कारोबार में सख्ती की वजह से बरामदगी का नया रिकार्ड रायपुर जिले में दर्ज किया गया है। सरकारी तिजोरी इस बार दिवाली के पहले ही भरने को तैयार है, जिसे जुआरियों का सीजन भी कहा जाता है। बड़े जुआरियों के पास पकड़ी गए रकम वापसी के लिए जुआ एक्ट में प्रावधान जरूर है, लेकिन जुआरी रकम लेने में पीछे ही हैं। ताश के दीवाने सबसे ज्यादा सट्टा-जुआ एक्ट के तहत चलाए गए अभियान में सबसे ज्यादा 52 परी के दीवाने पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। शहर और ग्रामीण क्षेत्र के थानों में फड़बाजों की धरपकड़ हुई है। आठ महीने के अंदर आउटर से ज्यादा शहरी इलाके में अड्डा बनाकर जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। माना, आरंग, धरसींवा, बीरगांव और उरकुरा जैसे इलाके जुआरियों का सेफजोन माना जाता रहा है, लेकिन इस बार शहर के अंदर बड़े होटलों, बड़े कांप्लेक्सों में पुलिस ने दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा है। बड़े फड़बाज हुए गायब दिवाली के सीजन में पुलिस ने तगड़ी कार्रवाई के लिए फड़बाजों का चिट्ठा तैयार किया है। इसमें कई बड़े नाम शामिल हैं, जिनके ठिकानों पर बड़ी फड़ के बैठने की सूचनाएं मिली हैं। लॉकडाउन खुलने के बाद कहा यह भी जा रहा है कि बड़े सटोरिए और जुआरी इस बार दिवाली में कमाई के लिए शहर के बाहर ठिकाना बनाने में लगे हैं।

> फड़बाजों की जासूसी के लिए पुलिस ने मुखबिर सि य किए हैं। जुआ पर सख्त अभियान त्योहारी सीजन में फड़ जमाने वाले जुआरियों पर सख्त कार्रवाई होगी। लॉकडाउन होने के बाद से चल रही कार्रवाई में और तेजी लाई जाएगी। दीपावली के मौके पर पुराने जुआरियों के ठिकानों पर भी नजरें हैं।
> **- तारकेश्वर पटेल,** एएसपी ग्रामीण छत्तीसगढ़

## महिला संबंधी अपराधों में जांच में अब नया सिस्टम काम करेगा



प्रदेश में महिला संबंधी अपराधों में जांच के दौरान लापरवाही की चौकसी के लिए पुलिस मुख्यालय में अब नया सिस्टम काम करेगा। हाईटेक तरीके से गूगल स्प्रेडशीट के जरिए अफसरों की लापरवाही नापी जाएगी। डीजीपी गूगल स्प्रेडशीट के जरिए खुद मामलों की समीक्षा करेंगे। जहां भी अफसरों की चूक पकड़ी गई, वहां तुरंत कार्रवाई होगी। शु वार को डीजीपी डीएम अवस्थी ने नई व्यवस्था बनाने के साथ हाईटेक तरीके से अपराधों का ब्योरा अपलोड करने निर्देश दिए हैं। डीजीपी अवस्थी ने बताया कि महिला विरुद्ध अपराधों की निगरानी एवं समीक्षा गूगल स्प्रेडशीट के माध्यम से की जायेगी। इसके लिए प्रत्येक जिले को गूगल स्प्रेडशीट की एक लिंक भेजी जायेगी। लिंक को खोलते ही निर्धारित फार्मेट में प्रतिदिन की महिला विरुद्ध अपराध एवं कार्यवाही की जानकारी भरनी होगी। मॉनिटरिंग के लिए पुलिस मुख्यालय में विशेष महिला सेल का गठन किया गया है। महिला विरुद्ध अपराधों की मॉनिटरिंग के लिए भावना गुप्ता, एआईजी स्टेट नोडल अधिकारी होंगी। डीजीपी अवस्थी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी आईजी और एसपी को यह निर्देश जारी किया है। पीड़ित महिला को त्वरित न्याय मिले डीजीपी अवस्थी ने बताया, गूगल स्प्रेडशीट के माध्यम से महिला विरुद्ध अपराधों पर निगरानी रखने का मूल उद्देश्य पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाना है।

## मादक पदार्थ गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

### घेराबंदी कर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कार में मादक पदार्थ गांजा भरकर ले जाते तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 31 किलों 380 ग्राम गांजा जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मानाकैम्प पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर उड़िसा से महासमुंद होते हुये मंदिर हसौद से नया रायपुर की ओर जा जाने की सूचना पर पुलिस ने एयरपोर्ट चौक के पास नाकाबंदी कर आने -जाने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान बताये गए होण्डासिटी कार क्रमांक 19 सी 9121 के पहुंचने पर घेराबंदी कर कार रोककर चेक करने पर मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसके बाद कार में सवार तीन लोगों से पुछताछ करने पर पता चला कि आरोपी मादक पदार्थ गांजा को बेचने के लिये लेकर जा रहे थे। पकड़े गए आरोपियों से नाम पता पुछने पर अपना नाम भोजराज देवांगन पिता रवि देवांगन उम्र 22 साल सा0 ग्राम भालूमुण्डा थाना बांगो मुण्डा जिला बलांगीर उडिसा व बेदव्यास मेहर पिता रोहित मेहर उम्र 34 साल सा0 अवधपुरी कालोनी भाटांगांव ललिता किराना स्टोर के पास थाना पुरानी बस्ती रायपुर एवं रामसागर पिता जोसेफ सागर उम्र 22 साल सा0 धरमपुरा हाउसिंग बोर्ड कालोनी थाना माना कैम्प बताया। कार की तलाशी के दौरान मादक पदार्थ गांजा को जब्त कर तौल कराने पर 31 किलों 380 ग्राम गांजा कीमत 3 लाख 10 हजार रुपयें आंकी गई है। आरोपी के पास से कार जब्त कर उनके खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट की धारा 20 बी के तहत कानूनी कार्रवाही किया गया है।

## त्यौहार में विभिन्न गाड़ियों में दी जा रही अतिरिक्त कोच की सुविधा

**रायपुर।** त्यौहार में यात्रियों को सुविधा देने विभिन्न गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा दी जा रही है। इस कड़ी में 02893 बिलासपुर-पटना पूजा स्पेशल में 01 स्लीपर कोच 23 अक्टूबर से 27 नवंबर 2020 तक, 05160 दुर्ग-छपरा स्पेशल एक्सप्रेस में 01स्लीपर कोच 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक तथा 02853 दुर्ग-भोपाल स्पेशल एक्सप्रेस में 23 अक्टूबर को 01 स्लीपर कोच की सुविधा दी जा रही है।

## चैंबर चुनाव के ऐलान के साथ चुनाव लड़ने वाले पैनलों की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव 14 जनवरी से पहले होने हैं। इसके ऐलान के साथ ही अब चुनाव लड़ने वाले पैनलों की तैयारी प्रारंभ हो गई है। सबसे पुराने व्यापारी एकता पैनल में प्रत्याशी तय करने की अपनी अलग परंपरा है। इसमें राजनीतिक दल की तरह आवेदन मंगाने के बाद प्रत्याशी तय किए जाते हैं। आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। चैंबर के चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के एक-एक पद के साथ उपाध्यक्ष और मंत्री के 8-8 पद मिलाकर कुल 19 पद होते हैं। इसी के साथ हर जिले में एक-एक उपाध्यक्ष और मंत्री का पद है। जिलों में कुल 56 पद हैं, 75 पदों पर चुनाव होने हैं। ऐसे में इतने पदों के लिए पैनल प्रत्याशी तय करेंगे।

## प्रयास के मार्गदर्शन और शासन के सहयोग ने किया किसान की बेटी का डॉक्टर बनने का मार्ग प्रशस्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के सहयोग एवं प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों से भी अब विद्यार्थी अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। सरगुजा जिले के एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली कुमारी प्रिया पैकरा ने जो प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर के शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा जिला प्रशासन के सहयोग से नीट 2020 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर डॉक्टर बनने का मार्ग प्रशस्त की है। प्रिया पैकरा ने प्रयास आवासीय विद्यालय से नीट की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग में पहला तथा सभी वर्गों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रिया पैकरा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्रयास विद्यालय के शिक्षको के मार्गदर्शन तथा जिला प्रशासन के सहयोग को दिया हैं।

अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम सकालो निवासी प्रिया पैकरा शुरू से ही मेधावी रही है। प्रिया पैकरा ने बताया कि पिता राकेश पैकरा कृषक है तथा कृषि एवं मजदूरी से परिवार का भरण पोषण करते है और माता प्रमिला गृहणी है। तीन बहनों में प्रिया सबसे बड़ी है। उससे छोटी कक्षा 11वीं मल्टी पर्पज अम्बिकापुर तथा सबसे छोटी बहन कक्षा 9वीं में अध्ययनरत है। प्रिया पैकरा ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर में अध्ययन कर इस वर्ष कक्षा 12वीं की परीक्षा 89.9 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण की वही मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में 316 अंक के साथ क्वालीफाइ किया। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते विद्यालय बंद हो जाने से कोचिंग में असुविधा हुई, किंतु प्रयास के शिक्षको के द्वारा लगातार ऑनलाईन माध्यम से मार्गदर्शन देते रहे तथा समस्याओं का समाधान भी किए।

कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने प्रिया पैकरा के मेधावी होने और डॉक्टर बनने की प्रबल इच्छा को दृष्टिगत रखते हुए नीट की तैयारी में मदद हो सके इसके लिए आदिवासी विभाग के अधिकारियों को लैपटॉप देने के निर्देश दिए थे। कुछ दिनों बाद प्रभारी मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया का अम्बिकापुर आगमन होने पर उनके हाथों से प्रिया को लैपटॉप प्रदान किया गया था।

आज की कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौर में मेडिकल और इंजीनियरिंग के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए महंगे कोचिंग का सहारा आवश्यक हो गया है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के कम आय वाले परिवार के विद्यार्थियों का इन परीक्षाओं में चयन मुश्किल है। लेकिन राज्य शासन द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के निःशुल्क भोजन, अध्ययन और कोचिंग की सुविधा से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के सपने पूरे हो रहे हैं।

## सरकारी कर्मियों को एमपीएच का पाठ पढ़ाएगा एम्स

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पब्लिक हेल्थ की महत्वता आज काफी बढ़ गई है। स्वास्थ्यगत समस्याओं और स्वास्थ्य समधान के मद्देनजर राज्य सरकार ने स्वास्थ्य कर्मियों (संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं और संचालनालय चिकित्सा शिक्षा में कार्यरत हैं) के लिए मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) पाठ्यक्रम शुरू करने की स्वीकृति दी है। संचालनालय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ( एम्स), रायपुर को चिकित्सा संचालनालय और संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत कर्मियों हेतु उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रस्ताव दिया था, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही रायपुर एम्स 2 वर्षीय उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करेगा। प्रदेश के चिकित्सकों को सेवाकाल के दौरान ही उक्त पाठ्यक्रम में 2 साल अध्ययन की स्वीकृति मिलना, नींव का पत्थर साबित होगा। अभी तक यह पाठ्यक्रम ओपन रूप से ही संचालित हो रहा था। परंतु यह पहला अवसर होगा जब स्वासथ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में कार्य कर रहे चिकित्सक भी पब्लिक हेल्थ में मास्टर डिग्री हासिल कर विस्तृत सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। पब्लिक हेल्थ कैडर बनने से स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन, पॉलिसी एवं योजना के साथ ही सरकार को भी काफी मदद मिलेगी। वैसे भी पब्लिक हेल्थ पाठ्यक्रम की महत्वता को कोरोनावायरस संक्रमण काल ने भली-भांति समझा दिया है। यह पाठ्यक्रम राज्य के लिए फायदेमंद होगा ढ्व स्वास्थ्यगत समस्याओं, महामारी से लड़ने, गैर संचारी रोगों के कार्यक्रमों के संचालन और पब्लिक हेल्थ मैनेजमेंट प्लानिनंग एवं पॉलिसी में भी मदद मिलेगी।

## सीबीएसई ने स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए मेंटल हेल्थ मैनुअल जारी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सीबीएसई ने स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए मेंटल हेल्थ मैनुअल जारी किया है। इसके तहत छात्रों को मानसिक स्तर पर मजबूत किया जाएगा। इसमें पहली कक्षा से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे। इसमें मेंटल हेल्थ से जु? दस चैप्टर बनाए गए हैं। इसमें छात्रों की अलग-अलग तरीके से मानसिक स्तर पर काउंसलिंग की जाएगी। इसमें छात्रों को स्कूल स्तर पर मेंटल हेल्थ की जानकारी दी जाएगी। स्कूल में इसके लिए स्पेशल एजुकेटर रखे जाएगे। इसमें छात्रों को कोविड-19 संक्रमण से बचने के लिए मानसिक स्तर सपोर्ट किया जाएगा। छात्रों को बायोलॉजिकल, साइकोलॉजिकल काउंसिलिंग करवाई जाएगी। बोर्ड ने सभी स्कूलों को मेंटल हेल्थ मैनुअल भेज दिए हैं। लॉकडाउन में छात्रों को हुई मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। छात्र किसी भी बीमारी, आपदा अथवा बीमारी का सामना मानसिक रूप से करने के लिए तैयार हो सकें, इस पर फोकस किया जाएगा।

## राज्यपाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मेघावाले की जयंती पर उन्हें नमन किया



**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित नारायण राव मेघावाले की जयंती पर उन्हें नमन किया है। राज्यपाल ने कहा है कि पंडित मेघावाले ने स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया और राष्ट्रीय जनजागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने जंगल सत्याग्रह में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। वे सामाजिक और राष्ट्रीय एकता हेतु किए गए कार्यों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे।

## कोरोना काल में किसानों ने सामूहिक बाड़ियों से 6 महीने में कमाए 13 लाख

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य के कोरिया जिले में कोरोना के दौरान सामूहिक बाड़ियों के कृषकों ने शकरकंद कटिंग व लेमन ग्रास स्लिप्स विक्रय कर मात्र 6 महीने में 13 लाख से भी अधिक रूपए का आर्थिक लाभ प्राप्त किया है।

नरवा, गरुवा, घुरवा अउ बाड़ी योजना और मनरेगा के अंतर्गत प?त भूमि विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक बाड़ियों के कृषकों ने स्व-उद्यमिता को अपनाकर शंकरकंद और लेमन ग्रास की खेती शुरू की। जिसका बेहतर प्रतिसाद किसानों को मिलने लगा है। उद्यानिकी विभाग को इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं कृषकों की सामूहिक बाड़ियों से कुल 6 लाख 65 हजार शकरकंद कटिंग की आपूर्ति की गयी है, जिसके एवज में सामूहिक बाड़ी के कृषकों को कुल राशि रूपए 11 लाख 63 हजार 750 रूपए का चेक संसदीय सचिव श्रीमती अम्बिका सिंहदेव की विशेष मौजूदगी में बीते दिनों प्रदान किया गया।

इसी तरह लेमन ग्रास से अभी तक लगभग 50 लीटर सुगन्धित तेल निकला जा चुका है तथा लाई व दुधानिया के सामूहिक बाड़ी के कृषकों को 2,12,600 लेमन ग्रास स्लिप्स उद्यानिकी विभाग को आपूर्ति करने हेतु कुल राशि रूपए एक लाख 59 हजार 450 प्रदाय की गयी है, साथ ही 43 हजार शकरकंद कटिंग्स अंबिकापुर उद्यानिकी विभाग को दुधानिया व उमझर की सामूहिक बाड़ी से प्रदाय की गयी है, जिसकी राशि रूपए 75 हजार 250 सामूहिक बाड़ी के कृषकों को प्रदाय की जायेगी।

### 10 मंजिला रेसिडेंसियल प्रोजेक्ट की प्लानिंग में आप संस्कृति व प्रकृति का अनुभव करेंगे

## अविनाश चितवन सेंट्रल इंडिया का एक ऐतिहासिक प्रोजेक्ट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





अविनाश चितवन एक ऐसा लैंडमार्क प्रोजेक्ट है जो कि पूरे सेंट्रल इंडिया के लिए यहाँ एक ऐतिहासिक प्रोजेक्ट और अविनाश ग्रुप के लिए यहाँ एक फ्लैग शिप प्रोजेक्ट साबित होगा। अविनाश चितवन प्रकृति की बीच बसी टाउनशिप है।

जिसमें वास्तु कम्प्लयेन्टरेसिडेशियल प्लॉट्स, विला व विलाअपार्टमेंट-ग्राउंड फ्लोर के साथ 10 मंजिला रेसिडेंसियल प्राजेक्ट है जिसकी प्लानिंग ऐसी की गई जिससे आप एक संस्कृति व प्रकृति का अनुभव करेंगे। अविनाश चितवन में 3 व 4 बी एच के अपार्टमेन्ट्स व पेटंहाउस एवं 4 बीएचके विला की श्रंखला होगी। जिसमें आप शहर के मध्य रहते हुये भी संस्कृति व प्रकृति की गोद में रहने का अनुभव व अपना बचपना महसूस कर सकेंगे।

आज की बिजि लाइफ में हम और हमारे बच्चे कंप्यूटर व् टेक्नोलॉजी में इतना बिजी हो गए एवं प्रकृति, संस्कृति एवं उत्सव के उल्लास से दूर होते जा रहे है हमने एक उत्सव बाग पेशकश कि है जहा सारी कम्युनिटी साथ मिलकर त्यौहार का उत्सव पुराने समय की तरह साथ में मिलकर मना सके इस प्रोजेक्ट मे एक ऐसा मंदिर स्थल में बनाया गया है जो वास्तु अनुरुन स्थित है जहा हम अपनी सस्कृति संस्कारो एवं पुजा अर्चन को विधी विधान पुर्वक करने की ओर प्ररित हो इस प्रोजेक्ट में हमने एक ऐसै रिफ्लेक्सोलोजी पार्क की परीकल्पना की है जिसके द्वारा एक्यूप्रेसर की गुणवत्ता एवं प्रकृति से वापस जुड़कर अपनी मिटटी का एहसास करा सके।

अविनाष चितवन में हम ने हर वो सुविधा देने कि कोषिषजहा हमें प्रकृति एवं बचपन से जुड़े रहने की ओर अग्रसित करे। इस प्रोजेक्ट की खासियत अनेक थीम गार्डनजैसे की अमृत विहार (आर्गेनिक गार्डन), गार्डन ऑफ माइंडफुलनेस, मधुबन (फ्रगनेस गार्डन), नंदनवन (द पिकनिक गार्डन), आनंद मार्ग, शिशु विहार, तरंग तराना आदि। इस प्रोजेक्ट में एक एक्सक्लुजिव क्लब-क्लब उत्सव हाउस जो एक प्रकृिती का सौन्दर्य बनेगा, 2 शानदार स्विमिंग पूल, स्प्लैसपुल, आधुनिकजिम, जाकुजी, बिस्टौऊ कैफेटेरिया, योगाहाल, मेडिटेशन रुम, बैंकवेटहाल, इंडोर गेम्स, गेस्ट रूम, खेलमैदान, रेस्टोरेंट, भव्य मंदिर, फेस्टीवलग्राउंड, गार्डनस, किड्सप्ले एरिया, भव्य प्रवेश द्वार, 24 घंटे सिक्योरिटी, गेस्ट रुम जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

`अपने 24 वर्षों में अनेक प्रीमियम रेसिडेंसिअल एवं अफ र्डेबल प्रोजेक्ट्स, रेसिडेंसियल एवं कमर्शियल प्लोटिंग प्रोजेक्टस से लेकर शॉपिंग मॉल व मल्टीप्लेक्स एवं क्लब के निर्माण के द्वारा छत्तीसगढ़ में अपनी पहचान बनाई है। अविनाशग्रुप के द्वारा छत्तीसगढ़ में बेमिसाल 52 परियोजना की पेशकश की गयी है जिनमें 38 आवासीय , 10 कमर्शियल , 4 शॉपिंग मॉल व मल्टीप्लेक्स एवं क्लब की उत्कृष्ट एवं बेमिसाल अभिन्यास निर्माण शैली से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर तक में छत्तीसगढ़ में अपनी अलग ही पहचान बनाई है ।

## व्यापारी 250 एवं कमीशन अभिकर्ता 20 क्विंटल रख सकेंगे प्याज का स्टाक

**रायपुर।** राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ में प्याज की भण्डारण सीमा तय किया है। इस संबंध में खाद्य विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य के व्यापारी 250 क्विंटल सीमा तक एवं कमीशन अभिकर्ता 20 क्विंटल प्याज का स्टाक रख सकेंगे। राज्य में स्टाक लिमिट की सीमा 31 दिसम्बर 2020 तक प्रभावशील रहेगी। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय प्रदेश में प्याज की बढ़ती कीमत को देखते हुए आमजनों को उचित मूल्य पर प्याज उपलब्ध कराने के लिए लिया गया है। शासन द्वारा इसके पूर्व प्याज की उपलब्धता एवं बाजार भाव के निगरानी करने के संबंध में कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। विभिन्न जिलों में प्याज की उपलब्धता एवं बाजार भाव की निगरानी की जा रही है। साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठानों में खाद्य विभाग द्वारा जांच की जा रही है।राजनीतिक दल की तर्ज पर आवेदनों से तय होंगे व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशी छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के चुनाव 14 जनवरी से पहले होने हैं। इसके ऐलान के साथ ही अब चुनाव लड़ने वाले पैनलों की तैयारी प्रारंभ हो गई है। सबसे पुराने व्यापारी एकता पैनल में प्रत्याशी तय करने की अपनी अलग परंपरा है। इसमें राजनीतिक दल की तरह आवेदन मंगाने के बाद प्रत्याशी तय किए जाते हैं। आवेदन लेने की प्रि या प्रारंभ हो गई है।

# कबोंगा एनीकट का पुर्ननिर्माण अधिकारियों व ठेकेदार के खर्च पर करवाने की मांग

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोण्डागांव सीपीआई ने मांग टुटे कबोंगा एनीकट का पुर्ननिर्माण जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार के खर्च पर बनवाने की, बनाते ही टुट गए कबोंगा एनीकट का पुर्ननिर्माण जल संसाधन विभाग कोण्डागांव के जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार के खर्च पर बनवाने की मांग को लेकर सीपीआई कोण्डागांव द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है। सीपीआई कोण्डागांव के जिला सचिव तिलक पाण्डे के नेतृत्व में महामहीम राज्यपाल व मुख्य मंत्री छ.ग.षासन के नाम प्रेषित ज्ञापन, कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जल संसाधन विभाग कोण्डागांव द्वारा कोण्डागांव जिले के फरसगांव तहसील के ग्राम पंचायत कबोंगा व ग्राम हाथीपखना के मध्य बहने वाली भंवरडीग नदी पर एक एनीकट का निर्माण वर्ष 2013-15 के बीच ठेकेदार के माध्यम से निर्मित किया गया था। उक्त एनीकट के निर्माण से ग्राम कबोंगा, कोसागांव, कोसापारा, हाथीपखना, ब?गांव तथा पोयापरा के किसानों को सिंचाई तथा आने जाने की सुविधा सुनिष्चित किया गया था। उक्त एनीकट निर्मित होने के तुरन्त बाद वर्ष 2015 में टुट गया है। ग्रामवासियों की सूचना पर प्रेस प्रतिनिधियों द्वारा एनीकट टुटने की खबर को सुर्खियों में समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जाने के परिणाम स्वरुप जल संसाधान विभाग ने जिम्मेदार अधिकारियों को निलम्बित एवं ठेकेदार को ब्लेक लिस्ट करने की कार्यवाही की गई थी। लेकिन शासन-प्रशासन के उक्त कार्यवाही से किसानों को कोई लाभ नहीं होने के कारण उक्त गावों के किसानों ने जल संसाधन विभाग के तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदार के खर्च पर टुट गये एनीकट का पुर्ननिर्माण कराये जाने हेतु दिनांक 09 मई 2017 व 26 अगस्त 2019 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के माध्यम से कलेक्टर कोण्डागांव को आवेदन दिया था।

ग्रामीणों के उक्त आवेदन पर जिला प्रशासन द्वारा आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उक्त गांव के किसानों द्वारा की जा रही जायज मांग को शासन-प्रशासन द्वारा सुनकर भी अनसुना किये जाने पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को उक्त मांग को लेकर उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। टूट गये एनीकट का पुर्ननिर्माण जल संसाधन विभाग के तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदार के खर्च पर ही जल्द से जल्द कराए जाने की मांग इसलिए की जा रही है क्योंकि शासन द्वारा सार्वजनिक धन से एनीकट का निर्माण कराया जा चुका है, यदि उक्त धन राषि का सदुपयोग कर गुणवत्तापूर्ण एनीकट बनाया गया होता तो एनीकट बनते ही नहीं टूटता और एनीकट निर्माण के बाद से किसानों को उसका लाभ मिलने से क्षेत्र के अनेक आदिवासी किसान आर्थिक रुप से समृद्ध हो चुके होते। एनीकट का निर्माण तत्काल कराया जाए, अन्यथा किसानों को उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी षासन-प्रषासन की होगी। सीपीआई जिला सचिव तिलक पाण्डे के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने के दौरान दिनेष मरकाम, बिरज नाग, नंदलाल आदि सहित अन्य कम्युनिष्ट एवं किसान मौजूद रहे।

# मां दंतेश्वरी की अगुवाई पुलिस बैंड टीम में पहली बार महिला शक्ति कर रहीं प्रदर्शन



दीप्ति बाजपेई < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर दशहरे में रथ परिक्रमा और अन्य रस्म रिवाज पूर्ण करने के दौरान पुलिस के बैंड टीम द्वारा अगुवाई किया जाता है। पुलिस की यह बैंड टीम इस बार शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है, जिसके पीछे वजह है कि पहली बार इसमें महिलाओं को शामिल किया गया है। दशहरे के सभी रस्म में ये महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर वाद्ययंत्र से माता की आरती व अन्य धुन निकालती हैं तो सुनने वाले मन्त्रमुग्ध हो जाते हैं। पुलिस की महिला जवानों को ईश्वर दास द्वारा बीते पांच माह से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनका कहना है कि पुलिस बैंड टीम में उनके पुराने सभी साथी सेवानिर्वित हो चुके हैं, जिससे अब टीम में नए सदस्यों को शामिल करने की आवश्यकता थी। ऐसे में जिनकी रुचि वाद्ययंत्र में थी उन्हें आगे आने को कहा गया तो 12 महिला जवानों ने भी अपनी रुचि दिखाई।

इन सभी को सभी राष्ट्रीय धुन , शहीद परेड व अन्य शासकीय आयोजन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। पुलिस बैंड टीम में अपनी सेवा दे रही महिला आरक्षक राधिका नेताम ने चर्चा में बताया कि उनके लिए यह सौभाग्य का विषय है कि वे माँ दंतेश्वरी की अगुवाई टीम में हैं और उनकी सेवा कर रही हैं।

### भविष्य में महिलाओं की अलग बैंड टीम बनाई जाएगी : दीपक झा

पुलिस बैंड में महिलाओं को भी अवसर दिए जाने पर बस्तर एसपी दीपक झा ने बताया कि यह पहला प्रयास है। आगे चलकर महिलाओं का एक अलग बैंड ग्रुप बनाया जाएगा। पुलिस के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि बस्तर के आराध्य देवी की सेवा का अवसर मिल रहा है। महिला आरक्षकों द्वारा बैंड टीम में किये जा रहे प्रदर्शन की काफी सराहना भी मिल रही है। इसे और बेहतर करने व इनके लिए अन्य आधुनिक वाद्ययंत्र की व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है।

# नगरनार पुलिस की एक और बड़ी सफलता, लाखों का गांजा किया जब्त, दो गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



नगरनार पुलिस ने 400 किलो गांजा ट्रक से अवैध परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है दरअसल पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो व्यक्ति ट्रक मे संदिग्ध सामान लेकर उड़ीसा की ओर से जगदलपुर की तरफजा रहे हैं सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल धनपूजी नाका मे पहुँच कर नाका बंदी कर उड़ीसा की ओर से आने वाले वाहनों की तलाशी लेना शुरू किया गया इसी दौरान उड़ीसा की ओर से आने वाले वाहन 12 चक्का ट्रक क्रमांक पीवी 12 वाय4101 की तलाशी ली गई जिसमें 400 गांजा बरामद किया जिसकी कीमत 20 लाख रुपये आंकी गई है पुलिस ने वाहन को जब्त कर वाहन चालक अनुराग द्विवेदी 21वर्षीय उत्तर प्रदेश निवासी ,बहादुर सिंह 34 वर्षीय पंजाब निवासी दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया साथ ही तीन मोबाइल फोन और 1200 नकल भी जब्त किया गया दोनो आरोपियों ने मादक पदार्थ का अवैध परिवहन करना स्वीकारा है। पुलिस ने मामला एनडीपीएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

# मुख्यमंत्री के आदेश की भी लाज नहीं रखी बस्तर के अधिकारियों ने

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर के तीन विभाग से तीन दैनिक भोगी वाहन चालकों को काम से निकाल दिया गया कारण भी नहीं बताया। बेबस लाचार तीनो चालकों के समर्थन में केवल प्रदेश शासकीय अर्धशासकीय चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ सामने आया। संघ के पदाधिकारियों ने तीनों की फरियाद प्रदेश के मुखिया तक पहुंचाने का फैसला किया। 13 नवंबर 2019 को तीनों चालक और संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री के समक्ष जनदर्शन में पेश हुए और अपनी व्यथा भी बताई।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को संवेदनशील मुख्यमंत्री के तौर पर जाना जाता है और यही वजह है कि उन्होंने तत्काल मुख्यसचिव को आदेश देते हुए पीड़ितों को न्याय दिलवाने का आदेश दिया। आदेश मुख्यमंत्री ने दिया तो तत्काल कार्यवाही भी शुरू हुई और सचिवालय से कार्यवाही की प्रगति पर जानकारी भी भेजी गई। पर रायपुर से निकले मुख्यमंत्री का आदेश बस्तर पहुंचते पहुंचते कमजोर पड़ गया और एक बार फिर पूरा मामला ठंडे बस्ते में है। अब सवाल यह उठता है कि जिस मामले में स्वयं प्रदेश के मुखिया ने रुचि लेते हुए उसके निराकरण के लिए आदेश दिया था, उस मामले में बस्तर के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों ने क्या कार्यवाही की। वहीं इस पूरे कागजी कार्यवाही में अब मामला कहाँ अटका है और क्या आगे इन्हें नौकरी पर रखा जाएगा या नहीं इसकी जानकारी पीड़ित पक्षों को कब दी जाएगी इसका जवाब भी भगवान ही जाने।

### केशकाल विधायक सन्त नेताम मरवाही उपचुनाव में निभा रहे हैं सक्रिय भूमिका

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के मरवाही विधानसभा में उपचुनाव घोषित किया गया है, जिसमें केशकाल विधायक वह बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम को कटरा सेक्टर प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके लिए विधायक बुधवार को सप्ताह भर के दौरे पर चुनाव प्रचार हेतु मारवाही रवाना हो गए थे। केशकाल विधायक संतराम नेताम मरवाही उपचुनाव में अपनी सï य भूमिका निभाते हुए कांग्रेस प्रत्याशी के लिए प्रचार करते नजर आ रहे हैं। विधायक नेताम पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर डोर टू डोर प्रचार करने में लगे हुए हैं। विधायक संतराम नेताम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय भुपेश बघेल जी के नेतृत्व में जिस तरह से भाजपा का सूपड़ा साफ कर के कांग्रेस सरकार बनी है।

# पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक जवान शहीद

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक जवान शहीद होने की खबर सामने आयी है। शहीद जवान डीआरजी में पदस्थ था। घटना अबूझमाड़ के आदेर जंगल के ओरछा थाना की है।

**नारायणपुर के अबूझमाड़ की घटना सर्च अभियान जारी**

दरअसल नाराणपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि, कुछ माओवादी आदेर के जंगल में स्थाई कैंप लगाकर बड़ी घटना की योजना बना रहे है। सूचना पर डीआरजी के जवान मौके पर पहुंची तो नक्सलियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी।दोनों तरफ से हुई इस मुठभेड़ में डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया है। वहीं जवानों ने कार्रवाई करते हुये नक्सलियों के स्थाई कैंप को ध्वस्थ कर दिया है। साथ ही मौके से पुलिस ने काफी मात्रा में नक्सलियों के उपयोग में आने वाली सामग्री जब्त की है। फिलहाल मौके पर पुलिस मौजूद है और सर्चिंग अभियान जारी है।

# शारदीय नवरात्र पूरे विधि विधान से मनाई गई



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में बंगीय सांस्कृतिक संस्था द्वारा शारदीय नवरात्र महापर्व पूरे विधि विधान से मनाई जा रही है। गौरतलब है कोरोना सबंधित जिला प्रसाशन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए पंडाल में माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है।कोरोना संक्रमण रोकथाम के लिए एहतियातन बरतते हुए श्रद्धालु मास्क लगाकर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए माँ जगतजननी दुर्गा के दर्शन के लिए पहुँच रहे है।दुर्गा महाष्टमी के विशेष अवसर पर हवन यज्ञ किया गया जिसमें बंगीय सांस्कृतिक की सेक्रेटरी अतन सरकार एवं अध्यक्ष एस चटर्जी ने पुष्पांजली अर्पित की।

# हनुमान मन्दिर की श्रद्धालु भक्तों ने की प्राण प्रतिष्ठा

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला के माकड़ी वनांचल ग्राम हाडी गांव बड़गांव माकड़ी के शिव मंदिर प्रांगण के सभी श्रद्धालु भक्त ों के जन सहयोग से दक्षिण मुखी हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं मानस गान कार्य म का आयोजन किया गया, यह धार्मिक स्थल ऐतिहासिक है जहां प्रतिवर्ष शिवरात्रि एवं नवरात्रि में विशेष रुप से श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है, यहां की विशेषता संतान प्राप्ति एवं सुख समृद्धि के लिए भगवान शिव की पूजा आराधना करते हैं, जिससे सभी की मनोकामना पूर्ण होती है, इस स्थान में 7 कुंड है जो गर्मी के दिनों में भी नहीं सुखते, जिसके सभी कुंडों में जल भरा रहता है, कुंड से लगा बल हारी नाला जो लगभग 10 से 15 फीट नीचे है । जिसमें जल सूखा रहता है और इसी स्थान में सावन के महीने में हजारों की संख्या में कांवरियों के द्वारा शिवजी में जल अभिषेक किया जाता है। इस क्षेत्र के सभी पिंड संस्कार अस्थि विसर्जन भी इसी स्थान में किया जाता है। हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य अतिथि के रुप में सुश्री लता उसेंडी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, दीपक अरोरा जिला अध्यक्ष, दीपेंद्र नाग मंडल अध्यक्ष, संजीव पोयम पूर्व जनपद अध्यक्ष, सरिता नेताम सरपंच हाडी गांव, धनवती पोयाम जनपद सदस्य, मनोज साहू, संजू ग्वाल, साथी ही उपस्थित तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पदाधिकारी एवं दंतेश्वरी मानस संघ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे, यह आयोजन शिव मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा किया गया, जिसमें लच्छिंदर मरकाम भूतपूर्व सरपंच, जनक लाल साहू, नरेंद्र पोयाम, प्रेम पोयाम, फुल सिंह राठौर, दुख राम मरकाम, शुद्ध मरकाम, शंकर मरकाम, उपसरपंच मंगल मरकाम, सावत साहू, इस अनुष्ठान के आचार्य अनिल तिवारी महाराज के द्वारा संपन्न कराया गया इस कार्य म में ग्राम के सभी महिलाओं व पुरुषों का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा शासनकाल में किसानों के साथ किया गया सबसे बड़ा झूठ

# कांट्रैक्ट फार्मिंग के तहत मोदी सरकार षड्यंत्र पूर्वक भूमि को हड़प कर देना चाहती है उद्योगपतियों को : ज्योति कुमार

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर के भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदिलीयार जी के प्रेस विज्ञप्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के प्रवक्ता ज्योति कुमार ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के शासन काल में लगातार पंद्रह साल किसानों का शोषण हुआ वादे के तहत भाजपा शासन काल में किसानों को इक्कीस सौ रुपए समर्थन मूल्य के साथ साथ तीन सौ रुपए प्रति क्विंटल धान का बोनस देना था जो किसानों को नही दिया पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह और भाजपा शासन काल में किसानों के साथ छलावा किया गया, धान का समर्थन मूल्य का वादा भाजपा शासन काल में किसानों के साथ किया गया सबसे बड़ा झूठ और जुमला साबित हुआ इसके लिए भाजपा को किसानों से माफी मांगनी चाहिए। दूसरी तरफ़ प्रदेश के किसान पुत्र एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के किसानो के धान को पच्चीस सौ रुपए प्रति क्विंटल में ख़रीदा है जिसका भरपूर लाभ पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह को भी मिला उन्होंने भी अपने धान को पच्चीस सौ रुपए प्रति क्विंटल में बेचा है साथ ही उन्हें राजीव गांधी किसान न्याय योजना का भी लाभ मिला है। भाजपा जिला अध्यक्ष मूदलियार जी गिरदावारी को लेकर भी मीडिया में झूठ परोस रहे है, जबकि सच यह है कि किसी भी किसान का रक़बा कम नही हो रहा है ये किसानों की सरकार है किसानों के हक़ को कोई नही छीन सकता। किसानों के हक़ छीनने में भाजपा और उनके लोग माहिर है।

भाजपा द्वारा देश में लाये गए तीन काले कृषि कानून को देखने से ऐसा लगता है कि इन काले क़ानूनो से भाजपा और मोदी सरकार किसी तरह किसानों के ज़मीनों को कांट्रैक्ट फ़ॉर्मिंग (अनुबंध कृषि) के तहत हड़प कर बड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों को देना चाहती है, भाजपा ज़िला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार जी ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में इस बात को भी स्वीकार किया है कि अन्य राज्यों के व्यापारी हमारे राज्य में आएँगे इन पर किसी तरह का कोई दबाव नही होगा अर्थात सरकारी नियंत्रण पूरी तरह समाप्त हो जाएगी, मुदलियार जी के अनुसार मंडियाँ नाममात्र की रहेंगी और इसका भी पूरी तरह से नियंत्रण बड़े बड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों के पास होगा, सरकार के पास समर्थन मूल्य घोषित करने का अधिकार नही होगा बल्कि अब इसका अधिकार व्यापारियों और उद्योगपतियों के पास होगा ये किसानों के उपज को किस मूल्य में ख़रीदेंगे ये सिर्फ़ वही बता सकेंगे, यदि कोई व्यापारी या उद्योगपति किसी किसान से धोखाधड़ी करता है या जालसाजी करता है तो उस पर किसी तरह की कोई क़ानूनी कार्यवाही नही होगी, जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार जी के प्रेस विज्ञप्ति से यही सिद्ध हो रहा है। मुदलियार जी बताएँ की भाजपा शासित राज्य जैसे हरियाणा, यू?पी? और एम?पी? जैसे राज्यों में इन नए कृषि क़ानूनों के ख़िलाफ़ आंदोलन क्यूँ हो रहे है ? कोविड -19 वैश्विक महामारी के बीच मोदी सरकार के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत एक लाख करोड़ रुपए के आवंटन में छत्तीसगढ़ प्रदेश और बीजापुर ज़िले को कितने रुपए मिले है और कौन कौन आत्म निर्भर हुआ है ?

बीजापुर के विधायक विक्रम शाह मंडावी स्वयं एक कृषक परिवार से आते है वे जानते है की किसान का सबसे बड़ा धन जल, जंगल और ज़मीन है इसकी रक्षा करना उनकी ज़िम्मेदारी है। ज़िले का प्रत्येक किसान, मज़दूर, छोटे व्यापारी और कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ साथ ज़िले का प्रत्येक व्यक्ति विधायक विक्रम शाह मंडावी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और इन नए काले कृषि क़ानूनों को निरस्त करने तक लगातार किसानों के साथ मिलकर संघर्ष करते रहेंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष और उनके कार्यकर्ता लगातार किसानों को झूठे आवश्वसन दे रहे है और किसानों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे है, क्षेत्र के किसान भाजपा के झूठे और झूमलों को समझ चुकी है और उनके झाँसे में आने वाली नही है। कांग्रेस पार्टी गाँव गाँव जाकर किसानों के हक़ की लड़ाई लड़ेगी और किसानों को भाजपा के झूठे आश्वसनो और जुमलों से बचाएगी।

# पुलिस को बिना सूचना दिये और बगैर पोस्टमार्टम के दफन कर दिया गया बच्ची का शव



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस को बगैर सूचना दिये व बगैर पोस्टमार्टम के मिट्टी में दफन कर दिये गये लगभग 15 वर्ष की बच्ची के शव को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के उपस्थिति में निकालवाकर पुलिस ने आगे की जांच कार्रवाई आरंभ किया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धनौरा क्षेत्रान्तर्गत लगभग 3 माह पूर्व 22अगस्त को एक लड़की ने अपने घर के आंगन में खड़े इमली के पेड़ की डंगाल में फांसी के फंदे में झूलकर अपनी जान दे दिया था। जिसकी पुलिस को बगैर सूचना दिये और बगैर पोस्टमार्टम कराये मिट्टी में अंतिम संस्कार कर दिया गया था। धनौरा थाना के ही छोटे ओडागांव में भी गैंगरैप पीड़िता द्वारा आत्महत्या कर जान दे देने वाली लड़की के बारे में भी पुलिस को बगैर सूचित किए दफन कर दिया था।

जिसकी लाश को निकलवाकर जब पुलिस ने जांच शुरू किया था तो हैरत अंगेज गैंगरैप का मामला उजागर हुआ जिससे पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया। छोटे ओडागांव का मामला गरमाया था, इसी दरम्यान पुलिस अधीक्षक को उनके विश्वसनिय सूत्र से जानकारी मिल गयी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने जानकारी की पुष्टि करके जांच आरंभ करवायी।

# मिठाइयों में मिलावट की पहचान हुई आसान

## 21 मिठाइयों में मिलावट की पहचान की जानकारी उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की तैयारी

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

दूध से बनी मिठाईयां और अन्य सामग्री में मिलावट अब उपभोक्ता भी जान सकेगा। एफएसएसएआई ने इसके लिए प्रारंभिक जानकारियां साझा कर दी है जिसकी मदद से अखाद्य या अमानक सामग्री की पहचान की जा सकेगी और की जा सकेगी शिकायत, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई को सही दिशा मिल सकेगी।

गाइडेंस ऑफ कंज्यूमर्स के नाम से जारी यह जानकारी राज्यों में काम कर रहे खाद्य एवं औषधि प्रशासन के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जाने की योजना पर काम चालू किया जा चुका है। प्रथम चरण में इसमें 21 ऐसी मिठाईयां और अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट की पहचान आसान तरीके से किए जाने के लिए ऐसी दूग्ध सामग्री की सूची जारी कर दी गई है जो ना केवल त्यौहार या पर्व बल्कि पूरे साल हर जगह मिला करती है। प्राधिकरण ने दूध से बनी इन सामग्रियों को पहले क्रम पर इसलिए रखा है क्योंकि यह नाम से ही खरीदी जाती रही है।



### इसलिए दूध से बनी सामग्री

गाइडेंस ऑफ कंज्यूमर्स के नाम से जारी हो रही इस नई पहल को इसलिए चालू किया जा रहा है क्योंकि दूध से बनी विभिन्न खाद्य सामग्री और मिठाईयां त्यौहार, शादी या पर्व पर भी खूब बनाई और बेची जाती है लेकिन मिलावट की पहचान आसान नहीं है। इसलिए प्राधिकरण की पहल के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन इसकी जानकारी सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहा है ताकि आसान पहचान की मदद से मिलावट जानी जा सके।

### इन चार में इसकी मिलावट

घी, चीज़, कन्डेन्स्ड मिल्क, खोवा और दूध पाउडर में खुशबू और अप्राकृतिक रंग, मक्खन, मीठी दही और घी में वनस्पति मेरीग्रेंस, रबड़ी में ब्लाटिंग पेपर, खोवा, छेना, पनीर और घी में स्टार्च पाउडर की मिलावट आसानी से किए जाने की शिकायतें आम हो चली है। इन में मिलावट की पहचान बाजार में आसानी से उपलब्ध केमिकल की मदद से की जा सकती है। प्राधिकरण ने इन केमिकल के नाम भी उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की तैयारी कर ली है। जिनकी कुछ बूंदें ही मिलावट की पहचान के लिए काफी हैं।

### 21 सामग्री, तीन स्तर पर पहचान

एफएसएसएआई ने दूध से बने 21 ऐसे खाद्य सामग्रियों में मिलावट की सबसे ज्यादा शिकायत का मिलना पाया है। चूंकि अधिकांश सामग्रियां दैनिक उपयोग में ज्यादा है। इसलिए इन में मिलावट की पहचान की जानकारी उपभोक्ता तक पहुंचना जरूरी है। पहल इससे ही की जा रही है। इसमें 21 दूग्ध उत्पाद को लिया गया है। शिखर पर खोवा को रखा गया है। 3 श्रेणी स्वाद, संरचना और रुप-रंग के आधार पर मिलावट की आसान पहचान का तरीका बताया गया है। इसमें खोवा का स्वाद, छूने पर असहज लगना और रूप-रंग से पहचान की जा सकती है। इसी तरह पेड़ा को स्वाद के आधार पर पहचाना जा सकता है। बर्फी को उसकी नरम और ठोस प्रकृति से पहचानी जा सकती है। मिलावट होने पर इसका रंग भी बदल जाता है। कलाकंद और गुलाब जामुन के भीतरी हिस्से का पीलापन उसमें मिलावट को जाहिर करता है। जबकि स्वस्थ और सही में यह दिखाई नहीं देती। वासुंदी की भी पहचान इसी तरीके से की जा सकती है। रबड़ी का ज्यादा पीलापन यही संकेत देता है। खीर को रंग और मीठेपन का स्वाद बदलने से पहचाना जा सकता है। खटास या पीलापन बासी और मिलावट का प्रमाण है। छेने की मिठाईयों में यदि स्पंज जैसा अनुभव ना हो रहा हो तो यह संदेह को जन्म देता है। पनीर को इसका पीला होता रंग पुराना होने को प्रमाणित करता। संदेश यदि ठोस हो चुकी हो तो शंका को पक्क ा करती है। रसगुल्ला यदि स्वस्थ है तो उसकी पहचान उसका नरम होना ही बताता है। दही में यदि बुलबुले हैं तो उसे सेवन नहीं करना ही सही होगा। श्रीखंड ठोस हो चुका है तो यह संकेत देता है कि मिलावट संभावित है। घी यदि पारदर्शी है तो सही है। लस्सी एकदम सफे द हो तो सेवन के योग्य है।

दूध से बनी मिठाईयां और अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट की शिकायतें सबसे ज्यादा है। इसलिए इनमें इसकी पहचान की तीन श्रेणियां उपभोक्ताओं तक कंज्यूमर्स ऑफ गाइडेंस के माध्यम से पहुंचाई जाएंगी। प्रयास यह है कि इसे त्यौहार के पहले सभी तक पहुंचाई जा सके।

**-डॉ.आर.के शुकला,**
असिस्टेन्ट कमिश्नर खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर

# दाई मोर मौली दाई ते हा फिंगेश्वर वाली, गाना हो रहा चर्चित

■ फिंगेश्वर के युवा अमन शर्मा द्वारा बनाया है यह वीडियो

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्रि का पवित्र पर्व की धूम अंचल में है, जिसके लिहाजे से सभी भक्तगण माता की पूजा आराधना में लगे है, भक्ति का स्वरूप हर लोगो के लिए अलग अलग है, कोई उपवास रख कर, कोई सेवा करके, तो मनोकामना जोत प्रज्वलित कर अपने लिए खुशहाली की कामना माता से कर रहे है, पर इन सब से परे फिंगेश्वर नगर में दाई मोर मौली दाई ते हा फिंगेश्वर वाली यह गीत लोगो मे चर्चा का विषय है, इस गीत को काफी देखा और सुना जा रहा है, यह गीत फिंगेश्वर की आराध्य देवी माँ मौली की स्तुति की शानदार गीत है, जिसे नगर के युवा अमन शर्मा द्वारा बनाया गया हैं, इस गीत में अमन शर्मा ने बेहतर ढंग से अभिनय कर माँ मौली की अनुपम भक्ति को परिलक्षित किया हैं।

**गाने के शौकीन है अमन शर्मा :** आपको बता दे अमन शर्मा गाने के शौकीन हैं, जो विभिन्न मंचो में भजन, रामायण, जस गीत के साथ फिल्मी गाने भी गाते हैं, और नवरात्रि में इस बार यूट्यूब में फिंगेश्वर की आराध्य देवी माँ मौली पर बनाया गया वीडियो, जिसका शीर्षक 'दाई मोर मौली दाई..ते हा फिंगेश्वर वाली हैं, यह गीत उपलोड किया गया हैं, जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं, अमन शर्मा मौली पारा निवासी पंडित दिनेश महाराज के सुपुत्र हैं ।



# पुस्तक हमारे जीवन के उत्प्रेरक एवं अभिन्न मित्र : चंद्रशेखर



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहरसी में दस लाख उन्नीस हजार रुपये की लागत से बनने वाले पुस्तकालय भवन का आज जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने ग्रामवासियों व पँचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूजन अर्चन व कुदाली चलाकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जीवन मे पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू ने कहा कि पुस्तक हमारे जीवन मे उत्प्रेरक की भांति कार्य करता है, अच्छी किताबें सदैव हमारे जीवन में सन्मार्ग में चलने के लिए प्रेरित करती है। कोई भी पठन सामग्री अनुपयोगी नहीं होती अच्छी पुस्तकें हमारे मित्र की भांति हैं। जब भी समय मिले हमें पुस्तकें पढ़ती रहनी चाहिए, आपके ग्राम में पुस्तकालय बनने जा रहा है आप सभी इसका सदुपयोग कर जीवन में अग्रसर हों यही कामना करता हूँ। इस अवसर पर दीपक साहू जनपत सदस्य, कामनी शिव ध्रुव सरपंच लोहरसी, शिव साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, पोखन साहू पूर्व जनपद सदस्य, गजानंद ठण्डन उपसरपंच, जमुना साहू, केवरा साहू, चमारिन बाई, इंद्रा बाई, दसोदा बाई, बिसमत बाई, यामिनी बाई, छन्नू लाल साहू, छबि राम साहू, रोहित साहू, लेखु साहू, एवम समस्त पंच गण पुरंदर वर्मा, हलधर पटेल, मनिस साहू, टीकम साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों से मारपीट को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने तिल्दा थाना का किया घेराव

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा नेवरा से लगे ग्राम किरना में सौर्य स्पंज आयरन प्लान्ट के निर्माण एवं प्लांट मालिकों द्वारा ग्रामीणों से मारपीट करने को लेकर आज छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अमित बघेल एवं राजेश बंछोर के नेतृत्व में ग्राम किरना के साथ साथ आस पास के सैकड़ो ग्रामीणों ने तिल्दा थाना का घेराव कर दिया ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर बताया की हमारे गांव में रायपुर निवासी सौरभ केडिया एवं शंकर अग्रवाल द्वारा बिना ग्राम सभा किये फर्जी तरीके से एनओसी बनवाकर स्पंज आयरन प्लान्ट का निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जा रहा है जब ग्रामीणों इसका विरोध किया तो प्लांट मालिको द्वारा 3 -4 गाड़ियों में सवार हो कर गांव वालो को धमकी देते हुए कहा की छत्तीसगढ़यो की क्या औकात है चन्द नोटों के टुकड़ो में बिक जाते हो एक दारू की शीशी में बिक जाते हो तुम लोग गोड़ गवार हो फौक्ट्रियो के बारे में क्या जानोगे तुम्हारे बाप पुरखे फै क्ट्री लगाने का सोचे है कभी तथा जाति सूचक गाली गलौच करते हुए ग्रामीण दयानन्द बंछोर और निकेत वर्मा से मारपीट किया और कहते है पुलिस -सरपंच -मुख्यमंत्री सब हमारे है कह कर ग्रामीणों को डराते है और गुंडा गर्दी खुद किये उल्टा 5 ग्रामीणों के खिलाफ थाने में शिकायत कर दिए जिससे ग्रामीण दहशत में है थाना परिषर में ग्रामीणों के साथ महिलाएं व युवतिया तथा बच्चे भी उपास्थित थे सभी ने सिर्फ एक ही बात कहा की हमारे गांव में फै क्ट्री नहीं खुलने देंगे थाना प्रभारी को दिए गये आवेदन में ग्रामीणों ने रायपुर निवासी सौरभ केडिया एवं शंकर अग्रवाल के खिलाफ कार्यवाही करके गांव में शांति का माहौल बनाये रखने की अपील की है धरना में शांति व्यस्था बनाये रखने के लिए नेवरा थाना प्रभारी शरद चंद्रा, धरसींवा थाना प्रभारी नरेंद्र बंछोर सहित भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात थे।

छत्तीसगढ़ क्रांति सेना प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल शेष कुमारी बंछोर पूर्व मंडी अध्यक्ष तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी शरद चंद्रा किरना में सौर इस्पात खुल रहा जहाँ बिना ग्राम सभा के अनुमोदन सरपंच द्वारा एन ओ सी प्रदान कर दिया गया है। जिससे ग्रामीण काफी आक्रोशित है। ग्रामीणों ने पूर्व में ग्राम सभा का आयोजन कर सर्वसम्मति से उक्त प्लांट लगने का विरोध सर्वसम्मति से कर दिया।

प्लांट प्रबन्धको ने गांव के कुछ प्रमुख लोगो के खिलाफ उच्चस्तरीय शिकायत कर थाने में शिकायत की थी जिसके बाद आज भारी संख्या में ग्रामीण नेवरा थाना पहुँचे एवं प्लांट लगने का घोर विरोध कर प्लान्ट प्रबन्धको के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने की मांग कर घण्टो थाने में जमे रहे।

यहाँ भी ग्रामीणजनों ने गांव की महिला सरपंच का घोर विरोध किया। थाने में क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल, गिरधर साहू ,राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रवि वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश बंछोर, पूर्व मंडी अध्यक्ष शेष कुमारी बंछोर, दयानंद बंछोर, तिल्दा नगर पालिका सभापति लक्ष्मीनारायन वर्मा, देवा दास टण्डन, नरोत्तम यदु, विजय सोनू मारखण्डेय, ओमप्रकाश ठाकुर, सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। अंत मे ग्रामीणों ने प्लांट प्रबन्धको के खिलाफ नेवरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है।

# सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मनाया जायेगा दशहरा, शांतिपूर्ण त्यौहार के लिए लगायी गयी मजिस्ट्रियल ड्यूटी

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले में दशहरा त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाने के लिए राजस्व अधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगायी गयी है। सभी मजिस्ट्रियल अधिकारियों को इन त्यौहारो के दौरान कानून एवं जनशांति व्यवस्था बनाये रखने के साथ ही कोरोना वायरस से बचाव हेतु जारी गाईडलाइन को सख्त पालन करवाने के निर्देश दिये गये है। गौरतलब है की राज्य सरकार ने त्यौहारो के मद्दे नजर में कोरोना से बचाव हेतु कोविड एप्रोप्रिएट बेहेवियर का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। जिसके तहत मास्क पहनना, दो गज की दूरी रखना, एवं हाथ धोना शामिल है। इन तीनों नियमों का पालन करवाना भी इन अधिकारियों की जिम्मेदारी होगा। इन लगाये गये अधिकारियों में अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की नाम एवं स्थान शामिल है। अनुविभाग क्षेत्र की समस्त जवाबदारी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी की होगी।

# चाइना सामानों का बहिस्कार करते हुए मोंगरा की महिलाएं सिजनेबल सामानों का कर रही निर्माण

पायनियर संवाददाता < कुरुद
www.dailypioneer.com



कोरोना के चलते इन दिनों बाजारों की रौनकता खत्म सी हो गयी थी. वही चाइना समानों का बहिष्कार करते हुए ग्राम पंचायत मोंगरा की महिलाएं इन दिनों सिजनेबल सामानों का भी निर्माण कर रही है जिससे घरों को सजाने वाली वस्तुओं में चाइना समान के जगह अब स्वदेशी सिजनेबल समान अब बाजार में दिखेंगी।

बता दे कि ग्राम पंचायत मोंगरा में रहने वाली महिलाएं इन दिनों राहुल गांधी विचार मंच से जुड़ कर रोजगार सृजन कर आत्मनिर्भर बन रही है वही चाइना सामग्रियों का बहिष्कार कर स्वयं के द्वारा फूलों का हार, गमले, गुलदस्ता इत्यादि सिजनेबल सामानों का निर्माण किया जा रहा है और महिलाओं को रोजगार मिल रही है और आत्मनिर्भर भी बन रही है।

वही चित्रकला विश्वकर्मा, सतरूपा यादव, मोहिनी विश्वकर्मा, हेमलता सेन, संगीता साहू का कहना है कि इसमें राहुल गांधी विचार मंच का विशेष सहयोग मिल रहा है वही इसकी डिमांड बाजार में अच्छी खासी है जिसके चलते कुरुद से लेकर ओडिसा तक कि इस सिजनेबल समानों का अच्छी खासी डिमांड हो रही है।

# किसान विरोधी बिल के विरोध में ग्राम लटुवा तिगड्डा से मोहतरा तक किसान मजदूर बचाव पदयात्रा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष तुलसीराम वर्मा के नेतृत्व में केंद्र सरकार के द्वारा पारित किसान विरोधी बिल के विरोध में ग्राम लटुवा तिगड्डा से मोहतरा तक किसान मजदूर बचाव पदयात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथ के रूप से राज्यसभा सांसद छाया वर्मा छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष वि म गिरी ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष दीपक साहू जिला महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रेमलता बंजारे प्रभारी कमल ठाकुर अशोक ध्रु व टीकेश्वरी वर्मा जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत मोहतरा के सरपंच ईश्वर संतोष साहू लटुवा सरपंच महेश्वरी साहू खम्हरिया चाँपा सरपंच दीनदयाल साहू चाँपा सरपंच योगेश्वरी कृष्ण कुमार ध्रुव छन्नूलाल जांगड़े संदीप पांडे सहित भारी संख्या मे किसान मजदुर व कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मलित हुए । ग्राम मोहतरा पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया तत्पश्चात नवनिर्मित गौठान का लोकार्पण किया गया लोकार्पण के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार किसानों की सरकार है और किसानों के साथ अन्याय कभी नहीं होने देंगे सरकार की योजना है कि गौठान एवं गठान से प्राप्त होने वाले आयका पूरा लाभ ग्राम वासियों को ही मिले इसके लिए चारा से लेकर चुकारा तक की सभी योजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी गौठान समिति वह स्वम सहायता समूह को सौंपा जा रहा है छत्तीसगढ़ सरकार की दूरगामी कुशल नीति के कारण छत्तीसगढ़ निरंतर समृद्धि की ओर अग्रसर है और देश ही नहीं विदेशों में भी भूपेश सरकार के कार्यों की डंका बज रहे है।

## प्रदेश स्तरीय बैठक में बलौदाबाजार जिला सम्मानित

# जिलाध्यक्ष संतोष यदु के नेतृत्व में सैकड़ों शिवसैनिक बैठक में पहुंचे

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

आम जनता की आवाज को उठाने गरीब किसान मजदुर बेरोजगारो को उनका हक अधिकार दिलाने अब शिवसैनिक पहुंचेंगे गाँव शहर वार्ड में। शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में शिवसेना की प्रदेश स्तरिय संभागीय बैठक बिलासपुर के सेंट्रल पाईंट हाटल के समाकक्ष में संपन्न हुआ ।

प्रदेशभर के शिवसैनिक गर्म जोशी से प्रदेश प्रमुख व वरिष्ट पदाधिकारीयो का स्वागत करने भोजपुरी टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए जिसमें बलौदाबाजार भाटापारा के शिवसैनिक जिलाध्यक्ष संतोष यदु के नेतृत्व में राज्य प्रमुख परिहार जी का स्वागत किये। जिसके बाद जैसे ही टोल प्लाजा में शिवसैनिक पहुंचे जहाँ पर टोल प्लाजा के अधिकारीयो को समझाया गया की शिवसेना टोल प्लाजा में होने वाली अवैद्ध वसुली का विरोध करता हैं प्रदेश की पिछली सरकार ने टोल हटाने की बात कही लेकिन अभी भी आम जनता का जेब काटा जा रहा हैं घेराव की स्थिती निर्मित होने के बाद टोल के अधिकारियो ने समझाईश दिया जिसके बाद गाड़ीयो तथा बाईको का काफिला रैली के रूप में बिलासपुर पहुंचा जिसमें बलौदाबाजार के शिवसैनिक व प्रदेश के अन्य जिलो से आए शिवसैनिक कई गाड़ीयो से रैली निकालते हुए गोलबाजार, शनिचरी, बस स्टैंण्ड होते समास्थल में पहुंचा जहां पर सभी शिवसैनिको के स्वागत के बाद बैठक का शुरूआत किया गया। जिसमें पहले सभी जिलाध्यक्षो ने अपने अपने



जिलों के बारे में प्रदेश प्रमुख को बताया जिसमें बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने बैठक को संबोधित करते बताया की सभी नये पुराने शिवसैनिको को अपना लक्ष्य बनाना चाहिए तब जाकर की हम आम जनता के हक अधिकार को दिलाने में सफल हो सकेंगे तथा ईमानदार लोगो को छत्तीसगढ़ विधानसभा में जाना ही होगा जिसके लिए सभी शिवसैनिको को बुथ स्तर में शिवसैनिक तैय्यार करने कहा गया तभी विधानसभा में शिवसेना का विधायक चुन कर जाएगा और आम जनता के अधिकार के लिए आवाज बुलंद करेगा। प्रदेश सचिव एचएन सिंह पालीवार ने बैठक में बलौदाबाजार जिला के शिवसैनिको के जनहित के कार्यों में अग्रणी कार्यो के कारण प्रदेश प्रथम स्थान व जाँजगीर जिला के कार्यो को द्वितिय स्थान देते हुए सभी शिवसैनिको के कार्यो का सराहना किया गया। शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने सभी शिवसैनिको को जिम्मेदारी देते हुए कहाँ की अगर आम जनता की समस्याओं को खत्म करना हैं तो आने वाले समय में पार्टी के संगठन में नये लोगों को जोड़ना होगा तभी सफलता मिलेगी। जिसके बाद बैठक में मारवाही चुनाव के मद्देनजर सभी जिलो से शिवसैनिको को पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगने निर्देशित किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से शिवसेना प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष मधुकर पांण्डेय, प्रदेश महासचिव सुनिल झा, रेशम जांगड़े, उपाध्यक्ष हरिकपुर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री ठावरे, प्रदेश सचिव एचएन सिंह पालीवार, जिलाध्यक्ष संतोष यदु, ओंकार गहलोत, शन्नी देशमुख, रवि मेजरवार, शैलेन्द्र सोनी, अजय शर्मा, जिला महासचिव मनहरन साहु, भीखम यदु, सचिव ओमकार वर्मा, मुकेश साहु, ईश्वर निषाद, उपाध्यक्ष राजेश ध्रतलहरे, दुर्गेश यदु, ब्लॉंक अध्यक्ष रोहित देवाँगन, जी के सिंह, भुपेन्द्र मानिकपुरी, खिलेन्द्र सेन, लक्ष्मीदास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष सचिव डिगेश्वर साहु,विशाल माही, धनिराम टंडन, कामता प्रसाद, रामप्यारी निषाद, प्रकाश पाल, शंकर ध्रुव, टेकराम यदु, राजेश यदु,जितेन्द्र वर्मा,जित्तु वर्मा,जित्तु जोशी,संतोष नवरंगे, निक्की बंजारे,निरज कन्नैजे,सोभित वर्मा,राजु वर्मा, सुरज साहु, लोकेश साहु, नगर अध्यक्ष डुपेश देवाँगन, बलदाऊ वर्मा एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### कोरोना के 63 नये मामले, 42 को मिली छुट्टी

**बलौदाबाजार।** जिले में कोरोना के 63 नए मरीजों की पहचान की गई है। इनमें सबसे ज्यादा 21 मामले बलौदाबाजार विकासखण्ड से हैं। इसके बाद भाटापारा से 16, बिलाईगढ़ से 14, कसडोल से 5, पलारी से 3 और सिमगा से 4 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इस प्रकार अब तक जिले में कोरोना सं मित लोगों की संख्या 5110 तक पहुंच गई है। वहीं आज 42 मरीज को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। अब तक 4138 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। स ि य मरीजों की संख्या केवल 898 रह गई है, जिनका इलाज जारी है। बिलाईगढ़ विकासखण्ड के एक मरीज की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। मरीज की उम्र 55 साल के पुरुष थे। कोरोना के साथ अन्य जटिल बीमारियों से वे पीड़ित थे। कोरोना से मरने वालों की संख्या 74 हो गई है। जिले में कोरोना की जांच के लिए 737 नमूना लिए गए।

# बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 17 नए सेवा सहकारी समितियों का हुआ गठन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के किसानो की समस्याओं को देखते हुए 17 नये सेवा सहकारी समितियो का गठन कराया है,जिससे किसानो को खाद, बीज एव उर्वरक सुगमता से अपने नजदीक उपलब्ध हो सके वर्तमान सेवा सहकारी समितियो के कार्यक्षेत्र दूर-दराज गावो तक विस्तृत है जिसे देखते हुये छ.ग.प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों की असुविधा को दूर करने के लिए सेवा सहकारी समितियो के पुर्नगठन का कार्य किया जिसमें समितियों को छोटा कर सीमित ग्रामो को शामिल कर नवीन सेवा सहकारी समिति का गठन किया गया वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने एव किसानो को शसक्त बनाने हेतु खेती के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है,इन सभी योजनाओ के कार्य स्वरूप में परिणित करने के लिए बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा अपने विधानसभा क्षेत्र में गावो का दौरा कर किसानो के समस्याओ से परिचित होते है एव उनके समाधान हेतु सतत प्रयासरत रहते है, बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा का सोच है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक किसानो को मिले इसके लिए वे निरन्तर विभागीय मंत्रीगणों एव अधिकारीयो से पत्र लिखते एव भेंट करते रहते है।

इसी तारत्म्य में बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने क्षेत्र के किसानो को सुविधा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के सहकारिता मंत्री रविन्द्र चौबे को पत्र लिखकर उनसे भेंट कर क्षेत्र की किसानो की समस्याओ से अवगत कराया तथा 17 नवीन सेवा सहकारी समिति मर्या का गठन कराया सूची इस प्रकार है- 'बेमेतरा ब्लाक' - सेवा सहकारी समिति मर्या.जिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम जिया, ढोकला, बहिगा, ताला,सेवा सहकारी समिति मर्या. खिलोरा अंतर्गत आने वाले ग्राम खिलोरा, रजकुड़ी, मोहलई, भीनपुरी, फरी, ते लईकुडा, बेरला ब्लाक - सेवा सहकारी समिति मर्या. चोगीखपरी अंतर्गत आने वाले ग्राम चोगीखपरी, नारधी, डंगनिया (ख),सल्हेपूर, कुम्हिगुड़ा, बचेड़ी, सेवा सहकारी समिति मर्या.सलधा अंतर्गत आने वाले ग्राम खम्हरिया(एम), सिंघौरी, सलधा, मजगाँव, डरजरा, सेवा सहकारी समिति मर्या. डंगनिया(ब)के अंतर्गत आने वाले ग्राम डंगनिया,(ब), सण्डी, बहेरघट, बहिगा, नवागाँव, दमई, सेवा सहकारी समिति मर्या.कुसमी के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुसमी, खर्रा, कुम्हि, सोरला, भाड़, सेवा सहकारी समिति मर्या. बारगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम बारगाँव, मटिया, कोसपातर, बेलौदीकला, मुड़पारखुर्द, सेवा सहकारी समिति मर्या. खुड़मुड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम खुड़मुडा, लावातरा, नवागांव, मुड़पार, भरदा,सेवा सहकारी समिति मर्या. अछोली के अंतर्गत आने वाले ग्राम अछोली, पाहन्दा, चेटूवा, सहगाँव, जमघट, सेवा सहकारी समिति मर्या. मावलीभांठा के अंतर्गत आने वाले ग्राम घटियाकला, मुड़पार, तिलई, (मवलीभांठा), चण्डी, करेली, सेवा सहकारी समिति मर्या, गोड़गिरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोड़गिरी, बोहार्डिह, सिंगार्डिह, खंगारपाट, गाड़ामोड़, खम्हतराई, सेवा सहकारी समिति मर्या.किरितपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम किरितपुर,खम्हरिया, टेमरी,टिवरैया,रवेली,सेवा सहकारी समिति मर्या. लेजवारा के अंतर्गत आने वाले ग्राम लेजवारा, तारालिम, भिभौरी, सेवा सहकारी समिति मर्या.पतोरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पतोरा,भरचट्टी, रेवे, मंगलोर, पथरपुजी,सेवा सहकारी समिति मर्या. सोंढ के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोढ, रग्घू गायकवाड़, गजेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने पीएचसी घाघरा एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र सुरजुला का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com






कलेक्टर महादेव कावरे ने विगत दिवस मनोरा विकासखंड के ग्राम सुरजुला के उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं घाघरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था एवं मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.एस.मंडावी, जनपद सीईओ मनोरा अनिल कुमार तिवारी, सीएमएचओ पी.सुथार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर कावरे ने सुरजुला के उपस्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण कर भवन परिसर की साफ-सफाई साथ भवन का मरम्मत कराने के निर्देश दिए और सघन कोराना जांच के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान कावरे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घाघरा का भी निरीक्षण किया। केन्द्र में उपस्थिति पंजी, भंडार कक्ष, प्रसव कक्ष का अवलोकन किया। उन्होने वैधता समाप्त होने वाले दवाईयों को पृथक करने के लिए कहा गया।

कलेक्टर ने लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में एंटीवेनम, एंटीरैबिज, कोविड-19 टेस्ट के लिए पीपीई एवं एंटीजन किट सहित अन्य आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र में आने वाले सर्दी-बुखार के संक्रमित लोगों का आवश्यक रूप से कोरोना जांच करने के लिए कहा गया है।

# कलेक्टर ने प्याज के दाम पर नियंत्रण रखने के लिए व्यापारियों की ली बैठक



पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में व्यापारियों की बैठक लेकर लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्याज का निर्धारित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि प्याज अधिक दामों पर बिक्री न करें और स्टॉक पर भी अनावश्यत न रखने के लिए कहा गया है। बैठक में खाद्य अधिकारी ने बताया कि थोक व्यापारी 25 टन ही प्याज रख सकते है। फूटकर व्यापारी 2 टन ही स्टॉक में प्याज रखने की अनुमति है।

थोक व्यापारियों ने बताया कि जिले में प्याज रांची, बिलासपुर, अम्बिकापुर से आता है। प्याज का थोक भाव मण्डी के हिसाब से उपर-नीचे होता रहता है। और मण्डी के हिसाब से ही दाप निर्धारित करके विक्रय किया जाता है। व्यापारियों ने बताया कि मार्केट में अभी 70 रुपए के हिसाब से प्याज का विक्रय कर रहे है। कलेक्टर ने व्यापारियों से आग्रह किया कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्याज का मूल्य निर्धारित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उन्नेजा खातुन अंसारी एवं व्यापारी संघ के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# विशेष ई–मेगा कैम्प के तैयारी के संबंध में कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**31 अक्टूबर को विशेष ई–मेगा कैम्प आयोजित**

**समाज कल्याण, महिला बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों को 27 अक्टूबर तक हितग्राहियों का चयन करने के निर्देश**

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, के अधिकारियों की बैठक लेकर विशेष ई-मेगा कैम्प के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर परए. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के सचिव अमित जिंदल, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उन्नेजा खातुन अंसारीएवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ई-प्लेटफार्म के माध्यम से आगामी 31 अक्टूबर को विशेष ई-मेगा कैम्प आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। अधिकारियों को अपने विभाग के हितग्राहियों का चिन्हांकर करके 27 अक्टूबर तक सूची भेजने के निर्देश दिए है। साथ ही महिला बाल विकास विभाग, समाज कलयाण विभाग और शिक्षा विभाग और स्वास्थ विभाग को अपने विभाग की योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का चयन करके शासन की योजना के तहत् लाभांवित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं जैसे आकाशीय बिजली, सर्पदंश, संड़क दुर्घटना से मृत अथवा घायल होने वाले पीड़ितों को प्रदाय की जाने वाली सहायता राशि उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी एवं प्रक्रिया भी आमजन को प्रदान की जानी है। ई-मेगा कैम्प से प्राप्त एसओपी अनुसार दो स्थान नियम रहेंगें। एक स्थान जो कोर प्लेंस कहलाएगा, वहां जिला न्यायाधीश, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं चयनित विभागों के वक्ता उपस्थित रहेंगे।

द्वितीय स्थान पर हितग्राही उपस्थित रहेंगे। दोनों स्थानों को आपस में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से लिंक किया जाएगा। शासकीय योजना का लाभ पाने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत अथवा परेशानी हो रही है वे तत्काल निःशुल्क हेल्पलाईन नंबर 15100 अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 07763-220105 पर संपर्क कर अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला न्यायालय परिसर स्थित प्रबंध कार्यालय में उर्पिस्थत होकर पंजीयन करावाकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर उक्त विशेष ई-मेगा कैम्प के माध्यम से लाभ प्राप्त कर सकते है।

# बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने किया नवीन कोविड सेंटर का उदघाटन



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुये सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा द्वारा आयोजित शैय्या दान पुण्य कार्य में ज्ञात हो कि पितृ पक्ष से पुरुषोत्तम मास पर्यंत तक किये गए शैय्या दान के सहयोग से बेमेतरा जिले में नवीन कोविड ससेंटर प्रारम किया गया है,इस असवर पर विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा मानव सेवा के इस पुनीत कार्य मे सपाद लक्षेस्वर धाम संस्था द्वारा दिये गये सहयोग की प्रशंसा की और कहा कि विपदा की इस घड़ी में हमे एक दूसरे के सहयोग हेतु आगे आना होगा तथा दवाई के आविष्कार तक हमे मास्क और समाजिक दूरी का पालन करना होगा इस अवसर पर पूज्य ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानंद जी शिव गंगा आश्रम सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा,श्रीमतीं शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, प्रनिष चौबे,सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, मनोज शर्मा सभापति बेमेतरा, राम ठाकुर सभापति बेमेतरा, मिथकेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, रानी डेनिम सेन पार्षद,जया साहू पार्षद, साधेलाल बघेल सभापति, अजय सेन,सौरभ राघव,उप पुलिश अधीक्षक विमल बैस,अनुविभागीय अधिकारी दुर्गेश वर्मा,मुख्य चिकित्सक अधिकारी सतीश शर्मा, मुखूयनगर पालिका अधिकारी होरीसिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

# ई–मेगा कैम्प आयोजन के संबंध में जिला स्तर पर समिति गठित

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के पत्र के अनुक्रम में शासन की कल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में लोगों को अवगत कराने हेतु ई-मेगा कैम्प आयोजित करने के संबंध में बालोद जिले में जिला स्तर पर समिति का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी होंगे। समिति के सदस्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बालोद, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, उप संचालक समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला सूचना अधिकारी एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (च्वाईस) होंगे। समिति के सदस्य, सचिव श्रीमती प्रेमलता चंदेल डिप्टी कलेक्टर, जिला कार्यालय बालोद होंगी।

# डीएम जनमेजय महोबे ने ग्राम साल्हे में पढ़ई तुंहर पारा अंतर्गत चल रही ऑफलाइन पढ़ाई का लिया जायजा



**बच्चों को नियमित पढ़ाई करने किया उत्साहवर्धन**

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे शुक्रवार को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम साल्हे पहुँचकर ''पढ़ई तुंहर पारा'' अंतर्गत चल रही ऑफलाईन पढ़ाई का जायजा लिया। उन्होंने वहॉ माध्यमिक शाला के बच्चों से मास्क पहनने के कारण पूछे। बच्चों द्वारा सही जवाब दिए जाने पर कलेक्टर ने उनकी सराहना की और नियमित मन लगाकर पढ़ाई करने उनका उत्साहवर्धन किया।

कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई के संबंध में शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि कोविड-19 के गाईडलाईन का अक्षरशः पालन किया जाए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर इस अवसर पर मौजूद थे।

# कलेक्टर ने मनोरा के ग्राम मुटु में निर्माणाधीन पंचायत भवन का किया निरीक्षण

**निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com





कलेक्टर महादेव कावरे ने विगत दिवस मनोरा विकासखंड के ग्राम मुटु में 14.42 लाख की लागत से निर्माण किये जा रहे पंचायत भवन का अवलोकन किया। उन्होने निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मुटु में संचालित मोहल्ला क्लास में पढ़ने जा रहे बच्चो से मिलकर उनसे मास्क पहनने के लिए कहा। इस दौरान कलेक्टर ने मनोरा के खूंटापानी के ग्राम चीरोटोली में निवास करने वाले बांस कारीगर भेंट किया। उन्होंने बांस से बनाए गए सूप, पेटी, टोपी, चटाई सहित अन्य चीजों की जानकारी ली। कलेक्टर ने बांस की कारीगिरी के माध्यम से अपनी आजीविका चलाने वाले इन लोगों के आय में वृद्धि के लिए उन्हें वन विभाग द्वारा उचित मूल्य पर बांस उपलब्ध कराने की के लिए कहा गया है। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.एस.मंडावी, जनपद सीईओ मनोरा अनिल कुमार तिवारी, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जिले के 4 बालक छात्रावासों में कार्यरत कर्मचारियों सहित विद्युत भुगतान एवं छात्रवृत्ति के लिए जारी की राशि

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे ने राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखंडो के कुल चार, 50 सीटर बालक छात्रावास में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन एवं मानदेय, विद्युत भुगतान एवं कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों को दी जाने वाली शिष्यावृत्ति की आवृति मद में प्रथत किश्त 6 माह के लिये कुल 8 लाख 3 हजार एक सौ रूपए की राशि जारी किया है। जिसके अंतर्गत विकासखंड जशपुर में 50 सीटर बालक छात्रावास लुईकोना के लिए 1 लाख 68 हजार 250 रूपए की राशि जारी की गई है। इसी प्रकार कांसाबेल के 50 सीटर बालक छात्रावास नकबार के लिएश्च 2 लाख 27 हजार 450 रूपए, फरसाबहार के 50 सीटर बालक छात्रावास कोल्हेनझरिया के लिए 1 लाख 97 हजार 50 रूपए एवं पत्थलगांव के 50 सीटर बालक छात्रावास मुंडापारा के लिए 2 लाख 10 हजार 350 रूपए की राशि जारी की गई है।

# सपघरा में बालिकाओं को वितरण किया गया सेनिटरीपैड

**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत दुलदुला की जनपद सीईओ ज्योति बबली कुजूर ने ग्राम पंचायत संपघरा के चांपा टोली स्थित स्व-सहायता समूह के द्वारा बनाए जा रहे सेनिटरी पैड का वितरण किशोरी बालिकाओं को किया गया और स्वच्छता संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर डीडीसी ममता कश्यप, जनपद पंचायत अध्यक्ष चन्द्रप्रभा भगत, सरंपच सचिव एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
(परि.भूमि) सक्ती, जिला–जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक 58/ना.तह./वाचक/2020

सक्ति, दिनांक 23.10.2020
रा.प्र.क्र. अ-2/2019-2020
ग्राम सोंठी, तहसील- सक्ति

एतद् द्वारा आम जनता साकिन- **सोंठी, प.ह.नं.-21** जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि श्रीमति **प्रीती अग्रवाल पति श्री विकास कुमार अग्रवाल साकिन सक्ती**, तहसील सक्ती, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सोंठी, प.ह.न.-21 तहसील सक्ती, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 380/8, 380/17 रकबा 0.03, 0.04 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन उपयोग हेतु व्यपवर्तन किये जाने के लिये प्रकरण अनु.अधि. (रा.) सक्ती के द्वारा इस न्यायालय में जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि को आवासीय व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 02.11.2020 को स्वयं या जरिये अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार (परि.भू.)**
**सक्ती**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
बलौदाबाजार, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

आनलाईन नंबर 202010210200004
अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **पुनीता पति शिवकुमार टंडन निवासी ग्राम भाठागांव/कोकड़ी** तहसील बलौदाबाजार भाटापारा में ग्राम कोकड़ी प.ह.न. 16 तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नंबर 263/4 रकबा 0.0240 हेक्टर भूमि को मकान निर्माण हेतु आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के अंतर्गत व्यपवर्तन करने हेतु बी-1, खसरा, नक शा, ब्लू प्रिंट नक शा सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत दिनांक 23.10.2020 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी(रा.)**
**बलौदाबाजार**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02**
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत शंकर नगर, रायपुर में स्थित भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-77**, सेक्टर-02, **श्री पी.एस. डबली पिता स्व. श्री एस.आर. डबली,** के नाम भाडाक्रय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 19.09.1994 को अपने पक्ष में सेलडीड निष्पादित करा लिया गया है। मूल आबंटी श्री **पी.एस. डबली पिता स्व. श्री एस.आर. डबली**, की मृत्यु दिनांक 28.01.2020 को हो जाने के कारण उनके वारिसान पुत्र श्री **जितेन्द्र डबली पिता स्व. श्री पी.एस. डबली निवासी- एल.आई.जी.-77, सेक्टर-01, शंकर नगर,** रायपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, एवं वसीयतनामा (नोटराईज्ड) के आधार पर एवं मण्डल अधिवक्ता द्वारा दिये गये अभिमत अनुसार उक्त भवन का नामांतरण आवेदक श्री **जितेन्द्र डबली पिता स्व. श्री पी.एस. डबली** के पक्ष में किया जाना है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवना वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)**
Tel No. 07727-23338 Email : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक/1093/लो.नि.वि./न.पा./2020 — बलौदाबाजार, दिनांक 23/10/2020

**//मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना//**

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा प्रचलित पीडब्ल्यूडी बिल्डिंग एवं रोड एसओआर 01.01.2015 से प्रभावशील दर पर (निविदा खोलने के दिनांक तक समस्त संशोधन के साथ) कम या अधिक या सामान दरों पर प्रतिशत दर पर मैन्यूअल निविदा त्री-लिफाफा पद्धति के माध्यम से मोहरबंद लिफाफा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैः-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन भरने की अंतिम तिथि - 11.11.2020, समय- 3.00 बजे तक।
02. परीक्षण उपरांत खाली निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 12.11.2020, समय- 5.00 बजे तक
03. निविदा प्रारूप में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 19.11.2020, समय- 4.00 बजे तक
04. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - 19.11.2020, समय- 4.30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (एफडीआर के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क | निविदा प्रपत्र | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न पुलिया मरम्मत एवं पुलिया निर्माण कार्य वर्ष 2020-21 (द्वितीय निविदा) | 15.00 | 11250.00 | 750.00 | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 02 | नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत नाली संधारण व भवन संधारण एवं अन्य छोटे-छोटे कार्य (द्वितीय निविदा) | 15.00 | 11250.00 | 750.00 | फार्म ''A'' | कार्यादेश अनुसार |
| 03 | वार्ड क्रमांक 10 एवं वार्ड क्रमांक 05 मणिकंचन केन्द्र के सामने वर्मीटांका निर्माण कार्य (स्टैण्डर्ड प्राक्कलन राशि-9959.00 रू प्रतिनग अथवा अन्य समसामयिक निर्देश अनुसार लागत) | 1.992 | 2000.00 | 350.00 | फार्म ''A'' | 30 दिवस |

**नियम व शर्ते :-** शर्ते कार्यालय के निर्माण शाखा में देखी जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय जानकारी http:// www.uad.cg.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार**
**जिला-बलौदाबाजार**

संपादकीय

## संघीय व्यवस्था का विरोध विपक्ष की रणनीति

**केंद्रीय** शक्तियों के विरोध की पंजाब व महाराष्ट्र में विपक्ष ने नई रणनीति अपनाई है। विपक्ष अपने शासित राज्यों में कृषि कानूनों तथा सीबीआई के अधिकार क्षेत्र के बारे में केंद्र का विरोध कर दिल्ली में सत्तारूढ़ भाजपा से राजनीतिक मुकाबला कर रहा है। पंजाब ने तीन कृषि कानूनों को चुनौती देते हुए अपने संशोधन कानून बनाए हैं तथा महाराष्ट्र ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई के राज्य में जांच के अधिकार से सहमति वापस ले ली है। संवैधानिक रूप से पंजाब सरकार विधेयकों को पहले राज्यपाल और फिर राष्ट्रपति के पास भेजे जाने की प्रतीक्षा करेगी। केंद्र सरकार की सलाह पर काम कर रहे राष्ट्रपति की इनको अनुमति मिलने की संभावना नहीं है। इसके बाद राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय में जाने का रास्ता अपना सकती है। इसी प्रकार राज्य भले ही सीबीआई जांच से सहमति वापस ले ले, पर वह इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनदेखी नहीं कर सकता है। पंजाब सरकार का तर्क है कि कृषि राज्य सूची का विषय है और केन्द्र का इस पर अधिकार नहीं है, जबकि केन्द्र का कहना है कि कृषि उत्पादों के व्यापार व वाणिज्य से संबंधित होने के कारण तीनों कानूनों का संबंध समवर्ती सूची से है। पंजाब सरकार कृषि कानूनों में संशोधन से सुनिश्चित करना चाहती है कि पुरानी व्यवस्था जारी रहे तथा समानान्तर बाजार से कमजोर न हो। पहले संशोधित कानून में गेंहू व धान के लिए केन्द्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी देना जरूरी है और इसका उल्लंघन करने वाले को दंड दिया जाएगा। दूसरे कानून में कृषि उत्पादन मंडी समिति-एपीएमसी के बाहर निजी खरीदारों द्वारा किए जाने वाले सौदों पर बाजार फीस या लाइसेंस जरूरी होगा जिसे केन्द्रीय कानून ने समाप्त कर दिया है। तीसरे कानून में संशोधन से अनिवार्य वस्तुओं के उत्पादन, सप्लाई व वितरण की असीमित सीमा को समाप्त कर पंजाब सरकार को नियंत्रण का अधिकार वापस दिया गया है। राज्य का कहना है कि केंद्र ने कृषि कानूनों के बारे में जल्दबाजी की है और क्रियान्वयन की व्यावहारिकताओं पर ध्यान नहीं दिया है। उसका आरोप है कि कृषि मंत्री ने सभी पक्षों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन देने से इनकार कर दिया, जबकि भाजपा के किसान संगठन भी इन पर आपत्ति कर रहे थे। उसने पूछा है कि क्या केन्द्र एमएसपी को अनिवार्य घोषित नहीं कर सकता था, जबकि इससे किसानों के मन में पैदा आशंकायें दूर हो जातीं। यदि केन्द्र सरकार जीएसटी की तरह विमर्श के बाद समावेशी माडल अपनाती तथा विधेयकों पर संसदीय समितियों में विचार करती तो चीजें ज्यादा बेहतर स्थिति में होतीं। जीडीपी में कृषि का हिस्सा 16 प्रतिशत है और किसान सभी पार्टियों के मतदाताओं में शामिल हैं, इसलिए उनकी बात पर अवश्य ही गौर करना चाहिए था। आज किसान खेती में भारी लागत, कम उत्पादकता तथा गिरते मूल्यों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उनको विश्वास में लेना जरूरी है। महाराष्ट्र सरकार ने अन्य विपक्षी राज्यों बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान की तरह पहले सीबीआई जांच को दी गई आम सहमति वापस ले ली है। उसने कहा है कि ऐसी जांच हस्तक्षेपकारी तथा राजनीति से प्रेरित होती है। ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार सहयोगी संघवाद के कुछ आयामों पर नहीं चल रही है, जबकि 2014 के बाद अपने पहले कार्यकाल में वह इसी रास्ते पर चल कर जीएसटी लागू कराने में सफल हुई थी। शायद 2019 में भारी विजय के बाद उसने संघीय स्पेस पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। हालांकि, केंद्र-प्रायोजित योजनाओं की कठोर निगरानी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उसके द्वारा उठाए कदमों का बीजू जनता दल जैसी क्षेत्रीय शक्तियों ने समर्थन कर उनको राज्यसभा में पास कराने में सहायता की है। स्वास्थ्य राज्य सूची का विषय है, पर कोविड नियंत्रण के मामले में भी राज्यों पर दबाव डाला गया, जबकि अनेक राज्यों ने इससे निपटने के अपने तरीके विकसित किए हैं। कुछ राज्य अब केन्द्र के विपरीत नीतिगत दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

# शराबबंदी की राजनीति

### शराब पर प्रतिबंध लगाने के जोश में नीतीश कुमार की सरकार ने अत्यन्त कठोर कदम उठाए हैं। नशाखोरी की समस्या से निपटने के बेहतर तरीके भी हैं।



**अजय कुमार**
(लेखक पूर्व आईपीएस तथा पूर्व सांसद हैं)



अमेरिका में शराब पर प्रतिबंध लगाने वाला वोलस्टड कानून 1920 में पास किया गया था। यह शराब बंदी लगभग 14 साल जारी रही और इसने एक समानान्तर अवैध अर्थव्यवस्था बना दी। इससे माफिया उभरे तथा ऐसा राज्य प्रायोजित ढांचा बना जिसमें अमीरों व शक्तिशाली लोगों को सुरक्षा दी गई थी, पर वह गरीबों पर भारी पड़ रहा था। उस समय की मीडिया खबरों से पता चलता है कि अमेरिका में एक खास मजेदार घटना हुई थी। जब पुलिस ने डेनवर में एक बार पर छापा मारा तो उनको वहां स्थानीय कांग्रेस सदस्य, मेयर व शेरिफ मदिरापान करते मिले। कोई सोच भी नहीं सकता था कि 1920 के डेनवर व वर्तमान बिहार में समानता होगी।

मजेदार बात है कि यदि आप इस लेख का पहला पैरा न पढ़ें तो लगेगा कि हम नीतीश कुमार के बिहार और खासकर उनकी शराबबंदी के बारे में बात कर रहे हैं। शराबबंदी व बिहार में उसे लागू करने के कठोर तरीकों से राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग की छवि खराब हुई है। शराबबंदी ने शासन-प्रशासन के सामने भारी समस्यायें खड़ी की हैं तथा संसाधनों की बरबादी का कारण बनी है, जबकि इन संसाधनों का प्रयोग अन्य बेहतर कामों में किया जा सकता था।

शराबंदी कठोरता से लागू करने के तरीकों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि नीतीश कुमार ने अचानक एक दिन तय कर लिया कि बिहार में शराबबंदी होनी चाहिए। सरकार को इतना बड़ा निर्णय लेने के पहले शराबबंदी की प्रभावशीलता पर कुछ शोध करना चाहिए था। उसे कम से कम जमीनी स्तर पर इस नीति की भयानक विफलता स्वीकार करते हुए अब अपनी गलती माननी चाहिए। लेकिन शायद बिहार की वर्तमान सरकार में इस दूरदृष्टि का अभाव है और वह अपनी गलतियां स्वीकारने को तैयार नहीं है।

सवाल है कि आखिरकार शराबबंदी को बिहार में नीतीश सरकार के प्रशासन का बैरोमीटर क्यों माना जाता है? हमें इस कदम की कठोरता पर विचार करना चाहिए। यह प्रतिबंध केन्द्र सरकार द्वारा लिए नोटबंदी के निर्णय की तरह संपूर्ण था। उम्मीद करनी चाहिए थी कि सरकार पहले यह विचार कर लेती कि जमीनी स्तर पर इस कदम को जनता का व्यापक समर्थन मिलेगा या नहीं। इस नीति के परिणामस्वरूप नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री गैरी बेकर द्वारा प्रयुक्त शब्दों के अनुसार 'तार्किक अपराध' जैसी स्थिति बन गई है। इसका अर्थ तार्किक लोगों द्वारा किया अपराध है क्योंकि वे अपराध करते समय पकड़े जाने पर संभावित दंड पर ज्यादा ध्यान देते हैं, लेकिन वास्तव में पकड़े जाने की संभावना पर ज्यादा गौर नहीं करते हैं। बिहार में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने के मामले में पकड़े जाने पर दंड बहुत कठोर है, पर वास्तव में पकड़े जाने की संभावनायें बहुत कम हैं। इसे दूसरे शब्दों में कहें तो बिहार में पुलिस या संबंधित अधिकारियों की मुट्ठी गरम करने अथवा वीआईपी होने पर शराबबंदी कानून के उल्लंघन में पकड़े जाने की संभावना बहुत कम है। लेकिन यह बात आम नागरिक पर लागू नहीं होती है।

> शराबबंदी व बिहार में उसे लागू करने के कठोर तरीकों से राज्य में राजग की छवि खराब हुई है। शराबबंदी ने शासन-प्रशासन के सामने भारी समस्यायें खड़ी की हैं तथा संसाधनों की बरबादी का कारण बनी है, जबकि इन संसाधनों का प्रयोग अन्य बेहतर कामों में किया जा सकता था। सरकार को इतना बड़ा निर्णय लेने के पहले शराबबंदी की प्रभावशीलता पर कुछ शोध करना चाहिए था।

वास्तव में बिहार में जमीनी स्तर पर असली शराबबंदी नहीं है। हालांकि, शराब पर प्रतिबंध है, पर यह व्यवहार के बजाय अवधारणा के स्तर पर ज्यादा सही है। आप जहां चाहें वहां शराब मिल सकती है। बताया जाता है कि एक बड़े राष्ट्रीय दैनिक के रिपोर्टर से एक ट्रैवल एजेंट ने कहा, 'शराबंदी क्या है? दारू सब जगह, यहां तक कि स्थानीय पुलिस थानों में उपलब्ध है।' हो सकता है कि उसका यह दावा गलत हो, पर नीतीश सरकार द्वारा लागू शराबबंदी ने ग्राहकों को शराब सप्लाई करने वालों के बीच भीड़ की हिंसा को जन्म दिया है। चूंकि, अदालत के माध्यम से शराब के दूसरे वितरक को चुनौती नहीं दी जा सकती है, इसलिए एकमात्र विकल्प हिंसा के माध्यम से स्थानीय स्तर पर एकाधिकार स्थापित करना है। अमेरिका में शराबबंदी के दौरान अक्सर कुछ लोग भीड़ को भड़का कर हिंसा कराते थे क्योंकि उनको प्रतिबंध से भारी मुनाफा होता था। बिहार में अक्सर कुछ पुलिस व सरकारी अधिकारी एकाधिकार स्थापित करने के प्रयासों में संलिप्त पाए जाते हैं क्योंकि इससे उनको आर्थिक लाभ होता है। इस स्थिति का खामियाजा शराब सप्लायरों के बजाय ग्राहकों को भुगतना पड़ता है। पटना में पुलिस मुख्यालय के नवीनतम रिकार्डो के अनुसार अप्रैल, 2016 तथा इस वर्ष जनवरी के बीच अवैध शराब रखने के संबंध में कुल 2,12,323 गिरफ्तारियां हुईं। इन गिरफ्तारियों में केवल 19,500 सप्लायर थे। गिरफ्तार किए गए अधिकांश लोग ऐसे गरीब थे जो रिश्वत नहीं दे सकते थे, जबकि भ्रष्टाचार से कमाई करने वाले अधिकारियों को दंड देने की ज्यादा घटनायें सामने नहीं आई थीं। शराब के लिए रिश्वत देने की व्यापक भ्रष्ट व्यवस्था से सभी परिचित हैं तथा बहुत से लोगों ने इसकी शिकायत की है। अनेक लोगों को शराबबंदी के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

शराबबंदी के कारण एक और समस्या सामने आई है। खतरनाक किस्म की नकली शराब व्यापक रूप से उपलब्ध है। इसका कारण शराब रखना जोखिम का काम है, इसलिए अनेक नकली शराब बनाने वाले तत्व इसका लाभ उठाते हैं। थोड़ी मात्रा में ज्यादा नशीली शराब की इच्छा से लोग नकली शराब का प्रयोग करते हैं। नकली शराब के उपभोग से खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली मौतों की संख्या बढ़ी है, क्योंकि वहां अमीरों व शक्तिशाली लोगों द्वारा प्रयोग की जाने वाली शराब खरीदने की क्षमता नहीं है। अमेरिका के उदाहरण पर गौर करें। यदि बिहार की तुलना शराबबंदी के युग वाले डेनवर से की जाए तो अनेक समानतायें मिल सकती हैं। पुलिस द्वारा डाले गए छापों में बारों में पुलिस अधिकारी व वरिष्ठ राजनेता मदिरापान करते मिल सकते हैं, पर बाहर मरते गरीब दिख सकते हैं।

इस गलत योजना पर लगने वाले संसाधनों से अन्य पहलकदमियां संभव नहीं हो पा रही हैं। यदि शराब बिक्री को नियंत्रित कर इस पर टैक्स लगाया जाए तो राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा जिसका प्रयोग शिक्षा व रोजगार बढ़ाने में किया जा सकता है। इसके बजाय वर्तमान समय में राज्य के संसाधनों का समुचित वितरण सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। आर्थिक व श्रमशक्ति के रूप में इसका प्रयोग मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना के लिए हो रहा है। पुलिस बल की शक्ति में कमी का अर्थ अन्य अपराधों में वृद्धि भी है। कुछ भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों को शराब उपयोगकर्ताओं से आसानी से पैसा मिल सकता है, अतः वे बलात्कार व हत्या जैसे अपराधों पर लगाम लगाने में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। कुछ लोगों को उम्मीद हो सकती थी कि भाजपा नीतीश के इस व्यवहार को ठीक करने का प्रयास करती, लेकिन वह उनका समर्थन कर रही है। कठोर शराबबंदी का पालन करने वाले गुजरात की तरह बिहार में भी शराबबंदी को केन्द्र सरकार का समर्थन प्राप्त है।

# जब घाटी में बरपा था पाकिस्तानी कहर!

> "आपरेशन गुलमर्ग की साजिश रचकर पाकिस्तान ने 22 अक्टूबर 1947 के दिन अपने कबीलाई लड़ाकों को जम्मू-कश्मीर भेजकर हिंसा का तांडव मचाया था।"



**राघवेंद्र सिंह**
(लेखक संस्कृति मंत्रालय में सचिव हैं)

22 अक्टूबर इतिहास का एक काला दिन है और भारत भी घाटी में हिंसा व आतंकवाद भड़काए जाने में पाकिस्तान की भूमिका के विरोध में इसे याद कर रहा है। आपरेशन गुलमर्ग की साजिश रचकर पाकिस्तान ने 22 अक्टूबर 1947 के दिन अपने कबीलाई लड़ाकों को जम्मू-कश्मीर भेजकर कुकृत्य को अंजाम दिया था। मुज़फ्फराबाद, दोमेल और उरी में तांडव मचाकर कबायली लश्करों ने पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों के नेतृत्व में 26 अक्टूबर को बारामूला में प्रवेश किया और तबाही मचाई। 10 नवंबर को दि न्यूयॉर्क टाइम्स में राबर्ट ट्रंबुल द्वारा प्रकाशित खबर आक्रांताओं द्वारा शहर में खेले गए मौत तथा विध्वंस के तांडव से संबंधित थी। कबायलियों का सामना बेबस निवासियों की रक्षा के लिए आगे बढ़ रहे भारतीय सैनिकों से होने के पहले शहर को उसकी संपदा व गरिमा से विहीन कर दिया गया था। उन भयावह घटनाओं से बचकर निकले लोगों के अनुमानों के अनुसार चार यूरोपियों एवं एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश सैन्य अधिकारी, कर्नल डाइक्स, एवं उनकी गर्भवती पत्नी समेत, उनके लगभग 3,000 निवासी साथी मौत के घाट उतार दिए गए थे। जब आक्रांता 26 अक्टूबर को शहर में पहुंचे, महसूद कबायली की एक पार्टी ने संत जोसफ के फ्रांससिस्कन कान्वेंट परिसर की दीवार लांघकर कान्वेंट अस्पताल व गिरजाघर पर हमला बोल दिया। 24 घंटे बाद जब भारतीय सेना बारामूला पहुंची, तब लगभग 14,000 की जनसंख्या में से केवल 1,000 लोग बाकी बचे थे।

संबद्ध प्रेस छायाकार, मैक्स डेस्पोट, ने 2 नवंबर को बताया कि उसने कश्मीर घाटी के एक हिस्से के ऊपर से उड़ान भरते हुए 20 से अधिक गांवों को आग की लपटों में घिरे देखा था, जो श्रीनगर के 20 मील तक फैले हुए थे। आक्रमणकारियों ने गांवों को आग के हवाले कर दिया, जो घाटी में घम रहे और श्रीनगर की दिशा में बढ़ रहे थे। लंद के डेली एक्सप्रेस के सिडनी स्मिथ उन दस दिनों के दौरान बारामूला अस्पताल में थे तथा उन्होंने सबसे पहले कान्वेंट पर हुए हमले की खबर दी थी। ''कबायली लश्कर पहाड़ों से नीचे उतरकर शहर के दोनों तरफ से आए थे। वे दोनों ओर से अस्पताल की दीवारों पर चढ़े थे। पहले समूह ने मरीजों पर गोलियां बरसाईं। एक 20 वर्षीय भारतीय नर्स, फिलोमेना, ने एक मुस्लिम मरीज़ को बचाने की कोशिश की जिसने थोड़ी देर पहले ही बच्चे को जन्म दिया था। पहले उसे गोली मार दी गई और उसके बाद उस मां को भी। मां सुपीरियर एल्डेट्रूड वार्ड की ओर भागी, और फिलोमेना के ऊपर गिर गईं, मगर उस पर हमला किया गया। जब सहायक मां, टेरेसालीना ने मां एल्डट्रूड की ओर कबायली को राइफल तानते देखा, वो उसके सामने कूद कर आ गई और एक गोली टेरसालीना के हृदय को चीरते हुए निकल गई। उस क्षण, कर्नल डाइक्स, कबायलियों पर चिल्लाते हुए मां सुपीरियर को खबरे से बाहर निकालने अपने कमरे से दौड़कर गए। लेकिन मां सुपीरियर को गोली मार दी गई और कर्नल भी उसके साथ गिर पड़े, जिनके पेट में गोली लगी थी।

उनकी पत्नी अपने पति की मदद करने उनके कमे से दौड़कर गईं, मगर उन्हें भी गोली मार दी गई। जब यह सब चल रहा था, एक आंग्ल भारतीय, जी बोरेटो, नौ ननों के सामने बगीचे में मार डाला गया। फिर ननें गोली चलाने वाले दस्ते के समक्ष कतार में खड़ी हो गईं। हमने अगले दिन से पहले श्रीमती डाइक्स को नहीं देखा। खबर आई कि एक अन्य मिशन के प्रमुख मेजर रोनाल्ड डेविस, एक वेल्शमैन, तथा उसकी दो अंग्रेजी महिला सहायकों को भी मौत के घाट उतार दिया गया था। कहा जाता है कि अन्य सहायक को भी पहाड़ों पर ले जाया गया था।''

बारामूला के अब्दुल रहमान, ने भी, अपने अवलोकनों को दर्ज कराया और कहा कि हमलावरों ने शुरुआत हिन्दुओं को लूटने से की, सिखों के घर जला दिए और उन्हें मार डाला। इस नरसंहार और लूट के परिणामस्वरूप, सिख और हिन्दू, अपने घरों को जलता छोड़कर बारामूला छोड़कर चले गए और उनकी अधिकतर महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए और उन्हें अपहृत कर लिया गया। हमलावरों ने शुरुआत में मुसलमानों को नहीं छुआ, शायद वे उनकी सहानुभूति जीतना चाहते थे। चंद दिनों पश्चात जब उन्होंने पाया कि उन्हें घाटी से खदेड़कर बाहर कर दिया जाएगा, तो वे सब पर हमले करने लगे। उन्होंने भरपूर लूट मचाई, व बलात्कार किए। जो भी उनके मार्ग में आया उसे मार डाला। हमलावर वापस जाते समय सोने, चांदी, कीमती कपड़े आदि सब अपने साथ ले गए।

बारामूला के वज़ीर-ए-वज़ारत के अनुसार, कबायली लश्कर चौधरी फैजुल्लाह 30-40 लोगों के समूहों के साथ प्रविष्ट हुआ। उनमें से 5,000 बारामूला में केंद्रित थे। वे अधिकतर कबीलाई थे जिनमें कुछ पंजाबी मुसलमान थे। वे सभी हथियारों से लैस थे और पाकिस्तानी सेना एवं फ्रंटियर कांस्टैबलरी अधिकारियों के नेतृत्व में चल रहे थे। स्थानीय मुस्लिम कांफ्रेंस के लोगों ने हमलावरों के साथ मिलकर उनका मार्गदर्शन किया। जिस दिन से हमलावर कस्बे में दाखिल हुए, उन्होंने गैर मुसलमानों को मारना प्रारम्भ कर दिया और सभी मजबहों के लोगों के घरों को लूटा व जला डाला व महिलाओं के साथ बलात्कार किए। वे 10-12 लोगों के समूहों में घरों में घुसते, उन्हें लूटते और कीमती वस्तुएं, कपड़े व खाद्य सामग्री आदि साथ ले जाते। इस लूट के सामान को ले जाने के लिए लगभग 280 लारियों का इस्तेमाल किया गया था। 7 नवंबर को भारतीय सेना द्वारा उस पर पुनः कब्जा किए जाने के बाद पाकिस्तानी आक्रांता छोड़कर वापस चले गए। 11 नवंबर को दि टाइम्स आफ लंदन ने खबर छापी थी कि बारामूला के निवासी भारतीय सैनिकों को देखर प्रसन्न नजर आ रहे थे। प्रेस ने इस तथ्य की गवाही दी कि कान्वेंट और अस्पताल भारतीय हवरई हमलों में नष्ट नहीं हुए थे जैसा कि पाकिस्तानी वायरलेस पर बयानों में बताया गया था।

## फरमाया



**मैं** आचार संहिता पर जल्द नतीजा निकलने की अपनी उम्मीद दोहराता हूं। मैं अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक शांतिपूर्ण विवाद समाधान के लिए आह्वान करता हूं।

– **ऐंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**जब** तक सरकार परिवारों के हाथों में धन और गरीबों की थाली में भोजन नहीं पहुंचाएगी तब तक अर्थव्यवस्था का पुनरुत्थान नहीं होगा।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता



**असाधारण** कोरोना संकट के दौरान किसानों के कठिन परिश्रम की बदौलत हम अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव को कम करने में सफल हुए हैं।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## स्वागतयोग्य कदम

**पुलिस** स्मृति दिवस के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संख्या में इजाफा करने, उन्हें नई तकनीकों से लैस करने एवं पुलिस विभाग के लिए अन्य कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की मंशा जाहिर करी है। सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। पुलिस व सुरक्षा बलों पर नागरिकों की सुरक्षा का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। उनकी ड्यूटी भी आम नौकरियों से सख्त, समय की पाबंद और जटिल होती है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्हें अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होता है। हमारी सुखद नींद के पीछे उनका त्याग छुपा होता है। अतः उनकी सेवा शर्तें भी आकर्षक होना चाहिए। प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए। पुलिस का आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। अपराधियों के द्वारा अपराध करने के नवीन तरीकों एवं साइबर क्राइम के बढ़ते ग्राफ से निपटने के लिए पुलिस को नवीन प्रणालियों से सुसज्जित करना आवश्यक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्य सरकारों को भी जनसंख्या के मान से पुलिस भर्ती हेतु निर्देश प्रसारित करना चाहिए। जनता के सहयोग, विश्वास और सतर्क व्यवहार से हमारी पुलिस बेहतर परिणाम दे सकती है।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

## खाकी वालों की कद्र नहीं

**खाकी** के सपूत बिन सोचे अपने बारे में दूसरों के लिए जीवन अपना कुर्बान कर देते हैं, यकीनन नहीं मिलता वह गौरव पुलिस को फिर भी वह सर्वोच्च बलिदान देते हैं। सुबह हो या शाम ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, आंदोलन, धरना, प्रदर्शन को संभालते हैं बेशक़ लोगों की जिंदगी में फरिश्तों से कम नहीं होते खाकी रंग के फ़रिश्ते वाले वह शख्स। पुलिस एक आम आदमी को सुरक्षा का भरोसा देती है जिससे अपराधियों के मन में खौफ पैदा होता है, लेकिन फिर भी हमारे देश में कानून की रक्षा करने वाले इन पुलिसकर्मियों को उनके हिस्से का आदर नहीं मिल पाता है। पूरे देश में हालही में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया था, व यह दिन वर्ष 1959 में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए भारतीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की याद में मनाया जाता है। 21 अक्टूबर से भारत और चीन के बीच वर्ष 1962 में युद्ध शुरू हुआ था लेकिन एलऐसी पर चीन की तरफ से हमले की शुरुआत उससे पहले ही हो गई थी। 15 अगस्त 1947 से लेकर अब तक 35 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों ने अपना बलिदान दिया है। देशभर के पुलिस के जवानों ने कोविड-19 के इस संकटकाल में लोगों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

## सुधार की आवश्यता

**गरीबी** और भूख मानवता के सबसे बड़े अभिशाप हैं। हाल ही में इस पर अलग-अलग वैश्विक सर्वेक्षण सामने आए हैं। जिसमें भारत की स्थिति अत्यंत बदतर होने की दिशा में ही आगे बढ़ती हुई दिख रही है। वैश्विक भूख सूचकांक में भारत को सूडान जैसे अत्यंत पिछड़े हुए देशों के साथ रैंकिंग साझा करनी पड़ी है। यह हमारे गरीबी उन्मूलन और पोषण कार्यक्रमों की असफलता को प्रमाणित करता है। लिहाजा सरकार को तत्काल इनसे संबंधित सभी कार्यक्रमों में सुधार सम्बन्धी प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली भ्रष्टाचार और अनियमितता की सबसे बड़ी योजनाओं में से है। अतः इसमें गुणात्मक सुधार करते हुए इसे पोषण से जोड़ा जाना चाहिए और पात्रता मानदंडों को पुनः परिभाषित करते हुए अपात्रों को बाहर करने और पात्रों को जोड़ने के लिए अभियान की जरूरत है। गैस सब्सिडी छोड़ने के अभियान की सफलता के बाद अब पीडीएस का लाभ ले रहे सक्षम लोगों से इसका लाभ न लेने का अभियान भी चलाया जा सकता है।

– **वीरेंद्र बहादुर पांडे**, गोंडा

# बालोद जिले के गौठानों में गोबर से बने ''बालोद दीपक'' से रोशन होगा दीपावली

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

दीपावली का त्यौहार इस वर्ष गोबर से बने ''बालोद दीपक'' से भी रोशन होगा। जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा की संगम स्वसहायता समूह की महिलाए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के मार्गदर्शन में गोबर से रंगबिरंगे आकर्षक दीये बना रही हैं। इसका नाम ''बालोद दीपक'' रखा गया है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बुधवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर के साथ ग्राम गुजरा पहुँचकर स्वसहायता समूह द्वारा बनाए जा रहे गोबर के दीयों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने समूह की मेहनत और कला की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कलेक्टर महोबे ने कहा कि गोबर से बने ''बालोद दीपक'' का विक्रय राजधानी रायपुर सहित अन्य जिलों में भी किया जाएगा। उन्होंने शीघ्र ही ''बालोद दीपक'' का पैकेजिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्थानीय स्तर तथा नगरीय क्षेत्रों में स्टॉल लगाकर ''बालोद दीपक'' का विक्रय शुरू कराने की बात कही। संगम स्वसहायता समूह की सदस्यों ने कलेक्टर को बताया कि वे लगभग एक माह पूर्व गोबर के दीये बनाना शुरू किए हैं। अब तक पॉच हजार से भी अधिक दीया बना लिए हैं और विक्रय भी शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि गोबर के दीया के अतिरिक्त गोबर से स्वास्तिक, शुभ-लाभ व मोमबत्ती दीया भी बनाए हैं। समूह की सदस्यों ने बताया कि अब एक दिन में लगभग एक हजार दिये बना लेते हैं। कलेक्टर ने गोबर से सजावट की सामग्रियॉ भी निर्मित करने समूह को प्रोत्साहित किया।



**कलेक्टर ने दीयों का अवलोकन कर स्वसहायता समूह का किया उत्साहवर्धन**



**गोबर से बने ''बालोद दीपक'' का विक्रय राजधानी सहित अन्य जिलों में भी होगा- कलेक्टर महोबे**

### पांचों विकासखण्ड से 50 हजार महिलाएं शामिल

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के सहायक परियोजना अधिकारी नितेश साहू ने बताया कि गोबर से दीये और अन्य सामग्रियों के निर्माण हेतु जिले के पॉचो विकासखण्ड में यह आजीविका गतिविधि संचालित की जा रही है, जिसमें पचास महिलाए शामिल हैं। जिनके द्वारा दीया, नारियल कलश, कछुआ दीया, गुल्लक आदि आकृति भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक पचास हजार दीये, पन्द्रह सौ ओम, पन्द्रह सौ श्री एवं दो हजार शुभ-लाभ तैयार किया जा चुका है तथा सामाग्री निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर समूह की सदस्य आदि उपस्थित थे।

## बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामीण अंचल में लाखों रुपये के पहुंच मार्गो का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा के समूचित विकास हेतु कृत संकल्पित होकर जुटे हुए है,बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण अंचलों की मुख्य मार्गो, स्कूल पहुँच मार्ग निर्माण, आगनबाड़ी पहुँच मार्ग कार्य विधायक आशीष छाबड़ा की अनुसंसा पर लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत ग्रामीण अंचलों में विभिन्न पहुँच मार्गो का विधायक आशीष छाबड़ा ने भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि पूरे प्रदेश में यसस्वी मुख्यंमंत्री.भूपेश बघेल ने शासकीय स्कूल, आगनबाड़ी, अस्पताल, पँचायत भवन पहुँच मार्गो के नाम से मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना कि सुरुवात किया है,जिसका लाभ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्रवासियों को मिल रहा है,शासकीय स्कूल,आगनबाड़ी में जाते समय कीचड़ से गुजर के जाना पड़ता था,लेकिन प्रदेश मुखिया ने इस समस्या को समझते देखते हुए इसके निदान हेतु तत्काल मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना कि सुरुवात किया,जिसका लाभ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्रवासियों को मिल रहा है।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा ने बेमेतरा ब्लाक के ग्राम पँचायत मटका पहुच सुगम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्र.30 से मटका पहुच मार्ग से आगनबाड़ी एव ग्राम पँचायत भवन पहुँच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19 लाख 93 हजार एव राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्र.30 से मटका पहुच मार्ग से प्रा.शाला एव पूर्व मा.शाला पहुच मार्ग निर्माण कार्य राशि 19 लाख 98 हजार का विधि विधान से भूमि पूजन किये।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने कोरोना काल मे भी बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास के पहिये थमने नही दिये है लगातार विधायक आशीष छाबड़ा ने विभागीय अधिकारियों और विभागीय मंत्रियों से संपर्क साध कर बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विकास मुलक कार्यो को पहली प्राथमिकत्ता में पूरा कराया है, जिसका प्रतिफल बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र की जनता को जल्द ही देखने लगेगा विधायक आशीष छाबड़ा ने पहुँच मार्ग की स्वीकृति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित लोकनिर्माण मान.ताम्रध्वज साहू का आभार व्यक्त किया है,जिनकी छत्रछाया में बेमेतरा विकास के नये आयाम गढ़ राहा है साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्रामवासियों के मांग पर ग्राम मटका में मिनी माता जल जीवन योजना के अन्तर्ग पानी टँकी निर्माण की घोषणा किये साथ ही लोकनिर्माण विभाग से पहुँच निर्माण कार्य की घोषणा की।

## डेयरी महाविद्यालय और दुग्ध शीतलीकरण संयंत्र स्थापित होगा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के बाबामोहतरा में: आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के साथ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले डेयरी महाविद्यालय भवन स्थल चयन हेतु बेमेतरा विधानसभा के ग्राम बाबामोहतरा का दौरा किया तथा बताया कि जल्द ही जिले के मंत्री तथा प्रदेश के कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के छत्र- छाया का लाभ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र को डेयरी महाविधालय के साथ दुग्ध शीतलीकरण संयंत्र की सौगात मिलने वाली हैजिससे बेमेतरा की ख्याति फैलने के साथ साथ क्षेत्र के पशुपालकों एव किसानो को विशेषकर लाभ मिलने वाला है विधायक आशीष छाबड़ा कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के साथ बाबामोहतरा के ग्रामीणों से मिले जिससे ग्रामीणों के द्वारा ग्राम बाबामोहतरा में आबादी भूमि नही होने से मंत्री महोदय के समक्ष गुहार लगाई की बबमोहतरा में रिक्त पड़ी घास भूमि को आबादी भूमि घोषित किया जावे जिससे ग्राम की बढ़ती आबादी को निवास की सुविधा मिल सके साथ ही ग्रामिणो द्वारा गौठान निर्माण हेतू कृषि मंत्री एव विधायक आशीष छाबड़ा से मांग की गई जिसपर कृषि मंत्री ने बेमेतरा कलेक्टर को गौठान स्वीकृती हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए कृषि मंत्री ने विधायक आशीष छाबड़ा के साथ कृषि महाविधालय ढोलिया का आस्मिक निरीक्षण किया तथा महाविधालय प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए विधायक आशीष छाबड़ा ने कृषि मंत्री द्वारा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में कृषि विभाग के माध्यम से कराये जा रहे कार्यो के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## सब्जी बाजारों में बिना मास्क के घूमने वालों से निगम ने वसूला जुर्माना, गंदगी फैलाने वालों पर भी की गई कार्रवाई, 31 लोगों पर लगाया गया 4900 अर्थदंड









पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सब्जी बाजारों का निरीक्षण किया गया बिना मास्क के सब्जी लेने आए व्यक्तियों से जुर्माना वसूला गया, सोशल डिस्टेंस पालन करने की हिदायत दी गई! निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने गंदगी फैलाने वाले एवं मास्क नहीं पहनने वाले लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं! इसी तारतम्य में गंदगी फैलाने वाले और प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी का उपयोग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। निगम क्षेत्र के बाजार क्षेत्र, होटल, व सड़क किनारे तथा चौक चौराहा का निरीक्षण किया गया! नेहरूनगर, वैशालीनगर तथा शिवाजीनगर जोन क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने व्यवसायियों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 31 लोगों से 4900 रूपए अर्थदंड वसूले! जोन कार्यालय के स्वास्थ्य विभाग की टीम नेहरु नगर, सुपेला बाजार, आकाशगंगा, गोल मार्केट, वैशालीनगर, शांतिनगर, पॉवर हाउस, नंदिनी रोड, अंडा चौक अंतर्गत होटल, चाय, नाश्ता ठेला व अन्य खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले दुकानों का निरीक्षण किया और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की। जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा व महेश पाण्डेय ने बताया कि जोन क्षेत्र अंतर्गत ठेले पर चाय, नाश्ता, फास्ट फूड का पथ व्यवसाय करते है!

उनके द्वारा खाद्य पदार्थों के गीले एवं सूखे कचरे को आस पास ही अनियंत्रित तरीके फेंककर गंदगी फैलाने तथा नास्ता प्लेट व डिस्पोजल को एकत्र करने डस्टबिन नहीं रखने तथा चाय डिस्पोजल व नाश्ता प्लेट अनियंत्रित तरीके से फेंक दिया जाता है! ऐसे 31 व्यवसायियों से 4900 रुपए अर्थदंड वसूला गया। ठेले संचालकों को समझाईश दी गई गीला एवं सूखे कचरे को एकत्रित कर रखें और निगम के कचरा वाहन में डाले ताकि कचरे को व्यवस्थित किया जा सके।

### इनसे वसूला गया जुर्माना

जोन 01 में जानकेश्वर गुप्ता से 100 रू, रामशिगार से 100 रू, कन्हैया पान मसाला से 200 रू, चंद्रकुमार कोसानगर से 200 रू, कोसानगर के सोनू व राजू द्वारा प्रतिबंधित कैरी बैग उपयोग करने पर 200 - 200 रू, शैलेष कुमार से 200 रू, संतोष से 200 रू, रितु से 100 रू, मुकेन्दर से 100रू, अमित से 100 रू, सुनील चॉट सेन्टर से 200 रू, रामसागर से 200 रू, धर्मेन्द्र से 200 रू, साहू चॉट सेन्टर से 200 रू, सविनय से 200 रू, राजूप्रसाद से 200 रू, गंदगी फैलाने पर पी. वेकन्ट राव से 100 रू, राजू से 300 रू, मो. ताफिक से 100 रू, जगन्नाथ से 100 रू, दिनेश से 100 रू, राजेश 100 रू, शंकर से 100 रू तथा अन्य से कुल 4900 रुपए अर्थदंड वसूला गया।

## जागरूक युवा संगठन ने किया बुजुर्गों का सम्मान



**बेमेतरा।** समीपस्थ ग्राम सिरवाबान्धा में संचालित समाज सेवी संस्था जागरूक युवा संगठन ने विगत दिनों अपना अठ्ठारहवा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्था द्वारा गाँव के दस बुजुर्ग महिला व पुरूष साड़ी, लुंगी व नरियल भेट कर समानित किया। विदित हो कि उक्त संस्था द्वारा गांव में विगत अठ्ठारह वर्षो से निस्वार्थ भावना से अपने स्वयं की धनराशि से स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, शिक्षा, पर्यावरण, खेलकूद, महिला उत्थान,नशाबंदी के क्षेत्र में अनेक रचनात्मक काम किया जा रहा है। इस अवसर पर संगठन प्रमुख भुवन दास जांगड़े, सदश्य अर्जुन जांगड़े,संजीव पात्रे, मोहित बंजारे, सरपंच प्रतिनिधि योगेश जांगड़े, उपसरपंच अघनु टण्डन, पंचगण व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## देवी मंदिरों में महा अष्टमी पर्व पर हवन यज्ञ के साथ महाआरती

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के जिला मुख्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित मां देवी के मंदिरों में शारदीय नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर श्रद्धा भक्ति आस्था के साथ हवन आरती कर पूर्ण आहुति दी गई। कोरोना वायरस के कारण शारदीय नवरात्रि पर्व में इस बार बिना किसी तामझाम के साथ देवी मंदिरों में अष्टमी का पर्व आस्था श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया सुबह मंदिरों के आचार्यो के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई वैदिक मंत्रों के साथ आरती किया गया तथा वहीं दोपहर कुछ देवी मंदिरों में दोपहर को ही आर्चायो के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ पुनः पूजा-अर्चना और हवन किया गया तदुपरांत महाआरती कर पूर्ण आहुति दी गई इसी तरह कई देवी मंदिरों में दोपहर को पूरा आरती के साथ पूर्ण आहुति दी गया दिया गया जबकि कई स्थानों में शाम के समय यह आयोजन किया गया बता दें कोरोनावायरस के चलते इस बार मंदिरों में केवल आचार्य के द्वारा ही पूजा-पाठ और विभिन्न पाठ किया गया वहीं मनोकामना ज्योति भी इस बार किसी श्रद्धालु का स्थापन नहीं किया गया केवल मंदिर के द्वारा सामूहिक रूप से एक या दो ज्योति स्थापित किया गया।

### नौ कन्याओं को कराया गया भोजन

जिले में इस बार कोरोना वायरस के चलते जहां देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति का स्थापना एक दो मंदिर छोड़कर बाकी अन्य स्थानों पर नहीं किया गया था वहीं महा अष्टमी के दिन कई घरों में स्थापित जोत जवारा में भी दुर्गा पूजा विधि विधान के साथ पूजा पाठ एवं महारती किया गया तद्रुपरांत कई श्रद्धालु गण नवरात्रि उपवास रखे हुए थे उन्होंने शनिवार को नौ कन्याओं को की पूजा अर्चना एवं सिंगार भेंट किया तद्रुपरांत भोजन कराकर अपने उपवास का समापन किया।

## हाईवे पेट्रोलिंग बना बेमेतरा जिले के लिए वरदान

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विगत करीबन माह भर पहले छत्तीसगढ में सडक दुर्घटनाएं रोकने या उनमें कमी लाने के इरादे से राज्य सरकार ने 10 जिलो के लिए 15 हाईवे पेट्रोलिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। जिसमें बेमेतरा जिले को भी दो हाईवे पट्रोलिंग वाहनो की सौगात मिली है। छत्तीसगढ राज्य सरकार द्वारा हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का उद्देश्य नागरिकों को इससे सुगम, सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके, साथ ही सडक दुर्घटना पीडितों को भी तत्काल राहत और सहायता मिल सके। दुर्घटनाजन्य स्थलों की पहचान कर हाईवे पेट्रोलिंग वाहनों के माध्यम से घायलों को शीघ्र ही मदद मिल सकेगी। शीघ्र मदद मिलने से सडक दुर्घटना में घायल लोगों की जान बच सकेगी और दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। हाईवे पट्रोलिंग वाहनो के लिए पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी पुलिस मुख्यालय नया रायपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग विवेकानंद सिन्हा के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के द्वारा हाईवे पट्रोलिंग वाहनो में 24 घंटे के लिए तीन पालियों में अधिकारी कर्मचारी की डियुटी लगाई गई है जिनके द्वारा सडक दुर्घटना होने की सूचना पर तत्काल घटना स्थल पहुचकर दुर्घटना पीडित को 108 वाहन या हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से तत्काल नजदीकी शासकीय अस्पताल पहुचाया जाता है इसके साथ ही दुर्घटना पीडित व्यक्ति के परिजनों को तुरंत सूचना दी जाती है। जिसके तहत विगत करीबन एक माह मे हाईवे पेट्रोलिंग को एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर तत्काल घटना स्थल लिमाही चौक बेरला, उमरिया चौक, ग्राम बेतर मेन रोड, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला के आगे, थाना बेमेतरा के सामने सडक किनारे, बोरिया चौक बेरला के पास, ग्राम सांकरा व हसदा के बीच, गर्रा मोड के पास, सोरला चौक के आगे, अगरी ओडिया के पास नेशनल हाईवे, ग्राम कुम्ही बेरला बेमेतरा मेन रोड, नया बस स्टैण्ड बेमेतरा, देवरबीजा मोड, भुतडा राईस मिल के पास नेशनल हाईवे रोड एवं वार्ड नं. 02 पिकरी में खम्भे में चढकर लाईट का काम कर रहे एक व्यक्ति अचानक करंट के चपेट में आने से खम्भे से नीचे गिरने की सूचना पर उपरोक्त घटना स्थल पर हाईवे पेट्रोलिंग तत्काल पहुचकर करीबन 18 घायलो को शासकीय अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया।

## आईपीएल में सट्टा खिलाने के आरोप में दो व्यक्ति को 1 लाख10 हजार रुपए नकदी के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विश्व प्रसिद्ध आईपीएल क्रिकेट मैच इन दिनों जहां जोरों पर है वहां दूसरी तरफ इस क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाने वाले लाखों रुपए का सट्टा लगवा रहे थे जिसकी जानकारी होने पर बेमेतरा पुलिस के द्वारा जिला मुख्यालय में एक मोबाइल दुकान में छापा मारा गया और वहां से 91 हजार रुपया नगदी जप्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है वही भिलाई में एक आरोपी को गिरफ्तार कर किया गया और उससे 19 हजार रुपए जप्त किया गया इस तरह दो आरोपियों से कुल एक लाख हंस हजार 70रुपय पुलिस ने जप्त किया ,बेमेतरा सिटी पुलिस कोतवाली क्षेत्र का नया बस स्टैंड का मामला है।

जक्ष्ष्ट्ख्र्य् लगातार शहर में शिकायत प्राप्त हो रही थी, की शहर में आईपीएल सट्टा खेलने खिलाने का कार्य चल रहा है, जिस पर एसडीओपी हो राजीव शर्मा द्वारा मामले लो गंभीरता से लेते हुवे क्षेत्र में मुखबिरों का जाल बिछाया गया, किसी माध्यम से थाना प्रभारी राजेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की देवांगन मोबाइल नया बस स्टैंड बेमेतरा में आईपीएल सट्टा मोबाइल के माध्यम से लिया जा रहा है,तत्काल एस .डी. ओ. पी राजीव शर्मा के नेतृत्व में ,थाना प्रभारी राजेश मिश्रा व अन्य स्टाफ, टीम को लेकर घटना स्थल देवांगन मोबाइल बस स्टैंड बेमेतरा में रेड कारवाही की गई, जहां मोबाइल दुकान का संचालक आरोपी ठाकुर राम देवांगन, उर्फ पप्पू देवांगन पिता राम अवतार देवांगन, 35 वर्ष,के पास से दो मोबाईल आईपीएल सट्टा लिखा हुआ पर्ची व नगद रकम 91700 रु.मोबाइल में आईपीएल सट्टा से सम्बन्धीत रिकॉर्डिंग, जिसमें मुंबई मैच, रॉयल मैच, सेशन, आईपीएल संबंधी मैसेज लगातार मोबाइल पर आ रहे थे ,आरोपी द्वारा बताया गया मेरा एक और मित्र है नाम पंकज शर्मा पिता सोनू लाल शर्मा उम्र 40 निवासी वार्ड क्रमांक 8 पंजाबी पारा बेमेतरा का रहने वाला है, जो मेरे साथ मिलकरआई पी एल सट्टा लेता है,जो अपने आप को छुपाने के लिए आई पी एल सट्टा का काम मोबाईल द्वारा लिंक, लाइन लेकर कर रहा है,जिसे पकड़ने तत्काल टीम भिलाई रवाना की गई, टीम द्वारा आरोपी पंकज शर्मा को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर पंकज शर्मा ने बताया कि मुझे प्रतिदिन ,पप्पू देवांगन , द्वारा 1000 रू .प्रतिदिन आईपीएल सट्टा लिखने मैसेज करने का देता है, व मौके से पंकज शर्मा द्वारा तीन मोबाइल आइपीएल सट्टा में मैसेज कर, उपयोग करना बताया, व गवाहों के समक्ष अपराध स्वीकार किया, दोनों आरोपियों से अपराध में प्रयुक्त 5 मोबाइल जिसकी कीमत 19000 रु.कुल संपत्ति जुमला- 1,10,700 रु.को उपस्थित गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपीयो द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर ,थाना बेमेतरा में अपराध धारा- 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई,,, इस कार्यवाही में एसडीओपी राजीव शर्मा, थाना प्रभारी राजेश मिश्रा, स.उ.नि वेदन सलामे, स.उ.नि. राजेश ठाकुर, प्र.आ. अरविंद शर्मा, अनुपम शर्मा, आर. संदीप साहू, रविंद्र तिवारी, रामेश्वर मांडले, राजकुमार भास्कर शामिल रहे।



### आरोपी को पैदल सिटी कोतवाली थाना लाया गया

पुलिस दल के द्वारा देवांगन मोबाइल एवं एंड वॉच सेंटर में छापामारी कार्यवाही करने एवं वहां से 91 हजार बरामद करने के बाद वहां आरोपी को गिरफ्तार किया गया और छापेमारी टीम ने नया बस स्टैंड स्थित देवांगन वाच सेंटर से आरोपी पप्पू देवांगन उर्फ ठाकुर राम देवांगन को गिरफ्तार कर पैदल ही पुलिस थाना तक लाया गया। साथ ही उसके पास से सट्टा में प्रयुक्त लैपटॉप, मोबाइल और पेन ड्राइव व 91000 रुपये नगद भी बरामद किया गया। इस संबंध में पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## लायनेस क्लब की पहल से महिलाओं को मिला रोजगार

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता संबंधित कार्यक्रमों के तहत लोकल को वोकल बनाने का प्रयास करते हुए लायनेस क्लब द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु पहल की जा रही है जिसमें क्लब अध्यक्ष ललिता साहू ने वर्तमान में व्याप्त आर्थिक संकट को देखते हुए महिलाओं के आर्थिक सहयोग हेतु उद्योग प्रारंभ करवाया गया तथा आत्मनिर्भर बनने हेतु सहयोग किया कोरोना महामारी के चलते जब अनेक व्यक्ति अपने व्यवसाय से हाथ धो बैठे हैं तो उस समय लायनेस क्लब की पहल से यह आयुष महिला गृह उद्योग प्रारंभ किया गया है जिससे अन्य लोगों को भी रोजगार प्राप्त हो रहा हैं, आयुष महिला गृह उद्योग में खानपान से संबंधित उत्पादों का निर्माण किया जाता है जिसमें है नमकीन सलोनी मीठी सलोनी गुजिया चिली समोसे नायलॉन चूड़ा मुरमुरा मिक्सर केला चिप्स केला चूड़ा आदि खाद्य उत्पादों का निर्माण किया जाता है।

उत्पादन कार्य के दौरान सेहत के साथ स्वच्छता का संपूर्ण ध्यान रखा रखा जाता है।

## क्विक न्यूज

### नाबालिग मानसिक विक्षिप्त को भेजा गया मेंटल हॉस्पिटल सेन्द्री

**सक्ती।** पुलिस थाना शक्ति के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-11 निवासी गीता बाई पति जगदीश गोस्वामी ने न्यायालय में एक आवेदन लगाकर अपनी नाबालिक लड़की के मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण उपचार हेतु मानसिक रोगी चिकित्सालय सेंद्री भेजने निवेदन किया गया था, जिस पर माननीय न्यायालय के आदेश अनुसार संबंधित लड़की का स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शासकीय चिकित्सालय में चिकित्सा जांच करवाकर एवं आवश्यक दिशा निर्देश पर उसे मानसिक रोगी चिकित्सालय सेंदरी भेजा गया है,इस कार्य में पुलिस थाना शक्ति के प्रभारी रविंद्र अनंत, सहायक उपनिरीक्षक शंकर साहू एवं महिला आरक्षक लक्ष्मींन सिदार का सहयोग रहा।

### जेठा में चलाया गया कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

**सक्ती।** 23 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चौलेश्वर चंद्राकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवम रवि भारद्वाज की गरिमामय उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र सक्ती के जेठा ग्राम में मोदी सरकार के तीन काले बिल के विरूद्ध हस्ताक्षर अभियान हेतु कार्य म कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सक्ती कन्हैया कंवर की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जेठा के सरपंच प्रतिनिधि व पुरुषोत्तम प्रसाद चंद्रा, ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता सक्ती, लीलाधर प्रसाद जायसवाल सरपंच ग्राम पंचायत बासीन, सुरेश जायसवाल, हीरासाय यादव सरपंच प्रतिनिधि चौरा बरपाली, सतीश महेश, सन्नी यादव एवम बड़ी संख्या में किसान लोग उपस्थित थे।

### सामान्य सभा की ऑनलाइन बैठक 2 को

**रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के सामान्य सभा की बैठक 2 नवम्बर 2020 को दोपहर 12 बजे से वर्चुअल माध्यम से (ऑनलाईन) आयोजित की जाएगी। ऑनलाईन सामान्य सभा आयोजन प्रि या की विस्तृत जानकारी पृथक से अवगत करायी जाएगी। बैठक में धान खरीदी की तैयारी के संबंध, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा, राशन कार्ड तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# कछुआ चाल से भी धीमी गति से मतपत्र की जांच

- 9 माह के बाद कैसे बाहर आया मत पत्र कहॉ गये थे चुनाव डयूटी करने वाले अधिकारी

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर मे जनवरी 20 को नगर पंचायत अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ लेकिन आज भी बाहर मे मिले पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सवालिया निशान खड़ा कर नगर पंचायत चुनाव को झकझोर रखा है। जिस तरह से नाम तेज है उस तरह से उनका काम नही दिखता आरक्षी केन्द्र के थाना प्रभारी जैजैपुर का। जब से यहॉ कार्यभार ग्रहण किये हैं तब से उसको भंडार मिल गया है जिसके वजह से वे ज्यादा काम मे रूची नही लेते जो आप नगर के लोग देख रहे होगे।

जब यहॉ पर जनवरी 2020 को नगर पंचायत अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ जिसमे अध्यक्ष के लिए दो उम्मीद्वार रहे झंकेश्वरी देवी चन्द्रा एवं सोनसाय देवांगन जिनका मत पत्र 3 अक्टूबर 20 को जब हमारे नगर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष किसी काम के लिए नगर पंचायत गये थे तो उन्हे उस रोज नगर पंचायत परिसर मे असली मतपत्र एवं 3 नग चेक प्राप्त हुआ जो अपने साथी के साथ उसे लेकर अपने घर आ गये और 10 अक्टुबर 20 को जो धारा लगना चाहिए का उल्लेख करते हुए आरक्षी केन्द्र मे शिकायत किया और कहा कि नकली पतपत्र के आधार पर नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव हुआ है । इसी परपेक्ष मे नगर पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी जैजैपुर.जिला के आला अधिकारी एवं पार्षदगणों को भी रजिस्टर डाक से शिकायत कि कापी भेजी गई। रही सवाल कि वह असली मतपत्र है या फिर नकली मत पत्र है यह जॉचोपरांत पता चलेगा।

जब आला अधिकारी एवं नगर पंचायत के अधिकारी एवं पार्षदगणो को पत्र मिला तो नगर पंचायत मे हड़कंप मच गया क्योकि असली मतपत्र पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के पास होना एवं 3 नग चेक प्राप्त होना जो कि नगर पंचायत कर्मचारी की घोर लापरवाही को दर्शित करता है। जब नगर पंचायत के अधिकारी का ध्यान इस पत्र की ओर गया तो मालूम हुआ कि 3 चेक नही है।

कर्मचारी की लापरवाही

इससे साफ यह जाहिर होता है कि उस दिन भर नगर पंचायत जैजैपुर मे लाइट बंद था जिसके वजह से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष




केदारनाथ खाण्डे के साथ कौन कौन गये थे वे सभी सी सी कैमरे मे बंद हो जाते यह विडम्बना कहे या फिर किसी कर्मचारी का हाथ कहा जाये कि उसी दिन 3 चेक एवं मतपत्र नगर पंचायत परिसर मे मिले थे । इससे साफ यह जाहिर हो रहा है कि चेक का फाइल का गायब हो जाना नगर पंचायत कर्मचारी एंव नगर पांलिका अधिकारी को दर्शाता है जहॉ फाइल रखा जाता है उसके बारे मे किस किस कर्मचारी को जानकारी रहता है। इससे साफ यह जाहिर होगा कि अधिकारी कि लापरवाही के वजह से चेक तो गायब हुए जरूर।

**असली मतपत्र परिसर मे कैसा मिला-** जब रोज नगर पंचायत जैजैपुर कि साफसफाई होती है तो वह साफसुथरा मतपत्र कहॉ से आया यह सवालिया निशान खड़ा करता है और उसी दिन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खाण्डे को ही कैसे मिला इससे यह भी संकेत जाता है कि मतपत्र गिरा हुआ नही किसी कर्मचारी के द्वारा दिया हुआ हो सकता हैं । दुसरी तरफ यह बिन्दु भी सवाल यह खड़ा करता है कि असली मत पत्र है या फिर शासन को गुमराह करने के लिए किसी जानकार ब्यक्ति का कार्य है। जबकि निर्वाचन चाक चौबंद व्यवस्था के साथ मे हुआ था जिसमे पुलिस विभाग. नगरपंचायत के कर्मचारी / अधिकारी तथा निर्वाचन के रिटंनिग आफिसर ही उस स्थान पर थे किसी अन्य बाहरी ब्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध था। अध्यक्ष का चुनाव होने के बार उसे सील कर मतपेटी मे बंद कर दिया जाता है और उसे सुरक्षा के साथ स्ट्राग रूम मे रखा जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भुपेश दीवान ने लिखित शिकायत आरक्षी केन्द्र जैजैपुर मे 3 चेक चोरी होने का संदेह बताया है ओर मतपत्र के बारे मे कहा कि यह निर्वाचन का मामला है यह कैसे मिला इसके बारे मे मैं नही बता सकता क्योकि चुनाव होने के बाद मतपत्र मतपेटी मे बंद होकर निर्वाचन अधिकारी के पास रहता है। मुझे संदेह है कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केदारनाथ खाण्डे के प्रति फाइल गायब करने का संकेत जा रहा है। क्योकि उस दिन बिजली बंद होने का उन्होने उसका फायदा उठा कर चेक का फाईल को नजरो से बचा कर ले आया होगा।

**भुपेश दीवान,** मुख्य नगर पांलिका अधिकारी जैजैपुर

नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन ने कहा कि यह मुझे फसाने के लिए किसी ब्यक्ति का षड़यंत्र लग रहा है क्योकि चाक चौबंद व्यवस्था से हमारा निर्वाचन हुआ है इस 9 माह के बाद मे असली मतपत्र कैसे मिला उसे ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खाण्डे ही बता पायेगे कि उन्हे कहॉ से यह मतपत्र मिला जो आज भी साफसुथरा वे अपने पत्र से बता रहे हैं । इससे तो मुझे अध्यक्ष पद से गिराने का बु आ रहा है जो कि किसी मिली जुली ब्यक्ति का हाथ होना है जबकि इस संबंध कि एफआई आर के बारे मे 16 अक्टुबर को संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अधिकारी दीवान जी ने किया है इसकी जॉच किया जावे और इसका पर्दाफास होना जरूरी है ताकि दुध का दुध पानी का पानी हो जाये।

**सोनसाय देवांगन,** नगर पंचायत अध्यक्ष जैजैपुर

हमारे आरक्षी केन्द्र प्रभारी तेज कुमार यादव से मो0 पर सम्पर्क किया गया तो काल रिसीव लेना उचित नही समझा ।

**-तेज कुमार यादव,** थानेदार जैजैपुर

# नन्ही गरिमा की पढ़ाई रहेगी जारी, कलेक्टर के निर्देश पर हुई व्यवस्था

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



नन्ही गरिमा आगे पढ़ने की ख्वाहिश लेकर अपनी मां के साथ कलेक्टर भीम सिंह से जन चौपाल में मिलने पहुंची। बच्ची की माता ने बताया कि पति के देहांत के बाद से निजी विद्यालय में पढ़ रही बेटी की पढ़ाई जारी रखवा पाना उसके लिए मुश्किल हो गया है। कलेक्टर ने तत्काल जिला शिक्षाधिकारी को बुलाकर बच्ची का स्कूल में दाखिला सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्ची से बातकर अच्छे से पढने् के लिए उसका उत्साहवर्धन भी किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बच्ची की आरटीई के तहत ऑनलाईन आवेदन करवाया जा रहा है तब तक उसका संबंधित निजी विद्यालय में ही पढ़ाई जारी रखने के लिये स्कूल प्रबंधन से बात कर ली गई है। बोईरदादर से हीरा प्रधान अपने पुत्र के इलाज के लिए सहायता हेतु पहुंची थी। उसने बताया कि बेटे को सिकलिंग है, कुछ दिन पहले दुर्घटना के चलते वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया है और उसके इलाज के लिए मदद की दरकार है। कलेक्टर भीम सिंह ने इलाज के लिए तत्काल रेडक्रॉस के जरिये इलाज के लिए राशि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बनोरा ग्राम की एक महिला अपने पारिवारिक विवाद के चलते पहुंची थी। उसने बताया कि उसके पति का देहांत हो चुका है। वह अपने दो बच्चों के साथ मायके जाकर वहां रहना चाहती है। किंतु ससुराल वाले बच्चों को लेकर जाने नही दे रहे हैं। कलेक्टर भीम सिंह ने तत्काल एसडीम रायगढ़ उर्वशा व संबंधित टीआई को बुलवाकर महिला के परिवार से मिलकर मामले का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कई लोग राजस्व, बैंक लोन, राशन कार्ड, आवास आदि से जुड़ी समस्याएं लेकर कलेक्टर से जन चौपाल में मिलने पहुंचे थे। कलेक्टर भीम सिंह ने मामलों को शीघ्र निराकृत करने संबंधित अधिकारियों को मौके से ही निर्देश देते हुए की गयी कार्यवाहियों से अवगत कराने के लिए कहा।

# किसान हस्ताक्षर अभियान के पहले दिन के दौरे में डॉ.चौलेश्वर चन्द्राकर डभरा और मालखरौदा पहुंचे

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेने के दूसरे दिन ही जांजगीर चाम्पा जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.चौलेश्वर चन्द्राकर ने आने ब्लॉक व नगर स्तर में जाकर केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लाए गए कृषि बिल के विरोध पर जन जागरूकता लाने और किसान मजदूर के परिवारों से इस लड़ाई के लिए कमर कस तैयार रहने की अपील की। दौरे के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता शिशिर द्विवेदी ने बताया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. चौलेश्वर चन्द्राकर ने केंद्र के कृषि बिल के विरोध में किसान हस्ताक्षर अभियान के प्रत्येक विधानसभा स्तर पर अधिक से अधिक हस्ताक्षर अभियान को गति देने के लिए ब्लॉक डभरा, मालखरौदा और सक्ती के नगर और ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर पहुंचकर सभी लोगो से इस महत्वपूर्ण आंदोलन के तैयार रहने को कहा है। श्री चन्द्राकर ने उपस्थित किसानों और कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान और मजदूरों को पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनाने में लगी हुई है, पूंजीपतियों को और भी सबल बनाने और किसान मजदूर परिवारों के ऊपर शासन करने का मौका देना चाहती है। हम कांग्रेसी इस षड्यंत्र को कभी भी कामयाब नहीं होने देंगे। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार इस बिल पर बहुत ही गंभीर है, कांग्रेस सदा से किसानों के अधिकार की रक्षा करते आई है और आगे भी करेगी। दौरे में कांग्रेस के छाया सांसद रवि परसराम भारद्वाज ने कहा कि गांव की जनता, किसान, मजदूर ही कांग्रेस की रीढ हैं, जिनका शोषण करने का षड्यंत्र भाजपा को मंहगा पड़ेगा।

# घरघोड़ा के मां बंजारी ज्वेलर्स में चोरों ने की सेंधमारी

- पुलिस मामले की जांच में जुटी, घरघोड़ा थाना क्षेत्र का मामला

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

त्यौहार के सीजन में घरघोडा मेन रोड पर स्थित मां बंजारी ज्वेलर्स में बीती रात दुकान के पीछे से दिवार में छेद करके सेंधमारी किया गया है। चोरों ने दुकान में तिजोरी से बाहर शो केश में लगे चांदी के सामानों को उड़ा ले गए। साथ ही बताया जा रहा है कि तिजोरी में भी हाथ साफ करने की कोशिश की गई थी। जिसमे चोरों को सफलता नही मिली। दुकान में लगे 6 सीसीटीवी कैमरे में से 4 कैमरे ले जाने की बात कही जा रही है। चोरी के सामान की लागत का अनुमान लगाया जा रहा है। मामले की जानकारी लगते ही घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंच कर सघनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी। सीसी टीवी






कैमरे के हार्ड डिस्क को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामले के संबंध में जब घरघोड़ा पुलिस से मोबाइल पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मामले में जांच चल रही है। उक्त पंक्ति के लिखे जाने तक आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर हैं।

# टीचर्स एसोसिएशन सक्ती के पदाधिकारियों ने डीईओ ऑफिस सक्ती में दिया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन- सक्ती के ब्लॉक अध्यक्ष- महेन्द्र कुमार राठौर एवं पदाधिकारियों के द्वारा 23 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी शैक्षणिक जिला- सक्ती के नाम से सहायक जिला क्री?ा अधिकारी अमर सिंह राज को 23 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपा गया, जिस पर उनके द्वारा संघ को आश्वस्त किया गया कि विसंगति में सुधार किया जावेगा।

सौंपे गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि 1 नवम्बर 2020 की स्थिति में 2 वर्ष या इससे अधिक की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके शिक्षक (पंचायत/ नगरीय निकाय) संवर्ग के संविलियन हेतु शैक्षणिक जिला सक्ती के वरिष्ठता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन सूचना जिला पंचायत से जारी किया गया है, जिसमें विकासखंड- सक्ती से मात्र एक ही सहायक शिक्षक (पंचायत) के नाम को शामिल किया गया है जबकि इनसे भी वरिष्ठ एवं पात्र अनेक सहायक शिक्षक (पंचायत) कार्यरत हैं, जिनके नाम को सूची में शामिल ही नहीं किया गया है।

टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा मांग किया गया है कि विसंगति को सुधार करते हुए संविलियन के लिए पात्र सभी नामों को शामिल करते हुए विसंगति रहित वरिष्ठता सूची जारी किया जावे। ज्ञापन सौंपने के लिए टीचर्स एसोसिएशन सक्ती ब्लॉक के अध्यक्ष-महेन्द्र कुमार राठौर, जिला संयोजक- महेन्द्र प्रताप सिंह राठौर,जिला सचिव-शैलेश कुमार देवांगन, जिला आईटी सेल प्रभारी-यशवंत सिंह राठौर,ब्लॉक संगठन मंत्री-प्रशांत नेताम उपस्थित रहे।

# हथनिकला के सिद्ध शक्तिपीठ अष्टभुजी दुर्गा मंदिर में 1106 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

विकास खंड के ग्राम पंचायत हथनिकला स्थित मां दुर्गा मंदिर में 1106 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित है वही शारदीय नवरात्र के अवसर पर पूरे मंदिर प्रांगण को सजाया गया है पूरे गाँव के साथ साथ आसपास के गावों में भी नवरात्र के कारण धार्मिक वातावरण बना हुआ है । ज्ञात हो कि यह मंदिर ग्राम हथनिकला में स्थित है जो मुंगेली से लगभग 13 किलोमीटर तो पथरिया से 20 किलोमीटर की दूरी पर विकास खंड के अंतिम छोर पर बसा है ।हथनिकला स्थित दुर्गा मंदिर पूरे क्षेत्र में प्रशिद्ध है मान्यता अनुसार यह मांगी गई मन्नत पूरी हो जाती है यही कारण है कि छोटे से ग्राम में स्थित इस महामाया दरबार में नवरात्र के अवसर पर दूर दूर से लोग आकर मनोकामना कलश जलवाते है और हजारों की संख्या में प्रतिदिन



दर्शनाभिलाषी मंदिर पहुचते है हालांकि इस बार कोरोना के कारण श्रद्धालुओ को भीड़ में दर्शन करने की मनाही है । ग्राम के सरपंच रामेश्वरी सन्तु सिंह ने बताया कि मंदिर की प्रसिद्धि दूसरे राज्यो तक है अन्य राज्य के श्रद्धालु भी यहाँ आकर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करते है और माता की कृपा से उनके मांगे वरदान की प्राप्ति होती है वही माँ की आशीर्वाद से ही हमारा गाँव कोरोना की बीमारी से बचा रहा है।

# चेंबर चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के व्यापारी एकता पेनल ने किया प्रत्याशी चयन समिति का गठन

- चेंबर चुनाव में व्यापारियों के लिए संघर्ष करने वाला नेता ही बनेगा चेंबर का अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

देश में व्यापारियों की प्रतिष्ठित सशक्त संस्था छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए निर्वाचन को लेकर प्रदेश में व्यापारियों के बीच राजनीति तेज हो गई है, तथा 18 अक्टूबर को संपन्न चेंबर की बैठक के दौरान नए निर्वाचन के लिए जहां निर्वाचन अधिकारी के रूप में शिवराज भंसाली को दायित्व दिया गया है, तो वहीं प्रदेश में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चेंबर चुनाव में अपना भाग्य आजमाने व्यापारी नेता लामबंद हो गए हैं, एवं छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की मानें तो रायपुर के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न स्थानों से भी व्यापारी नेता प्रदेश अध्यक्ष के पद को छोड़कर अन्य पदों के लिए अपना भाग्य आजमाने व्यापारी संस्थाओं से संपर्क बनाने में जुट गए हैं, तो वहीं विगत वर्ष चेंबर के चुनाव में काफी घमासान मचा था एवं प्रदेश में चुनाव को लेकर कई पैनल तैयार हो गए थे तथा इन सभी स्थिति के बाद व्यापारी एकता पेनल के जैन जितेंद्र बरलोटा ने प्रदेश अध्यक्ष के पद पर शानदार अपनी जीत दर्ज की थी, तथा जैन जितेंद्र बरलोटा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जहां प्रदेश में चेंबर संगठन में निरंतर आपसी समन्वय ना हो पाने के कारण विवादों की स्थिति निर्मित रही तो वही चेंबर अध्यक्ष बरलोटा ने भी अपने पद छोड़ने की इच्छा जाहिर कर दी थी, किंतु बाद में व्यापारियों के आग्रह के बाद अपने पद पर बने रहे तथा अब आने वाले जनवरी 2021 में प्रस्तावित चेंबर चुनाव को लेकर अध्यक्ष का ताज किस के सर पर होगा यह तो समय ही बताएगा किंतु प्रदेश में वर्तमान में विगत चुनाव के बाद चेंबर से अलग होकर व्यापारियों के अन्य संगठनो की सक्रियता को लेकर भी व्यापारियों में आपस में ही काफी आक्रोश देखा जा रहा है, लोगों का कहना है कि विगत चेंबर चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश में चेंबर के ही पूर्व अध्यक्ष अमर परवानी ने कैट को अधिक प्रभावशाली बनाते हुए इसके बैनर में व्यापारियों के लिए कार्य किया गया तथा प्रदेश सहित सभी जिलों में चेम्बर के मूल संगठन को कमजोर करने का कार्य किया है ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में विगत कई वर्षो में कैट का कार्य काफी सकारात्मक रहा है एवं कैट ने कोरोनाकाल के बाद भी निरंतर राज्य एवं केंद्र सरकारों से संपर्क कर व्यापारी हितों के लिए कार्य किया है, किंतु कैट की सक्रियता अन्य व्यापारियों को रास नहीं आ रही है।

# अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की चेन्नई शाखा ने अपने सामाजिक दायित्व के साथ-साथ व्यापार के क्षेत्र में भी सोशल मीडिया के माध्यम से बढ़ाया कदम

- चेन्नई शाखा द्वारा अग्रसेन जयंती पर्व पर देश-विदेश के अग्र व्यापारी बंधुओं को जोड़ने सोशल मीडिया ग्रुप का हुआ वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

अन्तर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन चेन्नई शाखा ने 5144 वीं अग्रसेन जयन्ती के अवसर पर सभी अग्रबंधुओं के व्यापार को देश विदेश में फैलाने के उद्देश्य से एक व्हाट्सअप बिजनेस ग्रुप को शुरू किया है,जिसका अनावरण जूम मीटिंग के माध्यम से किया गया।

दीपक अग्रवाल चेन्नई के साथ आशीष गुप्ता, एवम् चेन्नई शाखा के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल सचिव तरुण मोदी ने मीटिंग में सभी का अभिवादन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राज कुमार मित्तल कोलकाता द्वारा बिजनेस ग्रुप का उद्घाटन किया गया,उक्ताशय की जानकारी देते हुए चेन्नई शाखा की उपाध्यक्ष श्रीमती आरती अग्रवाल रामगाड़िहा ने बताया कि उक्त ग्रुप का मुख्य उद्देश्य अन्तर्राष्टीय अग्रवाल सम्मेलन के देश विदेश सहित विभिन्न शहरों में निवासरत सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में जोडकर उनके व्यापार को आगे बढ़ाना, तथा इस व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अंतरराष्टीय अग्रवाल सम्मेलन की चेन्नई शाखा ने व्यापार के क्षेत्र में एक कदम आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल बंधुओं को एक प्लेटफार्म देने का प्रयास किया है तथा 17 अक्टूबर को श्री श्री 1008 श्री अग्रसेन महाराज की जयंती पर्व से प्रारंभ हुए इस सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सैकड़ों बंधु इस ग्रुप का लाभ ले रहे हैं एवं ग्रुप के माध्यम से चेन्नई सहित देश के बड़े महानगरों में स्थापित समाज के बड़े उद्योगपति फैक्ट्री मालिक एवं अन्य उत्पादक भाई अपने प्रोडक्ट की जानकारी तथा अपने व्यापार की जानकारी इस ग्रुप के माध्यम से शेयर कर रहे हैं श्रीमती आरती रामगढ़िया ने कहा कि अंतरराष्टीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में चेन्नई शाखा पूरी ऊर्जा के साथ समाज के संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही वर्तमान में आवश्यकता के अनुसार अपने कार्यों को गति दे रही है तथा पूरे देश में आज अग्रवाल समाज के काफी लोग सीधे-सीधे व्यवसाय से जुड़े हुए हैं एवं उनको अपने स्थानों पर ही व्यापार की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिलने से उन्हें कार्य करने में आसानी होती है वहीं इस अवसर पर अंतरराष्टीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने भी चेन्नई शाखा की पूरी टीम को इस कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें बधाई दी है।

## पेज 1 के शेष...

### पंजाब, राजस्थान में दुष्कर्म ...

और इस पर राजनीतिक करने का प्रयास किया। केंद्र सरकार के तीनों वरिष्ठ मंत्रियों के बयानों पर हैरानी जताते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में सितंबर में एक यवती के साथ दुष्कर्म की घटना पर इन तीनों मंत्रियों ने अब तक एक शब्द नहीं बोला है लेकिन होशियारपुर की घटना पर उन्होंने तीन अलग अलग प्रेस कांफ्रेंस करके अचानक अपनी जुबान खोली और इस घटना को राजनीतिक रंग देखकर बिहार विधानसभा के चुनावों में भाजपा को फायदा देने का प्रयास किया है। उन्होंने इसे घिनौनी राजनीति करार दिया और कहा कि पंजाब सरकार इस घटना को लेकर अत्यंत सतर्क है और वह उत्तर प्रदेश सरकार की तरह दुष्कर्म की घटना को दबाने और पीड़ित परिजनों को परेशान करने का काम नहीं कर रही है।

# विधानसभा अध्यक्ष की पहल पर एक करोड़ 40 लाख रुपए के नए निर्माण कार्यों की स्वीकृति

- आने वाले दिनों में विधानसभा क्षेत्र में होंगे उपरोक्त समस्त निर्माण कार्य- अमित राठौर

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. चरणदास महंत द्वारा विगत दिनों अपने शक्ति विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन, सीसी रोड निर्माण, मुक्तिधाम निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के लिए लगभग 6 करोड रुपए की नई स्वीकृति देने हेतु कलेक्टर जांजगीर चाम्पा जिला खनिज न्यास को पत्र प्रेषित किया गया था, जिस पर जिला खनिज न्यास जांजगीर चाम्पा द्वारा विधानसभा अध्यक्ष की इस मांग पर तत्काल जनपद पंचायत शक्ति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से समस्त निर्माण कार्यों का तकनीकी प्राक्कलन एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर लगभग एक करोड़ 44 लाख रुपए के निर्माण कार्यों को तत्काल स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, उक्तआशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के जनपद पंचायत शक्ति में प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित राठौर ने बताया कि शक्ति विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में विकास कार्यों को गति देने के लिए विधायक डॉ. चरणदास महंत सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं, एवं क्षेत्र में आवश्यकताओं को देखते हुए निरंतर समय-समय पर छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ क्षेत्र को मिले इस हेतु वे सतत प्रयासरत रहते हैं, तथा वर्तमान में लगभग 14400000 की स्वीकृति मिलने से विधानसभा क्षेत्र के ऐसे सभी 11 काम तत्काल प्रारंभ हो सकेंगे एवं आने वाले दिनों में शेष लगभग 4 करोड रुपए के अन्य कार्य भी जिला खनिज न्यास निधि के माध्यम से स्वीकृत होंगे, विधायक प्रतिनिधि अमित राठौर ने बताया कि वर्तमान समय में शक्ति विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में निर्माण के कार्य तेजी से चल रहे हैं तथा क्षेत्र की जरूरतों को एवं आवश्यकताओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ कि कांग्रेसनीत सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में विकास के कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं, एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत निरंतर अपने क्षेत्र की जनता से तथा उनकी समस्याओं से रूबरू होकर अपने कार्यों को गति दे रहे हैं, तथा विधानसभा अध्यक्ष की इस पहल पर मिली निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर क्षेत्रवासियों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

# कार दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे चालक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

आज सुबह कोतरा रोड थाना क्षेत्र के चिराईपानी रोड पर एक सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें महिन्द्रा एक्स्यूवी का सामने हिस्सा काफी रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। हांलाकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, पर मामले की जनकारी पुलिस को लगते ही तत्काल घायलो को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कोतरा रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोरदार एक्सीडेंट लगभग 11 बजे के आसपास चिरईपानी और जिंदल स्कूल के बीच हुई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में महिंद्रा एक्सयूवी का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार





घायल हो गए। हांलाकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मामले की जानकारी लगते ही कोतरा रोड पेट्रोलिंग प्रभारी नरेंद्र यादव एवं उनकी टीम मौके पर पहुंच गए और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। फिलहाल उक्त पंक्ति के लिखे जाने तक घायलों का नाम नहीं आ सका था और पुलिस मामले में आगे की प्रक्रिया में जूटी थी।

# ग्राम साल्हे और सल्हाईटोला के गौठानों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी

### वर्मी खाद निर्माण व अन्य गतिविधियों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गॉव योजना नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी के तहत शुक्रवार को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम साल्हे और ग्राम सल्हाईटोला पहॅुचकर गौठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत् गोबर खरीदी, वर्मी खाद निर्माण, चारागाह सहित अन्य गतिविधियों का जायजा लिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश कुमार चन्द्राकर इस अवसर पर मौजूद थे।

कलेक्टर ने ग्राम साल्हे में वर्मी खाद निर्माण का अवलोकन किया और वर्मी खाद का पैकेजिंग की तैयारी करने के निर्देश दिए। ग्राम साल्हे में स्वसहायता समूह की सदस्यों ने कलेक्टर को बताया कि लगभग साठ क्विंटल वर्मी खाद तैयार कर लिया गया है और उसका सुरक्षित भण्डारण के लिए जगह सुरक्षित कर लिया गया है। कलेक्टर ने स्वसहायता समूह के कार्यो की सराहना की। कलेक्टर ने वहॉ चारागाह स्थल का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर महोबे ने ग्राम सल्हाईटोला के गौठान में भी वर्मी खाद का अवलोकन कर पैकेजिंग की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैकेजिंग के पश्चात सहकारी समिति को सूचित करें। उन्होंने वहॉ चारागाह में चारा उत्पादन तथा चारागाह परिसर में सब्जी उत्पादन का भी अवलोकन किया और स्वसहायता समूह की सदस्यों को मछली पालन के लिए भी प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने उद्यान विभाग के अधिकारी को उद्यानिकी फसलों के उत्पादन हेतु समूह के सदस्यों को मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गौठानों के वर्मी टांकों में केंचुओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने स्वसहायता समूह की सदस्यों को लगन और मेहनत से कार्य कर आत्मनिर्भर बनने उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत डौण्डी के सीईओ बी.राज भी उपस्थित थे।

### वशीउल्लाह शेख बने छत्तीसगढ़ वनरोपण प्रबंधन समिति के सदस्य



**मुंगेली (पथरिया)।** भारत सरकार पर्यावरण वन एवंम जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा जारी प्रतिकारात्मक वन रोपण अधिनियम 2016 के अधीन छत्तीसगढ़ प्रतिकारात्मक वन रोपण निधि प्रबंधन एवंम योजना प्राधिकरण (छत्तीसगढ़ कैम्पा) का गठन किया गया है अधिनियम 2016 की धारा 10 एवंम 11 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के आदेश क्रमांक एफ७५ -23/2004 10/2 दिनांक 23/11/2019 द्वारा शासी निकाय संचालन एवंम क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है, मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुसंशा के आधार पर प्रतिकारात्मक वन रोपण निधि अधिनियम की धारा के अंतर्गत संचालन समिति एवंम क्रियान्वयन समिति में दो सदस्यो को नामांकित किया गया है। जिसमे लक्ष्मी साहू साहू जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद के साथ वशी उल्ला शेख जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत मुंगेली को अशासकीय सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

# कोरोना संक्रमित मरीजों को अस्पताल में शिफ्ट करते समय तत्परता बरतें- कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





कलेक्टर भीम सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों के पिछले एक सप्ताह में मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में संचालित कोविड अस्पतालों के वरिष्ठ चिकित्सकों से कोरोना संक्रमित मरीजों की गंभीर स्थिति को देखकर एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करते समय दोनों अस्पतालों में समन्वय और शिफ्टिंग में लगने वाले समय में तत्परता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीज की शिफ्टिंग के साथ उसके इलाज की केश डायरी भी अनिवार्य रूप से भेजने को कहा। कलेक्टर ने होम आईसोलेशन में रहने वाले मरीजों का दिन में 4-5 बार ऑक्सीजन लेवल जांच करने और मरीज की स्थिति पर निगाह रखने को कहा और ऑक्सीजन लेवल कम होने पर उसके लक्षण तथा इलाज की केश डायरी परविार के सदस्यों से प्राप्त कर मरीज के साथ अस्पताल पहुंचाने के निर्देश दिए। जिससे पहले से जारी इलाज की स्टडी कर आगे का इलाज करने में डॉक्टरों को सुविधा होगी। उन्होंने कोविड अस्पताल के डॉक्टरों को निर्देशित किया कि कोरोना संक्रमित मरीजों को कौन से अस्पताल में भर्ती करना है या रेफर करना है यह डॉक्टर्स तय करेंगे न कि मरीज या उसके घरवाले। रायगढ़ जिले में प्रत्येक कोरोना संक्रमित मरीज के इलाज के लिए सभी सुविधायें उपलब्ध हैं और यहां के डॉक्टर्स बहुत मेहनत से अपनी सेवायें दे रहे हैं। अतः किसी व्यक्ति को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर भीम सिंह ने मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए ऑक्सीजन पाईप लाइन का कार्य हर हालत में 31 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरोना संक्रमित मरीजों की मृत्यु पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कई प्रकरणों में मरीज तथा उसके परिवार के सदस्यों की लापरवाही तथा झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज के कारण सामने आये हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के सभी क्षेत्रों में आम नागरिकों के बीच कोरोना लक्षण पर तत्काल जांच कराने की समझाइश और झोला छाप डॉक्टरों के विरूद्ध एफआईआर की कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत ऋचा प्रकाश चौधरी, सहायक कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी, मेडिकल कालेज के आईसीयू प्रभारी डॉ. लकड़ा सहित कोविड अस्पतालों के डॉक्टर्स उपस्थित थे। मेडिकल कालेज के डीन डॉ. लूका वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

### दिनेश यदु को आमाडाढ़ सेक्टर का चुनाव प्रभारी बनाया गया



**बलौदाबाजार।** मोहन मरकाम अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी (छ.ग) के द्वारा मारवाही उपचुनाव में जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा के पूर्व जिला अध्यक्ष एंव वरिष्ट कांग्रेस नेता दिनेश यदु को कांग्रेस प्रत्यासी डॉ.के.के ध्रुव के चुनाव प्रचार हेतु पेंड्रा रोड के आमाडाढ़ सेक्टर का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। कांग्रेस प्रत्यासी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने हेतु दिनेश यदु अपने समर्थको के साथ मारवाही विधानसभा के आमाडाढ़ सेक्टर के लिए रवाना हुए।

# बाइक की सीट के नीचे छिपाकर ला रहे थे गांजा, पुलिस ने पकड़ा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में गांजा तस्करों के लिए जिला पुलिस ने ऐसा जाल बना रखा है जिसे पार कर पाना उनके लिये टेढ़ी खीर साबित हो रही है और गांजा तस्कर जिले से गांजा पार करने के लिए नित नए उपाय ढुंढ रहे हैं फिर भी पकड़े जा रहे हैं। शुक्रवार को को ऐसे ही दो शातिर गांजा तस्करों को सारंगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह सारंगढ़ थाना प्रभारी को उनके विश्वसनीय मुखबिर द्वारा दो लड़कों के ओड़िसा से गांजा लेकर निकलने की सूचना दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी द्वारा अपने स्टाफ को विभिन्न स्थानों पर नाकेबंदी के लिये लगाए। सउनि जनकराम साहू, प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव एवं हमराह स्टाफ द्वारा दनसरा बेरियर के आगे बरमकेला रोड पर नाकेबंदी किया गया था कि सुबह करीब आठ बजे बरमकेला की ओर से आ रही सोल्ड होंडा साईन मोटरसाइकिल पर दो व्यक्तियों को पुलिस पार्टी द्वारा रोका गया। पूछताछ पर बाइक चलाने वाला अपना नाम बृजेश मेहरा वा पीछे बैठा व्यक्ति अपना नाम अर्जुन ठाकुर बताया जिनकी विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी में दोनों के पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली, लेकिन दोनों के अधिपत्य में रखी मोटरसाइकिल की बारीकी से तलाशी लेने पर बाइक के सीट के नीचे बदमाशों ने गांजा छिपाने के लिये बैगनुमा बनाकर रखे थे।

जिसमें एक गांजा का पैकेट रखा हुआ था जिसे निकालकर वजन कराया गया जो करीब 5 किलो कीमती 30,000 का था। आरोपियों से सोल्ड होण्डा साईन बाइक, एक जिओ मोबाइल एवं 5 किलो गांजा जप्त किया गया है।

# अष्टमी पर कुरुद के देवी मंदिरों में विधिविधान हुआ हवन पूजन

पायनियर संवाददाता < कुरुद
www.dailypioneer.com



नवरात्रि के आठवें दिन अष्टमी के पावन अवसर पर नगर में विराजित माता रानी के दरबारों में भक्त जनो पूरी सादगी के साथ हवन-पूजन कार्यक्रम सम्पन्न किया।माता का आठवां रूप महागौरी के पूजन का खास दिन माना जाता है, जिसमे परम्परानुसार शक्ति स्वरूपा की उपासना की जाती है। शहर में विराजमान मां चंडी ,माँ काली ,माँ शीतला मंदिर ,छत्तीसगढ़ महतारी मैया ,वैष्णो देवी माँ कन्हारपुरी आदि में सरकार के गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन कर मास्क ,सोशल डिस्टेंट और सेनेटाइजर के प्रयोग से सीमित भक्तजनों की उपस्थिति में पूजन-हवन कार्य सम्पन्न करते हुए जनकल्याण की कामना की गयी।

माँ दुर्गाजी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी क्लेष धुल जाते हैं, पूर्व संचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है।अष्टमी पर विभिन्न पूजा अनुष्ठान होते हैं.इस दिन नौ छोटी कन्याओं को आमंत्रित किया जाता है,उनका श्रृंगार किया जाता है एवं उन्हे हलवा ,पूरी और स्वादिष्ट भोजन परोसा जाता है. कहा जाता है कि ये लड़कियां स्वयं देवी दुर्गा के अवतार होती हैं. उनके पैरों को पानी से धोया जाता है और माहुर रंग लगाया जाता है। उन्हें कलाई पर लाल पवित्र धागा या मोली बांधी गई है और नवकन्या पूजन किया गया।

### ग्राम कुमुड़कट्टा में मशरूम उत्पादन का कलेक्टर ने किया अवलोकन



**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शुक्रवार को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुमुड़कट्टा पहॅुचकर वहॉ स्वसहायता समूह द्वारा किए जा रहे मशरूम उत्पादन का अवलोकन किया। उन्होंने समूह की सदस्यों से मशरूम उत्पादन, विक्रय तथा आमदनी के संबंध में जानकारी ली और अधिक मशरूम उत्पादन के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। समूह की सदस्यों ने बताया कि डौण्डी विकासखण्ड के अलग-अलग ग्रामों में तेरह समूह द्वारा मशरूम उत्पादन किया जा रहा है। कलेक्टर ने मशरूम उत्पादक सभी समूहों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

# प्रतिवर्ष परंपरानुसार दशहरा महोत्सव का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता < कुरूद
www.dailypioneer.com

25 अक्टूबर शाम 7 बजे से 9.30 बजे तक रामलीला एवं रावण दहन कार्यक्रम संचालित होगा। इस वर्ष कोरोना संक्रमण काल है, शासन के गाइडलाइन अनुसार हमें पूरे नौ दिनों की कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिली और रावण दहन के दिन भी कोई सांस्कृतिक आयोजन इस बार नहीं होगा, बहुत ही सादगी के साथ मंचासीन अतिथियों एवं हमारे समिति के पदाधिकारी-सदस्यों की मौजूदगी मे किया जावेगा। कुरूद नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुजनों से विनम्र निवेदन है आप सब लोग अपने घरों मे ही प्रभु श्रीराम जी की पूजा अर्चना करे और दशहरा उत्सव अपने घरों मं ही मनाये। क्योंकि सिर्फ़ मंचासीन अतिथियों और समिति के सदस्यों द्वारा रावण




दहन कार्यक्रम की अनुमति मिली है। इसलिए समिति की ओर से खेद व्यक्त करते हुए दशहरा मैदान में नहीं की अपील की है।

आतिथ्य के रूप में दशहरा महोत्सव कार्यक्रम में समिति के संरक्षक मंडल और पदाधिकारी जिसमें मुख्यअतिथि अजय चन्द्राकर (पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक), तपन चन्द्राकर (अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद) नगर पंचायत कुरुद के पूर्व अध्यक्षगण- राजकुमारी दिवान जी, निरंजन सिन्हा, ज्योति चन्द्राकर, रविकांत चन्द्राकर, मंजू प्रमोद साहू (न.प. उपाध्यक्ष) एवं समस्त पार्षदगण कुरूद, संरक्षकगण शिवप्रताप ठाकुर, अनिल चन्द्राकर, होरीलाल शर्मा, समिति के अध्यक्ष कुशल सुखरामणी, महासचिव भानु चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा एवं समिति के गणमान्य सदस्यों के गरिमामयी आतिथ्य में रात्रि 7 बजे से सम्पन्न होने जा रहा है। आप सब नगरवासी-क्षेत्रवासी बंधुवर-भैया-बहनें एवं समस्त श्रद्धालुजनों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित स्वरूप जानकारी दे रहे है।



### महाष्टमी पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल

**मुंगेली।** नगर के मंदिरों में महाष्टमी पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल देखा गया, सुबह से ही मंदिरों में लोगों का आना जाना रहा, ज्ञात हो कि प्रशासन ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जहां मंदिरो में श्रद्धालुओ के प्रवेश पर रोक लगाई थी ताकि मंदिरों में भीड़ का बढ़ते, इसके लिए सिर्फज्योति कलश जलाने की ही इजाजत दी गई है। मंदिरों और पंडालों में हुए हवन - महाष्टमी पर्व पर नगर के मंदिरों और दुर्गा समितियों द्वारा स्थापित दुर्गा पंडालो में हवन किया गया, ज्ञात हो इस बार बढते कोरोना सं मण को दखते हुए प्रषासन ने दुर्गा समितियों के लिए कडे निर्देष जारी किये था, जिसके कारण इस बार बिते साल की तुलना में कम ही पडालो में दुर्गा स्थापित किया गया है, इन पंडालों में महाष्मी का हवन किया गया। कन्या भोजन का हुआ आयोजन - नगर के मंदिरो और घरों में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने आज कन्या भोजन करा अपने व्रत को पूर्ण किया, छोटे छोटे बच्चीयो की देवी रूप मान पूजा अर्चना कर उनसे आर्षिवाद लिया। इसके अलावा कुछ मंदिरो में भी कन्या भोज का आयोजन किया गया।

# ग्राम पंचायत सरोरा में बह रही है विकास की गंगा



### ग्राम बुंदेली में मुक्तिधाम व शेड और प्रतीक्षालय निर्माण का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर के समीपस्त ग्राम सरोरा में विकास की ओर एक कदम बढ़ते ही जा रहा हैं। कल दिन शुक्रवार को ग्राम पंचायत सरोरा के अधीनस्थ ग्राम बुंदेली में 5,58 हजार के लागत रशि से गांव में मुक्तिधाम व सेन्ड एंवम प्रतीक्षालय निर्माण का भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन हुआ जिसमें 1095000 रूपए की लागत से डीपीएस भवन तथा 500000 लाख की लागत से निर्मित सीसी रोड का लकोर्पण डोमेशवरी वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर के मुख्य अतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष टंकराम वर्मा , आमंत्रित सदस्य अनिल अग्रवाल ,केयूर भूषण शर्मा, रेखा राम देवांगन के आतिथ्य में सरपंच बिहारी राम वर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम में पंचायत के पंचगण व ग्राम वासियों की उपस्थिती भी थी।

### सक्ती शहर के जिंदल वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने वर्चुअल नवरात्रि पर्व पर दी ड्राइंग कंपटीशन में सुंदर प्रविष्ठियां

**सक्ती।** सक्ती शहर के कंचनपुर स्थित जिंदल वर्ल्ड स्कूल के बच्चों द्वारा वर्तमान में नवरात्रि पर्व पर आयोजित वर्चुअल ऑनलाइन ड्राइंग कंपटीशन में बहुत सुंदर ढंग से मां जगदंबे की ड्राइंग तैयार कर अपनी प्रस्तुति दी है, तथा वर्चुअल रूप से आयोजित इस ड्राइंग कंपटीशन में बच्चों की एक से बढ़कर एक सुंदर प्रविष्टियों को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने सभी बच्चों को उनकी प्रतिभाओं पर आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है, ज्ञात हो कि वर्तमान में जिंदल वर्ल्ड स्कूल द्वारा कोरोनाकाल को देखते हुए विगत कई माह से ऑनलाइन वर्चुअल कक्षाएं आयोजित कर बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र की शिक्षा दी जा रही है, जिसमें बच्चों की उपस्थिति एवं उत्साह काफी प्रशंसनीय हैं, तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा निरंतर बच्चों की प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए समय-समय पर ऐसे सकारात्मक एवं ज्ञानवर्धक आयोजन कर उन्हें निपुण बनाया जा रहा है, जिसकी विद्यालय के अभिभावक गण भी प्रशंसा करते हैं, एवं विद्यालय के डायरेक्टर ऋषभ जिंदल एवं प्राचार्य का कहना है कि बच्चों को वर्ष भर विभिन्न अवसरों पर विभिन्न जानकारी देने तथा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं ज्ञान से संबंधित जानकारी देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## केशकाल के विधायक केन्द्र और राज्य सरकार को कोषा

# प्रदेश में होने वाले दुष्कर्म तथा हत्या, आत्महत्या को लेकर राजनेताओं का अलग-अलग : कृष्णकुमार ध्रुव

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश और देश में होने वाले घृणित सामूहिक दुष्कर्म तथा उसके चलते होने वाले हत्या, आत्म हत्या को लेकर और हमारे आदिवासी बाहुल्य बस्तर में होने वाले सामूहिक दुष्कर्म, हत्या आत्महत्या को लेकर राजनेताओं का तथा सरकारों का दृष्टिकोण अलग अलग हो जाता है यह समझ से परे है। कोंडागांव जिला से केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक कृष्णकुमार ध्रुव ने विज्ञप्ति जारी करके छोटेओडागांव की हुई दर्दनाक घटना पर छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार के साथ सत्तारूढ़ पार्टी व विपक्षी पार्टी के नेताओं के बर्ताव को भेदभाव एवं उपेक्षापूर्ण ठहराते दुःख व्यक्त किया है।ध्रुव का कहना है कि अभी ही उत्तरप्रदेश के हाथरस में एवं छत्तीसगढ़ के वाड्रफनगर में घटित हुई घटना को और हमारे केशकाल विधानसभा के छोटेओडागांव में घटित घटना पर सरकार का तथा पक्ष विपक्ष के नेताओं का आंकलन करने का दृष्टिकोण अलग अलग रहा जिसके चलते पीड़ित के परिवार तक पहुंचकर सांत्वना देने में, सहायता राशि प्रदान करने में और कार्यवाही करने में भेदभाव बरता गया। इसका क्या कारण रहा मेरे और जनसामान्य के समझ से परे है।मुझे लगता है कि उत्तरप्रदेश के हाथरस की घटना को राष्ट्रीय न्यूज चैनलों एवं समाचार में जमकर प्रसारित किया गया और राष्ट्रीय नेताओं ने उस पर जमकर बयानबाजी किया इसलिए शायद पीडित परिवार की सुधि ज्यादा लिया गया। इसी तरह हमारे ही छत्तीसगढ़ के वाड्रफनगर में सामुहिक दुष्कर्म की घटना उजागर होते ही प्रदेश सरकार को दो मंत्री पीड़िता के घर तक पंहुच गये तथा नेताओं का तांता लग गया । मंत्रिमण्डल की बैठक में घटना पर दुख व्यक्त करते सरकार के गंभीर होने का संदेश देने के लिए एस डी ओ पी थानेदार को निलंबित कर दिया गया और राहत राशि देने की बड़ी उदारता से घोषंणा कर दिया गया। जबकि वही केशकाल के छोटेओडागांव में घटित घटना की सुधि लेने का समय न सरकार को मिला न उनके किसी मंत्री को समय मिला और हाथरस वाड्रफनगर जैसी कोई कार्रवाई ही किया गया। राहत राशि देने के नाम पर महज माखौल उडाते अपना नाम और अपनी राजनीति चमकाने का तुच्छ हरकत किया गया।सरकार पीड़िता के परिवार को कब क्या देगी? यह अभी तक अटकल लगाया जा रहा है। छोटेओडागांव के मामले में घिनौना आपराधिक कृत्य करने वाले तत्कालीन थानेदार पर अभी तक कोई कानूनी कार्यवाही न कर उसे बचा निकालने का उपक्रम किया जा रहा है। केशकाल अनुविभाग के अंतर्गत नाबालिग बच्चियों एवं महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म और अवयस्क बच्चियों तथा कुंवारी लड़कियों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को न पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया और न सरकार ने।धनौरा थाने में पेंडिंग रखें गये प्रकरंणों पर और ईरागांव में घटित दुष्कर्म के मामलों को मीडिया संज्ञान में न लाती तो जिस तरह छोटे ओडागांव के मामले को महज कुछ हजार के लालच में दबाकर रख दिया गया था उसी तरह दफन कर दिया गया होता। केशकाल पुलिस अनुविभाग के सभी थानों में गंभीर मामलों का आंकड़ा और पेंडिंग अनसुलझे मामलों का आंकड़ा तेजी से बढ़ता रहा पर पुलिस अधिकारी बड़े शाने शौकत से आराम फरमाते गाल बजाते रहे। सरकार की पुलिस के साथ बाल संरक्षण इकाई महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग दुष्कर्म पीड़िताओं के मामले में संवेदन शून्य बने रहे।

# चिरान के अवैध परिवहन में लगे तो पिकअप वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

22 अक्टूबर को कोतवाली थाना प्रभारी एसएन सिंह को उर्दना मुख्य मार्ग से दो पिकअप वाहनों में लकड़ी चिरान के परिवहन होने की सूचना दिया गया। मुखबिर ने बताया कि उक्त वाहन उर्दना रोड किनारे खड़ी है। थाना प्रभारी एसएन सिंह द्वारा तत्काल थाना कोतवाली से प्रधान आरक्षक नंदू सारथी, प्र.आर. श्याम साहू और आरक्षक हेमन पात्रे को मौके पर रवाना किए। मुखबिर द्वारा बताये गये लकड़ी चिरान लोड वाहनों पिकअप क्रमांक ऑडी 23 डी-6492 तथा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 13 जेड 0665 उर्दना रोड किनारे खड़ी मिली। जिसके चालक लकड़ियों को एक वाहन से दूसरे वाहन में लोड कर रहे थे। जिन्हें जाकर कोतवाली स्टाफ पूछताछ किए। वाहन में मौजूद तिलक साहू साजा वृक्ष का लकड़ी चिरान होना बताया। कागजात की मांग करने पर तिलक साहू द्वारा वन विभाग, वन परिक्षेत्र रायगढ़ से जारी परिवहन पत्र ज्ञ-2 तथा



शंकर शॉ की इनवाइस दिखाया। जिसमें 250 नग लकड़ी चिरान का उल्लेख है, लेकिन वाहन में 150 नग अधिक चिरान थे। मामला संदेहास्पद प्रतीत होने पर दोनों वाहनों को कोतवाली पुलिस वाहन व ड्राइवर समेत थाना लाई जिनके विरुद्ध धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही के लिए वाहन मय चिरान वन विभाग को सौंपा गया है।

# ग्रामीण इलाके दोबारा शराब माफियाओं की जकड़ में, दिगर प्रांत की बिक रही शराब

## गाहे-बेगाहे हो रही कार्रवाईयां महज खानापूर्ति जैसी, बड़ी मछलियां पकड़ से बाहर

- घुमका आबकारी सर्किल भी राजनांदगांव से काम कर रहा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




जिले के कई क्षेत्र शराब माफियाओं की जकड़ में हैं। बीते अप्रैल महीने में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध शराब डंप को पकड़ने में बड़ी सफलता हाथ लगी थी और कुछ बड़े तस्कर भी पुलिस के हत्थे चढ़े थे। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई के कुछ ही समय बाद तत्कालीन एसपी का तबादला कर दिया गया। इसके बाद से जिले के कई क्षेत्र दोबारा शराब माफियाओं के हवाले हो गए हैं। उस दौरान तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता लेकर कहा था कि शराब के अवैध कारोबार को जिले में पनपने नहीं दिया जाएगा लेकिन उनकी रवानगी के बाद हालात जस के तस रह गए हैं।

एमपी से बड़ी मात्रा में पहुँच रही अवैध शराब की खेप से इलाके के कई गांव के नामी तस्करों ने फिर से शराब के अवैध कारोबार का जाल बिछा लिया है। खबरों के अनुसार घुमका, मुरमुन्दा, गोपालपुर, सलोनी, कलेवा, हरदुआ, भालूकोंन्हा पटेवा आदि गांव में बड़े पैमाने पर एमपी व दिगर प्रांत की देशी - विदेशी मदिरा को खपाने का खेल जोरों से चल रहा है। विश्वस्त जानकारी के अनुसार शराब माफिया के आकाओं द्वारा गांव गांव में तस्करों तक आसानी से कई पेटी शराब पहुंचाई जा रही है। दूसरी ओर नाम मात्र की छोटी-मोटी कार्यवाही कर औपचारिकताओं का खेल खेला जा रहा है।

कुछ होटल नुमा अड्डों के संचालक भी अवैध शराब के कारोबार में लिप्त बताए जा रहे हैं। सबसे दुर्भाग्य जनक स्थिति यह कि घुमका सहित कई इलाकों में ही प्रतिदिन कई पेटी अवैध शराब खपने की खबर लगातार मिल रही है। मदिरा प्रेमी निर्धारित ठिकाने से आसानी से शराब खरीद लेते हैं। सूत्रों के अनुसार घुमका में ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से चंद कदम दूर व्यस्त आवाजाही वाले मुख्य मार्ग पर ही चिकन मटन बिरयानी सेंटर और होटल के आड़ में अवैध शराब बिक्री और पीने की सुविधाएं खुलेआम उपलब्ध होना है।

सूत्रों के अनुसार काफी लंबे समय से शराब की बड़ी खेप का पकड़ में नहीं आना और जिला मुख्यालय के ही करीब अवैध शराब बिक्री के लिए चर्चित गांवों में आसानी से शराब उपलब्धता को तंत्र की नाकामी या गठजोड़ के तौर पर देखा जा रहा है। इलाके में अवैध शराब जप्ती की कार्यवाही को लेकर पुलिस के अलावा आबकारी के हाथ भी इन दिनों पूरी तरह खाली बताया जाता है।

### घुमका के नाम पर नांदगांव में संचालित हो रहा आबकारी थाना

क्षेत्र में अवैध शराब के बड़े पैमाने पर हो रहे कारोबार को सम्भवतः रोकने की गरज से शासन ने विगत 7-8 वर्ष पूर्व घुमका आबकारी सर्किल को अलग करते हुए विभागीय सेटअप के तहत निर्धारित अमले की तैनाती भी की थी। यह सब आज तक केवल काग़ज़ों में ही चल रहा है और अभी भी घुमका के नाम पर जिला मुख्यालय के आबकारी कंट्रोल रूम में घुमका आबकारी सर्किल का अमला कार्यरत है। सम्बन्धित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लेकर आम ग्रामीणों तक को सर्किल के आबकारी दरोगा का संपर्क नम्बर और नाम तक नहीं मालूम है।

इस मामले को लेकर अमले के ही एक अधिकारी बताते हैं कि आबकारी अमले की तैनाती शासन-प्रशासन की बनाई व्यवस्था के आधार पर है। घुमका आबकारी सर्किल में तैनात बल राजनांदगांव शहर में मौजूद कंट्रोल रुम से ही काम कर रहा है। जानकर और विश्वस्त सूत्रों के अनुसार घुमका के लिए स्वीकृत आबकारी सर्किल को गुपचुप तरीके से जिला मुख्यालय में संचालित करने के पीछे अफसरों, कर्मियों और विभाग की सुविधा और शिकवा शिकायतों से बचने को कारणों में गिनाया जा रहा है। अब ऐसी स्थिति में इलाके में चल रहे शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने विभाग की क्या भूमिका होगी जबकि फिलहाल की स्थिति में घुमका में पूर्व से चिन्हित तस्करों और अवैध शराब विक्रेताओं का एक बड़ा चैनल बेधड़क संचालित हो रहा है और आबकारी विभाग और पुलिस के हाथ पूरी तरह खाली है।

# छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति में सिर्फ सदस्यों की मौजूदगी में होगा रावण दहन

- दस फीट के रावण दहन कार्यक्रम में कोई सांस्कृतिक आयोजन नहीं
- कोविड -19 के प्रोटोकॉल के तहत होगा दहन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थानीय म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में विजयादशमी के अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम किया जाएगा । लेकिन इस वर्ष कोरोना महामारी के प्रकोप के चलते किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन समिति के द्वारा नहीं किया जा रहा है और ना ही किसी प्रकार की आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है ।

24 अक्टूबर दिन शनिवार को छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति के सदस्यों की एक संक्षिप्त बैठक स्कूल ग्राउंड में आहूत की गई जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी के नेतृत्व में निर्णय लिया कि कोविड 19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मात्र दस फिट के रावण के पुतले का परम्परानुसार दहन किया जाएगा ।

इस दौरान समिति के संरक्षक गण व तकरीबन 50 सदस्य व पदाधिकारी ही उपस्थित रहेंगे । बैठक में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी सहित, हरीश शर्मा, आदवाणी धीवर, नवीन तिवारी, मनीष गोलछा, हाकिम खान, प्रशांत कांकरिया, हर्ष रामटेके, किशुन यदु, आकाश चोपड़ा, प्रखर श्रीवास्तव, प्रशांत गुप्ता, गीतेश गुप्ता,पारस वर्मा, सुमित सिंह भाटिया, आशीष डोंगरे, अरविंद बैद, सुमित डागा, अनुराग चौरसिया, गिन्नी चावला, पिन्टू वर्मा, मुकेश शर्मा, विजय भट्टड़, दीपेश शेन्डे, नरेंद्र हंसा,अजय सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

# बाइक चोर युवक वनांचल खड़गांव से गिरफ्तार

- मटियावार्ड में बाईक चोरी मामले में कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर के मटियावार्ड में बाईक चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बाईक को बेचने ग्राहक तलाश रहे आरोपी के पास से बाईक जब्त कर विधिवत कार्रवाई की गई है। आरोपी द्वारा अपराध कबूलनामा के उपरान्त आरोपी युवक को पुलिस ने रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से आधिकारिक जानकारी मुताबिक मटियावार्ड में 8 अक्टूबर को एक बाईक सीजी 08 वी 9582 चोरी हुई थी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। जिले में एसपी डी श्रवण के निर्देशन में अपराधों के विरुद्ध जारी अभियान अंतर्गत एएसपी व एसडीओपी से मार्गदर्शन उपरान्त डोंगरगांव टीआई केपी मरकाम ने टीम गठित कर मुखबिर मामूर कर कार्रवाई प्रारंभ की। बाईक को ग्राम कुम्हारी खड़गांव थाना इलाके में होने की मुखबिर सूचना पर कार्रवाई की गई। पुलिस कार्रवाई में ईश्वर यादव, बलिहार सिंह, भरत मण्डावी, केदार कोर्राम व धर्मेन्द्र ने अहम भूमिका निभाई।

**वनांचल में थी ग्राहक की तलाश**- पुलिस ने बताया कि ग्राम कुम्हारी, थाना खड़गांव में परमेश्वर पिस्दा पिता केशव पिस्दा के पास बाईक होने व बेचने हेतु ग्राहक तलाश करने की मुखबिर सूचना मिली। पुलिस टीम ने घेराबन्दी कर आरोपी से कबूलनामा उपरान्त जब्ती पत्रक बनाकर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है।

# महिला आयोग की अध्यक्ष का शहर कांग्रेस ने किया स्वागत

- महिलाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार चला रही कई योजनाएं : नायक

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमई नायक का शहर आगमन पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के नेतृत्व में शुक्रवार को स्थानीय पुराना सर्किट हाउस में जोशिला स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस के सचिव सूर्यकांत जैन ने बताया महिला आयोग की अध्यक्षा जिले में दो दिवसीय प्रवास पर आई हुई थीं। जिसमें उन्होंने सुकुलदैहान एवं कलेक्टर परिसर में बैठक कर जन अदालत के जरिए लोगों की समस्यों का निराकरण करते हुए अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को ही जब वे दौरे से शाम 6 बजे पुराने सर्किट हाउस पहुंची तो शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा अध्यक्षा श्रीमती किरणमई नायक का नारों के साथ एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर जोशिला स्वागत किया गया। इसके पश्चात उन्होंने सभी कांग्रेस जनों से विस्तृत रूप से चर्चा की एवं महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को सुना तथा निराकरण का भरोसा दिलाया।

अध्यक्ष किरणमई नायक ने राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहे विभिन्न योजनाओं व महिला उत्थान के लिए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष झम्मन देवांगन, नासिर जिंदरान, महामंत्री महेंद्र शर्मा, रूपेश दुबे, राजा त्रिपाठी, अमित चंद्रवंशी, हनी ग्रेवाल, चंद्रकला देवांगन, सेवा दल के अध्यक्ष बबलू कसार, आर बी मिश्रा, पार्षद गण मनीष साहू, महेश साहू, अमीन हुद्दा, दुलारी बाई, ऋषि शास्त्री, शरद पटेल, पूर्णिमा नागदेवे, गणेश साहू, इशांक खान, निगम एल्डरमैन वरिष्ठ कांग्रेसी मामराज अग्रवाल, एजाजु रहमान, राजा गुप्ता, सचिन तुरहाते, डॉ राकेश कुमार, भोजू भाई, जितेंद्र शर्मा, मोहसिन खान, कादिर अंसारी, सलाम कुरैशी, नरेश साहू, प्रिया खत्री, विशु आजमानी, तौसीफ गोरी, मानव देशमुख, शुभम लालवानी, अब्बास खान, संदीप जयसवाल, विजय अग्निहोत्री, अतुल शर्मा, गणेश साहु, मनीष गौतम, रीना पटेल, प्रीति वैष्णव, शुभानी वर्मा, प्रज्ञा पंकज गुप्ता, चिंटू शर्मा, सौरभ तिवारी, सौम्य शर्मा, हर्ष साहू, मयंक सोनी, केशव पटेल आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

# गंदगी फैलाकर अवैध रूप से संचालित खटाल को निगम की टीम ने किया बेदखल

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से खटाल चलाने वाले के विरुद्ध निगम प्रशासन ने कार्यवाही की। रास्ते पर अवैध रूप से खटाल बनाकर जमीन पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ आज बेदखली की कार्यवाही की गई। इसके अलावा राधिकानगर में अवैध रूप से स्थापित ठेले को स्थानीय निवासियों की शिकायत पर हटाया गया। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर क्षेत्र अंतर्गत लोहिया रोड में खटाल संचालक द्वारा अतिक्रमण करने के साथ ही गंदगी फैलाई जा रही थी, जिस पर जोन 02 की जोन आयुक्त पूजा पिल्ले की तोड़फोड़ की टीम मौके पर पहुंची और बेदखली की कार्यवाही करते हुए खटाल को ध्वस्त किया गया। जोन 02 सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा ने बताया कि वार्ड 16, लोहिया रोड कैलाश धाम के पास अवैध रूप से एक व्यक्ति द्वारा खटाल का संचालन किया जा रहा था। आवासीय क्षेत्र में खटाल संचालन के कारण आसपास बेतरतीब गंदगी फैल रही थी, इससे आने जाने वालों को समस्या हो रही थी, जिसका मोहल्ले वासियों ने निगम में शिकायत दर्ज कराई थी, इसी के तहत निगम के राजस्व विभाग की टीम ने खटाल को बेदखल किया। आवाजाही के रास्ते पर बने खटाल को जेसीबी के द्वारा ढहाते हुए ध्वस्त किया गया और दोबारा निर्माण नहीं करने की समझाईश दी गई। बेदखली की कार्यवाही में जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, तोड़फोड़ की टीम एवं पुलिस बल उपस्थित थे। अवैध रूप से रखे हुए ठेले को हटाने की कार्रवाई जोन 01 जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि की टीम ने आज राधिकानगर स्थित बालाजी मार्बल के सामने अवैध रूप से रखे हुए ठेले को हटाने की कार्रवाई की ! अवैध रूप से ठेले रखे हुए होने की शिकायत आस पास के नागरिकों ने निगम से किया था, शिकायत पर कार्यवाही करते हुए आज ठेले को हटाने की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान राजेश गुप्ता मौजूद रहे।



**राजनांदगांव। रामपुर व नारायणगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से हुई दुःखद घटना में मृतकों के शोकाकुल परिवार से राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद सन्तोष पांडे ने मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। इस दौरान उनके साथ पूर्व विधयाक खेदूराम साहू, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भारत वर्मा, भाजपा एल.बी.नगर मण्डल अध्यक्ष बोधीराम साहू, महामंत्री रामाधीन देवांगन, बेदराम ताम्रकार, देवेन्द्र साहू, रामाधार ओझा, रामपुर सरपंच रेवाराम सिन्हा, देवेन्द्र यादव, राजकुमार ताम्रकार, पीताम्बर सिन्हा, रामजी चंद्रवंशी, जय शर्मा व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।**

## राष्ट्रपति के नाम लिखा पत्र, कई दिनों से गुहार लगा रहे

# मैच्युरिटी के बाद भी रकम नहीं लौटा रही कंपनी, मांगी इच्छामृत्यु

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सहारा इंडिया के जमाकताओं (एजेंटों) ने मैच्युरिटी के बाद भी निवेशकों की राशि वापस नहीं किए जाने को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम चिट्ठी भेजकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। एजेंटों का आरोप है कि अवधि पूर्ण होने के बाद भी जमाकताओं की राशि को लौटाने में देरी की जा रही है। जिसके चलते निवेशकों का जमाकताओं से विश्वास उठ गया है और जमा राशि को वापस कराने का एजेंटों पर दबाव बढ़ाया जा रहा है।

शनिवार को एजेंट तुलाराम सिन्हा, शेषनारायण देवांगन, मुकेश देवांगन, ओमप्रकाश साहू, घनश्याम यादव, अंगदराम देवांगन, अजय सिंह समेत कई एजेंटों ने देश के शीर्ष राजनायिकों के नाम पत्र लिखकर इस मामले में दखल देने की अपील की है। एजेंटों का आरोप है कि संस्था एवं शाखा कार्यालय द्वारा एजेंटों को अवधि पूर्ण होने के बाद राशि निकालने के लिए नई पॉलिसी के तहत उतनी ही राशि जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसका विरोध करने पर संस्था द्वारा अनुशासनहीनता का आरोप लगाकर एजेंटों का कोड निरस्त कर बाहर किया जा रहा है।

एजेंटों का कहना है कि सालों से संस्था के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं। संस्था के इस रूख की वजह से एजेंटों की विश्वसनीयता पर भी लोग सवाल उठा रहे हैं। जबकि ईमानदारी से निवेशकों के पैसे जमा कराए गए हैं। इधर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तथा संस्था प्रमुख सुब्रत राय सहारा के अलावा अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम एजेंटों ने पत्र भेजकर इस अव्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की है। उनकी मांग पूर्ण नहीं होने पर एजेंटों ने इच्छामृत्यु की मांग भी की है। वहीं आगामी एक नवंबर से राजनांदगांव के रिजनल कार्यालय में एजेंटों ने भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

उधर संस्था पर एजेंटों द्वारा लगाए गए आरोपों को रिजनल मैनेजर राजीव जैन ने खारिज किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी एजेंट को संस्था से बाहर नहीं किया गया है। सभी निवेशकों के रकम विलंब होने की स्थिति में ब्याज समेत लौटाया जा रहा है। अगले साल मार्च तक सभी निवेशकों की राशि लौटा दी जाएगी।

# कोटा बढ़ चुका है, एक नवंबर से हो धान खरीदी : नीलू

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने 1 नवंबर से धान खरीदी की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार से केंद्रीय पुल के तहत अब 60 लाख मीट्रिक टन चांवल खरीदने का निर्णय लिया है, जो छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए बड़ी सौगात है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार को 60 लाख मीट्रिक टन चांवल की आपूर्ति के लिए 90 लाख मीट्रिक टन धान खरीदना होगा और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 1 नवम्बर से प्रति एकड़ 15 की जगह 20 क्विंटल धान की खरीदी करनी होगी। प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष के धान के समर्थन मूल्य का भुगतान अभी तक नहीं किया है। उन्होंने कहा कि टुकड़े-टुकड़े में भुगतान करने की बजाए सरकार एकमुश्त भुगतान करे। पूरे 15 साल किसानों ने निश्चिंतता के साथ एक नवम्बर से धान बेचा है क्योंकि बहुत से किसानों का धान अक्टूबर के अंत में बेचने के लिए तैयार रहता है, जिसे बेचकर वह चार माह से इंतजार कर रहे फसल से पैसे प्राप्त कर सकता है और अपनी आवश्यकता की सामग्री व पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करता है किन्तु अब किसानों को 1 माह का इंतजार करना पड़ेगा जो किसानों के साथ अन्याय है।

श्री शर्मा ने मांग की है कि 1 नवम्बर से धान का एक एक दाना कांगेस सरकार खरीदे व किसानों को फसल का पूरा भुगतान समर्थन मूल्य में एकमुश्त करे।

# अध्यक्ष मधुसूदन ने नवरात्र एवं विजयदशमी की शुभकामनाएं दी



**राजनांदगांव।** माता की भक्ति साधना और त्याग तपस्या के पर्व शारदीय नवरात्रा की मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने सभी सुधि जनों को बुराई पर अच्छाई की जीत विजयदशमी की शुभकामनाएं भी प्रेषित करते हुए निवेदन किया है कि कोरोना अभी पूरी तरह से गया नहीं है इसलिए सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क पहनकर आवश्यक सुरक्षा के उपाय के साथ विजयदशमी उत्सव को उत्साह एवं उमंग के साथ जरूर मनाएं ।

## क्विक न्यूज

### जयरामनगर फाटक आवश्यक रखरखाव के लिए बंद रहेगी

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जयरामनगर यार्ड किमी. 703/29-704/01 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 360 जयरामनगर फाटक को, दिनांक 27 अक्टूबर (मंगलवार प्रातः 8 बजे से दिनांक 28 अक्टूबर शाम 06 बजे तक सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही स्थित परसदा फाटक एवं पाराघाट फाटक से उपलब्ध है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 02893 बिलासपुर-पटना पूजा स्पेशल में 1 स्लीपर 27 नवंबर तक, 05160 दुर्ग-छपरा स्पेशल एक्सप्रेस में 1 स्लीपर कोच 26 अक्टूबर तक तथा 02853 दुर्ग-भोपाल स्पेशल एक्सप्रेस में स्लीपर कोच की सुविधा दी जा रही है।

# धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन सर्वोच्च प्राथमिकता से अभियान के रूप में किया जाए : कलेक्टर

- **जिले के सभी एसडीएम प्रत्येक सोमवार को आम जनों की समस्यायें सुनेंगे और निराकरण करेंगें**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर भीम सिंह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी के लिये किसानों का पंजीयन सर्वोच्च प्राथमिकता से अभियान के रूप में किया जाये और यह भी ध्यान रखें कि पंजीयन के दौरान त्रुटियां न हो और पंजीयन के लिए जो नये किसान आ रहे हैं उनको किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पंजीयन की स्थिति के बारे में प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक पूरा किया जाना है। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में जहां पंजीयन कम हुए हैं। वहां अतिरिक्त कर्मचारी और ऑपरेटर्स उपलब्ध करावें ताकि यह कार्य समय-सीमा में पूरा किया जा सके। कलेक्टर भीम सिंह ने धान खरीदी के लिए शासन के निर्देशानुसार बारदानें की व्यवस्था करने के निर्देश दिए और जिले के सभी फूड इंसपेक्टरों को एसडीएम के संपर्क में रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में धान खरीदी का कार्य किसानों के लिये बहुत महत्वपूर्ण है इसलिये इसे बहुत जिम्मेदारी और सतर्कता पूर्वक किया जाये क्योंकि रायगढ़ जिले की सीमा पड़ोसी राज्य से जुड़ी हुई है अत- धान खरीदी के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतनी होगी। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र में रिक्त शासकीय जमीनों का पुन- सर्वे कर वास्तविक स्थिति प्रस्तुत करने के निर्देश दिये और शासकीय रिक्त जमीनों से अतिक्रमण हटाने तथा नियमानुसार नीलामी कर राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने को कहा। उन्होंने नजूल की जमीनों पर निवासरत या कब्जाधारी व्यक्तियों से राज्य शासन के निर्देशानुसार निर्धारित राशि वसूल करने का नोटिस देकर व्यवस्थापन कराने और जो व्यक्ति व्यवस्थापन के लिए राशि जमा करने की सहमति नहीं देते है उनका कब्जा हटाने के निर्देश दिए और पूर्व में 1984 में प्रदान की गई जमीन के पट्टे का नवीनीकरण करने और उन पट्टे की जमीन को निर्धारित राशि वसूल कर फ्री-होल्ड तथा कामर्शियल उपयोग होने पर राशि वसूलकर भूमि उपयोग बदलने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर भीम सिंह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व निरीक्षकों और पटवारियों को पट्टेधारी व्यक्ति के घरों पर पहुंचकर समझाईश दें कि भू-खण्ड को फ्री-होल्ड करावें जिससे उन्हें भूमि का मालीकाना हक प्राप्त हो सकेगा। कलेक्टर ने नगर निवेश तथा नगर निगम के एक-एक सक्षम अधिकारी की ड्यूटी कलेक्टोरेट में लगाने के निर्देश दिये जिससे राजस्व अधिकारी के साथ एक साथ बैठकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करेंगे। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को उनके न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई तय समय पर करने और दोनों पक्षों को सुनवाई का मौका देकर निष्पक्षता से आदेश पारित करने को कहा।

### आमजनों की समस्याएं सूने और करे निराकरण

कलेक्टर भीम सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक सोमवार को अपने क्षेत्र के आमजनों की समस्याओं की सुनवाई करेंगे और निराकरण करेंगे और इस सुनवाई के शेड्यूल की जानकारी क्षेत्र के सभी नागरिकों को सूचित करने को कहा। क्योंकि जिले के प्रत्येक क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर रायगढ़ आते हैं। उनकी सुनवाई स्थानीय स्तर पर होगी तो उन्हें जिला मुख्यालय रायगढ़ नहीं आना पड़ेगा। आमजनों की सुनवाई के दौरान तहसीलदार और जनपद सीईओ भी उपस्थित रहेंगे।

### राहत राशि वितरण की भी समीक्षा

कलेक्टर भीम सिंह ने सामुदायिक और व्यक्ति गत वन अधिकार पट्टा प्रदान करने, आकस्मिक दुर्घटनाओं में मृत व्यक्ति यों के परिवार को मुआवजा राशि प्रदाय करने और बाढ़ आपदा में प्रभावित क्षेत्र के पीड़ितों को प्रदाय की जाने वाली राहत राशि वितरण की भी समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहार के दिनों में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये विशेष निगरानी रखा जाए और बचाव के नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए।

# डॉ. रेणु जोगी की न्याय यात्रा पर कांग्रेस की आपत्ति, कहा अनुमति नहीं ली गई, रोक लगे



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मरवाही विधानसभा के लिए मतदान की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है वैसे वैसे रोज नित नए समीकरण देखने को मिल रहे है। चुनाव मैदान से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस बाहर है और मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ दल कांग्रेस और प्रमुख विरोधी दल भाजपा के बीच है। चूंकि जोगी कांग्रेस चुनाव मैदान में नहीं है इसलिए कोटा की विधायक डॉ. रेणु जोगी द्वारा मरवाही विधानसभा क्षेत्र में निकले न्याय यात्रा का कांग्रेस ने विरोध करते हुए चुनाव पर्यवेक्षक व अधिकारी से रोक लगाने की मांग की है और कहा है कि जोगी की यात्रा अवैध और बिना अनुमति लिए हो रही है। इधर जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कांग्रेस के इस आवेदन पर तीखी प्रतिक्रिया की है और कहा है कि आज कांग्रेस ने मेरी माँ के मरवाही के लोगों से मिलकर उनसे न्याय मांगने पर रोक लगाने का बेहद हास्यास्पद आवेदन दिया भूपेश बघेल के द्वारा मुझे चुनाव से बाहर कर देने के बाद भी कांग्रेस को मेरी माँ से इतना डर क्यों सता रहा है।

# महाअष्टमी पर देवी की हुई पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

- **घरों में भी हवन और आरती की गई, पुष्पांजलि देने दुर्गा पंडाल में उमड़े माता के भक्त**

नवरात्र मां दुर्गा पूजा बंगाल का सबसे बड़ा उत्सव है लेकिन छत्तीसगढ़ में भी इसे वही दर्जा हासिल है। खासकर बिलासपुर में दुर्गा पूजा को भव्य स्तर पर मनाने की परंपरा रही है।

दुर्गा पूजा के 4 दिन लोग स्वस्फूर्त घर से निकल कर सड़क पर आ जाते हैं। एक पंडाल से दूसरे पंडाल घूम-घूम कर देवी के दर्शन का अपना ही लुत्फ है लेकिन अफसोस, कोरोना ने उत्सव का यह आनंद छीन लिया है। इस वर्ष कोरोनावायरस के कारण दुर्गा पूजा से आत्मा गायब है। औपचारिकता के लिए जगह-जगह छोटे पंडाल और छोटे आकार की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है लेकिन महा अष्टमी पर लोगों के भक्ति भाव को रोकना संभव नहीं हुआ। सुबह महा अष्टमी पूजा और फिर पुष्पांजलि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हालांकि सभी ने गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क और सोशल डिस्टेंस का पालन भी किया।

सुबह 11.00 बजे सभी दुर्गा पंडालों में संधि पूजा की गई। विशेषकर उन दुर्गा पंडालों में सुबह से ही रौनक नजर आई जहां बंगाली परंपरा के साथ दुर्गा पूजा की जाती है। इसमें रेलवे क्षेत्र के अधिकांश पंडाल शामिल रहे। इस वर्ष पंचांग के अनुसार नवमी और दशमी तिथि को लेकर भी भेद है। एक वर्ग का मानना है कि रविवार को ही नवमी और दशमी एक साथ मनाई जाएगी तो वही एक पक्ष सोमवार को दशमी मनाने का पक्षधर है। राहत की बात यह है कि इस वर्ष बिलासपुर में सार्वजनिक रावण दहन के कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं इसलिए रावण दहन को लेकर चिंता नहीं जाहिर की जा रही। हालांकि लोग छोटे-छोटे रावण घरों में और मोहल्लों में दहन करेंगे। इस वर्ष कोरोना रावण डिमांड में है। महाअष्टमी पर अधिकांश दुर्गा पंडालों में श्रद्धालु पुष्पांजलि करने पहुंचे थे। नए पारंपरिक कपड़ों में सजे धजे पारंपरिक श्रृंगार के साथ पहुंची महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए पुष्पांजलि की। इस वर्ष किसी भी पंडाल में भोग और प्रसाद वितरण नहीं किया जा रहा है। साथ ही सांस्कृतिक आयोजन भी नहीं हो रहे। पंडालों में भी बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं को देवी प्रतिमा से दूर रखने की व्यवस्था की गई है, तो वही सोशल डिस्टेंस के लिए गोल घेरे भी बनाए गए हैं।

# किशोरी बालिकाओं ने जाना आत्मरक्षा के गुर, चाइल्ड लाइन, मार्मिक चेतना एवं रक्षा टीम की पहल



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

चाइल्ड लाइन शिखर युवा मंच बिलासपुर रक्षा टीम बिलासपुर एवं मार्मिक चेतना वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में किशोरी बालिकाओं के साथ महावारी मिथ्या, समस्या एवं समाधान पर जागरूकता अभियान के तीसरे चरण में मोपका के शिकारी पारा बिलासपुर में प्रभारी रक्षा टीम बिलासपुर की किरण सिंग राजपूत के द्वारा किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा के विषय प्रशिक्षित किया गया।

किशोरी बालिकाओं पाक्सो कानून के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए मार्मिक चेतना बिलासपुर से अंकिता पांडेय शुक्ला के द्वारा माहवारी के दौरान होने वाले परेशानी के विषय को कैसे दूर किया जा सकता तथा नेहा तिवारी द्वारा योगा द्वारा निदान इस बिषय में विस्तार से जानकारी दिया गया एवं चाइल्ड लाइन बिलासपुर के समन्वयक संदीप राव मोहिते के द्वारा चाइल्ड लाइन 1098 के कार्य एवं महत्त्व के विषय में विस्तार से जानकारी दिया गया इस आयोजन को सफल बनाने में चाइल्ड लाइन से जनक यादव कु सोमालिया पटेल अनुभव शुक्ला नीरज गेमनानी,रूपाली पांडे , खुशबु साहू, शबीह परवीन, आंचल जैन, भावय शुक्ला, प्रियंका ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जुआ खेलते 5 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शहरीय क्षेत्र के अलावा अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी त्यौहार सीजन के साथ जुए की महफिलें जमने लगी है, जहाँ खुलेआम 52 परियों पर दांव लगाए जा रहे। हालांकि पुलिस लगातार इसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है, बावजूद इसके जुआरी बाज नही आ रहे है। बिल्हा पुलिस ने बीती रात थाना क्षेत्र के ग्राम कुरेली के खार में घेराबंदी कर ऐसे ही एक जुए के फड़ में दबिश दी, जहाँ से 5 जुआरियों मिथुन बांदे, संतोष बंजारे, लक्ष्मण यादव, उमेद यादव, शत्रुघन यादव निवासी कुरेली को पकड़ा जिनके कब्जे से कुल 5680 रुपए और ताशपत्ती को जब्त किया गया है, सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# अष्टमी एवं नवमी पर हुआ कन्या पूजन एवं भोज



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

वर्तमान में चल रहे क्वार नवरात्रि पर्व पर 24 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी एक ही दिन होने के कारण अनेकों घरों में नौ कन्याओं का पूजन किया गया तथा इस दौरान नौ कन्याओं को भोजन करवाकर उनके पैर छूकर लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया तो वही घरों में कन्या पूजन के लिए भी कन्याओं की काफी कमी देखी गई तथा कन्याए सज सवरकर माता दुर्गा के रूप में घरों में पहुंची तथा लोगों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं कन्या पूजन के दौरान उन्हें भेंट भी दी, तथा कन्याओं में काफी उत्साह रहा एवं घरों में इस अवसर पर खीर,हलवा, पूड़ी, सब्जी तथा अन्य विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए थे तो वहीं अष्टमी और नवमी पर्व एक ही दिन होने के कारण शहर सहित आसपास के क्षेत्र एवं जिलों के अन्य बड़े देवी मंदिरों में भी लोगों ने मंदिरों के बाहर से ही दर्शन किए।

# वेतन विसंगति और क्रमोन्नत वेतनमान को लेकर 28 अक्टूबर को फेडरेशन निकालेगी मौन रैली

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के द्वारा आगामी 28 अक्टूबर को रायपुर में सहायक शिक्षक एल बी के वेतन विसंगति और एक ही पद पर विगत 20 से अधिक वर्षों से पदस्थ हैं और जिनकी पदोन्नति नहीं हुई है, उनको क्रमोन्नत वेतनमान के मुख्य मांग के साथ मौन रैली बुढ़ा तालाब से मुख्यमंत्री आवास तक निकाली जावेगी। जिसमें सोसल डिस्टेंस के साथ ही साथ मास्क और सेनेटाइजर का उपयोग किया जावेगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संगठन सचिव और इस मौन रैली के बिलासपुर संभाग के सह प्रभारी चंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि संविलियन के पश्चात सहायक शिक्षक एल बी और शिक्षक एलबी के वेतन के बीच में भारी अंतर है। समय समय पर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और शासन के उच्च अधिकारियों को इस वेतन विसंगति से अवगत कराया जा चुका है। 28 अक्टूबर के उक्त धरना और मौन रैली को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संयुक्त सचिव इंदु यादव, जिला अध्यक्ष भोलाशंकर साहू, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शशि कला उरांव, जिला संयोजक अलेख सारथी, राधेश्याम चंद्रा, जिला उपाध्यक्ष गिरिजा शंकर दिनेश, महेंद्र कुर्रे, रजनी सिदार, रविन्द्र मिश्रा, जिला सचिव परस राम निषाद , जिला कोषाध्यक्ष बंशी लाल उरांव, जैजैपुर राजकुमार चंद्रा महिला प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष सक्ती दिव्या शुक्ला, डभरा सविता श्रीवास, मालखरौदा अहिल्या जगत मीडिया प्रभारी लक्ष्मी यादव, अजय सिदार, भूपेंद्र पटेल, यशोदा जायसवाल , दिनेश गोंड, लीलेश यादव सक्रिय हैं।

# पत्नी पर बदनीयती के शक में दोस्त को मारा चाकू, पुलिस ने पकड़ा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अपने दोस्त पर चाकू से जानलेवा हल करने वाले आरोपी को सरकण्डा पुलिस ने घटना के तत्काल बाद किया गिरफ्तार कर अरोपी के खिलाफ 985/2020 धारा 307 के तहत अपराध कायम किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर की शाम 7 बजे शाहरुख खान उम्र 29 वर्ष निवासी मुरूम खदान अशोक नगर, शनिचरी बाजार से सब्जी लेकर अपने घर जा रहा था रास्ते में दोस्त फैजल मिला जिससे वह बात करने के लिए रुक गया। इसी दौरान मुरूम खदान निवासी शैफ अली आया और अपनी बीबी पर बदनीयती का आरोप लगाते हुए अभद्र गली देते हुए शाहरुख को चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया।

घायल युवक को मोहल्ले वालों ने सरकण्डा थाना पहुचाया सरकण्डा थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता ने युवक की गम्भीर हालत को देखते हुए तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रशान्त अग्रवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप व नगर पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडेय को दी गई । जिनके निर्देश के बाद सरकंडा पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी शैफ अली की पतासाजी में टीम को भेजा ।

पुलिस के पहुचने से पहले ही आरोपी घटना को अंजाम दे फरार हो चुका था। जिसकी तरपरता से तलाश की गई तथा मुखबिरो को अलर्ट किया गया। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी घटना के बाद खमतराई के खण्डरनुमा मकान में छिपा है तथा बाहर भागने की फिराक में है। सरकण्डा पुलिस ने तत्काल आरोपी शैफ अली को गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। सरकण्डा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 985/2020 धारा 307 भादवि दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू जब्त भी किया गया है।

## 529 हितग्राहियों की हुई आवास स्वीकृति, 175 के ही आवास बन पाए

# आवास मामले को लेकर नगर के पार्षद और एल्डरमेन ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता < मुंगेली (पथरिया)
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत पथरिया में विगत वर्षों से आवास निर्माण के संबंध में परेशानियां चलती आ रही है । जिसे लेकर नगर के पार्षद और नवनियुक्त एल्डरमेन ने बिल्हा विधानसभा के छाया विधायक राजेन्द्र शुक्ला के द्वारा मुख्यमंत्री भुपेश बघेल और नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के नाम पत्र लिखा है और अतिशीघ्र समस्याओं के निराकरण करने के लिए निवेदन किया है। पार्षद और एल्डरमेन द्वारा सौपे उक्त पत्र में बताया है कि नगर पंचायत पथरिया में अब तक कुल 529 हितग्राहियो के आवास की स्वीकृति हुई है। जिसमे से केवल 175 हितग्राहियो के ही आवास अब तक बन पाए है। उसमें भी लगभग 40-50 हितग्राही ऐसे है जिनका तीसरा या चौथा किश्त रुका हुआ है। वही अब 529 हितग्राहियो में से 354 हितग्राहियो के आवास का काम अभी तक अपूर्ण अथवा अप्रारम्भ है , जो कि एक बड़ी विफ्लता है। आवेदन पत्र



में आगे बताया है कि दिनांक 16.06.2020 को राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ से पत्र क्रमांक जारी हुई , जिसमे मोर जमीन मोर मकान योजना अंतर्गत आगामी आदेश तक नवीन या अप्रारम्भ आवासों का निर्माण प्रारंभ करने के स्थान पर अपूर्ण आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने को प्राथमिकता दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में नगर पंचायत द्वारा आवास स्वीकृत हो चुके हितग्राहियो को कार्यादेश दिए जाने से रोक दिया गया है । साथ ही ऐसे हितग्राहियो का भी भुगतान रोकने की बात कही जा रही है ,जिन्होंने अपने घर तोड़ कर नींव खुदाई भी कर ली है। बिल्हा विधानसभा के छाया विधायक राजेन्द्र शुक्ला ने पत्र स्वीकार करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी को अवगत कराते हुए पथरिया नगर के आवास हितग्राहियो के समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। नगर के युवा पार्षद दीपक साहू ने बताया कि नगर में आवास योजना के हितग्राहियो को भुगतान संबंधी कई तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके निराकरण के लिए राजेन्द्र शुक्ला के माध्यम से मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया है।

# आदतन अपराधी के विरुद्ध छेड़छाड़ का मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

- **फरारी में चालान, इसलिये हौसले बुलंद**

कई आपराधिक प्रकरणो के बाद भी युवक की कभी भी गिरफ्तारी नही हो पाई हैं हर बार पुलिस उसकी फरारी में ही चालान पेश करती हैं,जेल नही जाने से आरोपी के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहता हैं। पिछली बार भी महिला की शिकायत पर उसके खिलाफ तारबहार थाने में छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ था पर गिरफ्तारी नही हो पाई थी और फरारी में ही पुलिस ने चालान पेश कर दिया था और युवक को अदालत से ही जमानत मिल गयी थी इसलिए अपराधी युवक के हौसले बुलंद थे और वह जमानत लेने के बाद से ही फिर से लगातार छेड़छाड़ जैसी हरकतों को अंजाम दे रहा था। महिला की लगातार पीछा कर छेड़छाड़ करने वाले आदतन अपराधी के विरुद्ध तारबहार पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार स्वाधीन नाग चौधरी एक आदतन अपराधी हैं जिसके विरुद्ध धोखाधड़ी समेत कई संगीन अपराध दर्ज हैं। थाना तारबहार में ही उस पर अपराध क्रमांक 277/2003 धारा 420,34 व अपराध क्रमांक 374/19 धारा 354, 354(घ) दर्ज हैं। इसी तरह सिविल लाइन थाने में एक्सीडेंट करने का अपराध क्रमांक 610/16 दर्ज हैं जिस पर अदालत में दोष सिद्ध हो चुका हैं। स्वाधीन नाग चौधरी के द्वारा एक महिला का लगातार पीछा कर उस से छेड़छाड़ पिछले कई महीनों से किया जा रहा था पर महिला इस मामले को नजरअंदाज करती रही। युवक हमेशा ही महिला का पीछा किया करता था व उसके बाजू में अपनी गाड़ी ले जा कर गाना गाने लगता था, व अश्लील कमेंट किया करता था, महिला ने युवक की इस हरकत का कई बार वीडियो भी बनाया था और जब जब बात बर्दाश्त से बाहर हो गया तो पुलिस अफसरों से इसकी शिकायत की।

# पुलिस ने किया बड़ा खुलासा, सिपाही का भाई भी मिला हुआ था पैडलरों से

## 4 साथियों के साथ है फरार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नशे के खिलाफ पुलिस और प्रशासन लगातार कई बड़े खुलासे कर रही है। मामले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। कोकीन सप्लाई मामले में सिपाही लक्ष्मण गाइन के भाई का नाम भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि जवान का भाई भी पैडलरों से मिला हुआ था। पैडलरों की गिरफ्तारी के बाद से जवान का आरोपी भाई अपने 4 साथियों के साथ फरार है। मामले में पुलिस ने अब तक 15 पैडलरों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिसमें एक महिला पैडलर भी शामिल है। आइए जानते हैं ड्रग्स नशे की मुहिम में अब तक क्या-क्या हुआ?



### अचानक फायरिंग से दहल गया वीआईपी रोड

जब सारी राजधानी लॉक थी,जिले की सीमाएं सील थीं, घरों से बेवजह निकलने पर कड़ी पाबंदी थी। ऐसे समय में रायपुर के क्वींस क्लब में रात को अचानक फायरिंग वीआईपी रोड दहल गया। गोली चली थी इसीलिए राजधानी पुलिस पहुंची, तो पता चला कि टोटल लॉकडाउन के बीच क्वींस क्लब में रसूखदारों की बर्थडे पार्टी चल रही थी। इसके बाद सवाल उठने लगे कि पुलिस की इतनी सख्त चौकसी के दावे के बावजूद कैसे शराब की पार्टी हुई? जाहिर है घटना ने एक बात तो साफ कर दी थी कि रायपुर में नशे और मौज-मस्ती के लिए रसूखदार किसी भी हद तक जा सकते हैं।

### डीजे बनकर रिझाने वाली महिला ड्रग पैडलर गिरफ्तार

पुलिस पूछताछ में कड़ी-दर-कड़ी पूछताछ के बाद क्वींस क्लब में हुई नशा पार्टी और नशे के सौदागरों के बीच कनेक्शन का खुलास हुआ। मामले में अपने ग्लैमर से युवाओं को डीजे बनकर रिझाने वाली पहली महिला ड्रग पैडलर निकिता पंचाल की गिरफ्तारी के बाद कुछ और खुलासे होते गए। इसके बाद पुलिस ने दो राजधानी से क्वींस क्लब के मैनेजर संभव पारख और उसके साथी को ड्रग लेने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया।

### बिलासपुर से 9 ड्रग्स पैडलर गिरफ्तार

ड्रग पैडलरों की गिरफ्तारी के बाद रहस्य उजागर होने के बाद पुलिस होटल, नाइट क्लब, हुक्का बार समेत शहर के व्यापारिक और राजनीतिक घरानों के लड़के-लड़कियों, रसूखदारों के ड्रग कनेक्शन की एक-एक कड़ी को बेनकाब किया। ड्रग्स लेने वालों की धुंधली तस्वीरों के साथ-साथ उनकी नशीली डांस पार्टीज की तस्वीरें तक सबकुछ उजागर किया। पुलिस पर चौतरफा दबाव बना कि वो इस नेक्सस पर कार्रवाई करे। ऐसा हुआ भी पुलिस ने बिलासपुर से मुख्य ड्रग सप्लायर अभिषेक शुक्ला और मिन्हाज मेमन समेत 9 लोगों को ड्रग के साथ गिरफ्तार किया।

### हरकत में आई पुलिस

रायपुर की कोतवाली पुलिस ने बैरन बाजार में पॉलीटैक्नीक कॉलेज के पास कोकीन बेचने के लिए ग्राहक ढूढते श्रेयांश झाबक और विकास बंछोर को गिरफ्तार किया। इसके अलावा राजधानी में पान-ठेलों पर से लेकर टपरी और बंद कमरों तक में खुले आम बिकता हुआ कैमरे में कैद हुआ। विकास और श्रेयांश कड़ाई से पूछताछ में एक के बाद एक कई चौंकाने वाले खुलासे किए। श्रेयांश झाबक और विकास बंछोर ने पुलिस पूछताछ में कबूला कि शहर के कई रसूखदारों के साथ उनका कनेक्शन है और मुंबई से ड्रग्स लाकर अपने हमउम्र लड़कों को ग्राहक बनाते थे।

# विजयादशमी के पथ संचलन पर ब्रेक, मोहन भागवत के ऑनलाइन उद्बोधन के बाद होगा शस्त्र पूजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 95 साल के इतिहास में पहली बार कोरोना के कारण विजयादशमी पर देशभर में होने वाला पथ संचलन इस बार रद्द कर दिया गया है। रायपुर सहित अविभाजित मप्र के समय से सभी जिलों में 90 सालों से पंथ संचलन होता रहा है, लेकिन इस बार किसी भी जिले में पथ संचलन नहीं होगा। पूर्व सरसंघ संचालक मोहन भागवत का विजयादशमी के दिन सुबह 8 बजे ऑनलाइन उद्बोधन होगा। इसी के साथ शाखाओं में शस्त्र पूजन का ही कार्यक्रम होगा। आरएसएस की स्थापना 27 सितंबर 1925 को देश की आजादी से पहले विजयादशमी के दिन की गई थी। तब से लेकर आज तक देश के हर राज्य के जिलों में संघ का पथ संचलन का कार्यक्रम होता है। इसमें पहले तो काफी कम संख्या में लोग शामिल होते थे, लेकिन जैसे-जैसे संघ के सदस्यों की संख्या में इजाफा होता गया, पथ संचलन में भी संख्या बढ़ती गई। आज हर राज्य में हजारों की संख्या में पथ संचलन में आरएसएस के कार्यकर्ता शामिल होकर संघ का स्थापना दिवस मनाते हैं। देश में आजादी से पहले और आजादी के बाद कभी भी विजयादशमी पर होने वाले पथ संचलन पर ब्रेक नहीं लगा था, लेकिन पहली बार कोरोना के कारण इस पर ब्रेक लगने वाला है।

### प्रदेश में कहीं नहीं होगा पथ संचलन

रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों के साथ संघ की सभी 1350 शाखाओं में विजयादशमी पर पथ संचलन कार्यक्रम होता है। रायपुर में सबसे बड़ा कार्य म होता है। इसमें प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ कई बार राष्ट्रीय स्तर के भी पदाधिकारी शामिल होते हैं। यहां पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होते हैं। पथ संचलन के साथ ही शस्त्र पूजा का भी कार्यक्रम होता है। इसी के साथ अलग-अलग विधाओं में कई तरह की प्रस्तुति होती है। रायपुर में आरएसएस की स्थापना के करीब पांच साल बाद से ही आयोजन हो रहा है। पहली बार आयोजन पर ब्रेक लग रहा है। कोरोना के कारण रद्द किया कोरोना को देखते हुए प्रदेशभर में कहीं भी पथ संचलन नहीं होगा। कोरोना को लेकर जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक किसी भी आयोजन में सोशल डिस्टेंसिंग अहम है।



-पथ संचलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने के कारण सोशल डिस्टेंसिंग संभव नहीं, इसलिए कार्यक्रम रद्द किया गया है।
- डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, सह प्रांत संघचालक छत्तीसगढ़

# जल जीवन मिशन में लोकल ठेकेदारों को काम नहीं मिलने की शिकायत

पायनियर संवाददाता < रायपुर/राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य सरकार को मिले सात हजार करोड़ रुपए के कार्यों के आवंटन की प्रक्रिया में राज्य के पीएचई महकमे की धांधली सामने आई है। राज्य के एक-एक जिले में छोटे-छोटे कामों का समूह बनाकर बाहरी निर्माण एजेंसियों को अरबों रुपए का काम आवंटित कर दिया गया है।

वहीं राज्य के ठेकेदारों को इस पूरे प्रोजेक्ट में लाखों रुपए के काम भी नहीं मिल सके। लोकल ठेकेदारों को काम नहीं मिलने की लगातार शिकायतों के बाद राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस पूरे मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए, जिसके बाद पीएचई में खलबली मची हुई है। इन्हें अरबों के काम राज्य के जांजगीर-चांपा जिले में जलगांव की जैन एरिगेशन कंपनी, बलौदाबाजार-महासुमंद और रायगढ़ जिले का काम मुंबई के जेएमसी प्रोजेक्ट को दिया गया है। वहीं राजनांदगांव जिले में मुंबई की पटेल इंजीनियरिंग कंपनी, कबीरधाम, कोरबा और सरगुजा जिले में गुजरात की नरेशचंद अग्रवाल एंड कंपनी को दिया गया है। इसके अलावा कई जिलों में बाहरी राज्यों के ठेकेदारों के बीच अरबों रुपए के काम बांट दिए गए हैं। दूसरे प्रदेशों के जिन ठेकेदारों को बड़े काम मिले हैं, उनमें महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी, ओडिशा के ठेकेदार शामिल हैं।

छोटे-छोटे कामों से पहुंचाया फायदा पीएचई ने बाहरी राज्यों के बड़े ठेकेदारों को काम देने के लिए छोटे-छोटे कामों को जोड़कर अरबों रुपए के काम आवंटित किए। मजे की बात ये है कि कुछ बड़े ठेकेदारों ने यह सोचकर काम लिया कि एक ही प्रोजेक्ट की यह राशि है, लेकिन जब उन्होंने पतासाजी की तो वे अब इसे पेटी कांट्रेक्ट में देने की तैयारी में जुट गए हैं। कमेटी करेगी जांच इस मामले की शिकायत होने पर राज्य सरकार ने संज्ञान लिया और मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित कमेटी में राज्य के मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव को शामिल किया गया है। सीएम की पहल का स्वागत राज्य के कांट्रेक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेश शुक्ला और राजनांदगांव जिले के अध्यक्ष संजय सिंगी ने सीएम बघेल द्वारा की गई इस पहल का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि लोकल ठेकेदारों को इन कामों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

मामला केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना के तहत राज्य को सात हजार करोड़ रुपए का फंड मिला है। राज्य के पीएचई महकमे को मिले करोड़ों रुपए के फंड के बाद अफसरों ने बाहरी ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए ऐसा ताना-बाना बुना कि राज्य के ठेकेदार मापदंड से पूरी तरह बाहर हो गए।

# पूंजीपतियों को लाभ देने व किसानों को लूटने के लिये लाये हैं कृषि बिल: भूपेश बघेल

## बिहार विधानसभा चुनाव 2020



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

बिहार में प्रथम चरण के विधानसभा चुनावों के मतदान में अब ज्यादा दिनों का समय बाकी नहीं है। प्रथम चरण के चुनाव के लिये 28 अक्टूबर को मतदान होगा। बिहार की राजधानी पटना में शनिवार को आगामी विधानसभा के चुनावों को लेकर कांग्रेस की ओर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ मदन मोहन झा समेत अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो कानून (कृषि कानून) लाए गए हैं। वो कृषि कानून एनडीए सरकार द्वारा पूंजीपतियों को लाभ देने के लिये लाये गये हैं। वहीं ये कृषि कानून किसानों को लूटने के लाए गए हैं। भूपेश बघेल ने इसको लेकर एक उदाहरण भी दिया। भूपेश बघेल ने बताया कि प्याज की कीमत है जो तीन महीने पहले 40 रुपये थी। उन्होंने कहा कि वही प्याज की कीमत आज 85 रुपये तक है।

### छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार इस कानून के विरोध में लाने वाली है बिल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि कांग्रेस शासित राज्यों में इस कानून के विरोध में काम किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी पंजाब में कानून के विरोध में बिल लाया गया है। भूपेश बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भी हमारी सरकार बिल लाने वाली है। उन्होंने बताया कि राजस्थान में भी कांग्रेस की सरकार कृषि बिल के खिलाफ बिल लेकर आयेगी।

## मरवाही में ताकत झोंक रहे मंत्री-विधायकों को लौटना पड़ेगा विशेष सत्र के लिए

मरवाही उपचुनाव के अंतिम चरण में जब प्रचार अपने चरम पर होगा, उसी दौरान कांग्रेस विधायकों को विधानसभा सत्र के लिए राजधानी लौटना पड़ेगा। मरवाही चुनाव के नाजुक क्षणों में कांग्रेस का चुनाव प्रचार ऐसे में कमजोर पड़ सकता है। मरवाही चुनाव में कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। यहां पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित प्रदेश के 5 मंत्रियों को प्रभारी बनाया गया है। वहीं सेक्टर प्रभारी के रूप में 50 विधायकों को जिम्मेदारी सौपी गई है। सभी विधायक 4 बूथ के प्रभारी हैं, जो प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। इधर तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में राज्य सरकार विधानसभा का विशेष सत्र 27 और 28 अक्टूबर को बुला रही है। दो दिन के सत्र में शामिल होने के लिए मंत्रियों और विधायकों को मरवाही का चुनाव छोड़कर वापस आना पड़ेगा। सत्र शुरू होने के एक दिन पहले 26 को उन्हें राजधानी पहुंचना होगा और सत्र खत्म होने के बाद 29 को वापस मरवाही पहुंचकर प्रचार संभालेंगे। इन दो दिनों में प्रचार कमजोर होने की पूरी संभावना जताई जा रही है। मरवाही में 3 नवंबर को मतदान होगा, 1 नवंबर को प्रचार थम जाएगा। प्रचार के अंतिम दिनों में राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने पक्ष में करने हर तरह की रणनीति अपनाते हैं। ऐसे में अंतिम चरण में सभी लोगों के लौटने से प्रचार कमजोर होने की आशंका बनी हुई है। पार्टी ने इसे कम करने के लिए विधायकों के साथ ही संगठन के पदाधिकारियों को भी प्रचार के लिए लगाने की रणनीति बनाई है। प्रचार में भाजपा को नहीं पड़ेगा ज्यादा असर मरवाही चुनाव में भाजपा ने पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और भूपेंद्र सवन्नी को चुनाव प्रभारी बनाया है। भाजपा के स्टार प्रचारकों में संगठन के अधिकांश लोग शामिल हैं। वहीं भाजपा के आधा दर्जन विधायक यहां से प्रचार कर लौट चुके हैं। ऐसे में भाजपा को प्रचार में ज्यादा नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा।



## रमन सिंह और धरमलाल कौशिक पीते होंगे शराब: मोहन मरकाम

**रायपुर/पेंड्रा।** मरवाही उपचुनाव के सिलसिले में पेंड्रा पहुंचे छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने एक बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह, नेता प्रतिपक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक शराब पीते होंगे, इसलिए उन्हें मालूम होगा कि शराब किस रेट पर बिक रही है? शराब कैसी है? दरअसल, कुछ दिनों पहले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में शराब बि ी को लेकर एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने निर्धारित दर से ज्यादा दर पर बेचे जाने की बात कही थी। पूर्व मुख्यमंत्री के उस बयान का कांग्रेस के नेताओं ने यह कहकर काउंटर किया कि जो शराब पीता है, वही रेट जानता है। इस पर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हर शिकायतकर्ता शराबी नहीं होता। अब इसी मामले में पेंड्रा में पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भी एक बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि हम शराब पीते नहीं इसलिए हमको मालूम नहीं कि शराब किस रेट में बिक रही है। जो शराब पीते हैं, चाहे वह रमन सिंह हों या धरमलाल लाल कौशिक, उनको ही मालूम होगा कि किस रेट में, कैसी शराब बिक रही है? जो पीता है उसी को मालूम होता है कि शराब कैसी है?

# राजग गठबंधन नहीं ठगबंधन है-बघेल

पायनियर संवाददाता < रायपुर-पटना
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजग गठबंधन को सबसे बड़ा ठगबंधन बताया है। प्रधानमंत्री की चुनावी सभा के बाद बिहार पहुंचे बघेल ने कहा कि कहा पीएम मोदी बिहार आए किसानों के लेकर तीन नए कानून पर उन्होंने कुछ भी नहीं कहा। राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी कहती है यह किसान विरोधी और आम उपभोगता विरोधी बिल है। लेकिन मोदी इसे किसान हितैषी बता कर लोगों को ठग रहे ही। असल में यह कानून उनके कुछ खास मित्र पूंजीपतियों के लिए है। बघेल ने कहा कि नए कानून में सरकार तभी करवाई करेगी जब देश मे युध्द की स्थिति हो अकाल हो या 100 प्रतिशत दाम बढ़ जाए। कानून बने 2 महीने भी नही हुए उसका असर दिखने लगा । प्याज की कीमत 70 से 83 रुपया हो गयी ही जबकि ना तो सूखा है और बारिश भी अच्छी हुई है। प्याज पर सरकार प्राइस सीमित करने की बात इस किये कह रही क्यों कि कई राज्यो चुनाव है। दिखावे के लिए कार्रवाई की जा रही ही। सरकार अपने ही कानून उलंघन कर रही है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि पीएम मोदी की सरकार पुंजिपतियो की सरकार है। वे कांग्रेस मुक्त देश की बात करते है लेकिन उनके असल एजेंडा कांग्रेस मुक्त नही बल्कि कांग्रेस ने जो बनाया उसे मुक्त कर देना है। रेलवे हवाई जहाज को बेच रहे हैं।

# भूपेश कैबिनेट की अहम बैठक 26 को, नए कृषि कानून पर लग सकती है मुहर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में 26 अक्टूबर को भूपेश कैबिनेट की अहम बैठक बुलाई गई है। कैबिनेट में नए कृषि कानून को हरी झंडी दिखाई जाएगी। वहीं 27 अक्टूबर से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। नए कृषि कानून समेत कुछ और विधेयकों के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र 27 और 28 अक्टूबर को होगा। इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई। इस विशेष सत्र को लेकर प्रदेश में पिछले कई दिनों से सियासी उठापटक जारी थी। राजभवन और सरकार के बीच टकराव जैसी स्थिति भी बनी। हालांकि अब भी सत्ता पक्ष और विपक्ष इस विशेष सत्र और कृषि कानून बिल को लेकर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र 27 और 28 अक्टूबर को होने की अधिसूचना जारी हो गई। इस विशेष सत्र में राज्य सरकार नए कृषि संशोधन विधेयक को पारित कराएगी। इधर विशेष सत्र और नए किसान बिल को लेकर भाजपा ने सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि दो नहीं 15 दिन का सत्र बुलाकर सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। वहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विशेष सत्र बुलाने जैसी कोई परिस्थिति नहीं है।










सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403